www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

सत्यमेव जयते

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
ई-संस्करण वार्षिक शुल्क : ₹400/-

वर्ष 1976 से

रोज़गार समाचार

साप्ताहिक

50 वर्ष

खंड-51 अंक-31 पृष्ठ 28 | नई दिल्ली 31 अक्तूबर - 6 नवम्बर 2026 | मूल्य ₹ 12.00 (₹ 530 वार्षिक)

भारत के अंतर्देशीय जलमार्ग
आर्थिक विकास की नई राह

भारत में अंतर्देशीय जल परिवहन नेटवर्क के विस्तार के साथ नदियां व्यापार, संपर्क और सतत विकास के महत्वपूर्ण गलियारों के रूप में उभर रही हैं। आधुनिक नौवहन प्रणालियों, बंदरगाह संबंधी बुनियादी ढांचे और डिजिटल प्रौद्योगिकियों में निवेश से रोज़गार तथा कौशल विकास के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

भारत की नदियों ने सदियों से देश की सभ्यता को आकार और कृषि को सहारा दिया है, और समुदायों को आपस में जोड़ा है। आज, जब देश अधिक कुशल, किफायती और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ परिवहन प्रणाली विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब नदियां एक बार फिर महत्वपूर्ण आर्थिक भूमिका निभा रही हैं। उत्तर में गंगा से लेकर पूर्वोत्तर में ब्रह्मपुत्र और केरल के बैकवाटर तक, अंतर्देशीय जलमार्ग माल और यात्रियों के परिवहन के महत्वपूर्ण मार्ग बनते जा रहे हैं।

सड़क और रेल परिवहन की तुलना में जल परिवहन के महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ हैं, विशेषकर कम माल ढुलाई लागत और अधिक ऊर्जा दक्षता के संदर्भ में। जलमार्ग से एक टन माल की ढुलाई पर आने वाली लागत सड़क परिवहन की लगभग एक-तिहाई और रेल परिवहन की लगभग आधी होती है। इससे कार्बन उत्सर्जन भी काफी कम होता है। उपयुक्त थोक माल की ढुलाई जलमार्गों की ओर स्थानांतरित करके भारत लॉजिस्टिक्स लागत कम कर सकता है। इसके साथ ही, राजमार्गों पर यातायात का दबाव घटा सकता है और अपने समग्र परिवहन नेटवर्क की दक्षता बढ़ा सकता है। इससे सड़कों का उपयोग यात्री परिवहन और समयबद्ध आपूर्ति के लिए अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा, जबकि जलमार्ग लंबी दूरी तक बड़ी मात्रा में माल की ढुलाई में रेलवे के पूरक बन सकेंगे।

भारत ने 23 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 20,187 किलोमीटर लंबे कुल 111 राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किए हैं। इनमें से 32 जलमार्ग वर्तमान में परिचालन में हैं। इनके बढ़ते आर्थिक महत्व का पता माल ढुलाई में हुई उल्लेखनीय वृद्धि से चलता है। अंतर्देशीय जलमार्गों से माल ढुलाई वर्ष 2014-15 के 2.9 करोड़ मीट्रिक टन से बढ़कर 2025-26 में 21.8 करोड़ मीट्रिक टन हो गई। इस दौरान 20.13 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई। यह वृद्धि समुद्री भारत विजन 2030 के अंतर्गत निर्धारित 20 करोड़ मीट्रिक टन के लक्ष्य को पहले ही पार कर चुकी है। इससे माल परिवहन के लिए अंतर्देशीय जलमार्गों के बढ़ते उपयोग और भारत के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में इनके बढ़ते महत्व का पता चलता है।



जल सर्वेक्षण की भूमिका

किसी नदी की सतह शांत और अपरिवर्तित दिखाई दे सकती है, लेकिन पानी के भीतर की परिस्थितियों में काफी बदलाव हो सकता है। रेत के टीले बन सकते हैं, पानी की गहराई कम हो सकती है और नौवहन के लिए उपयुक्त सबसे गहरा जलमार्ग एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित हो सकता है। ये परिवर्तन मालवाहक जलयानों की सुरक्षित आवाजाही को प्रभावित कर सकते हैं। जल सर्वेक्षण (हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण) इन परिस्थितियों को समझने के लिए आवश्यक वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करते हैं। हाइड्रोग्राफी के अंतर्गत जल निकायों की भौतिक विशेषताओं का मापन और मानचित्रण किया जाता है। इनमें पानी की गहराई, नदी तल की संरचना, जल प्रवाह के स्वरूप और नौवहन से जुड़े संभावित जोखिम शामिल हैं। इस जानकारी का उपयोग नौवहन चार्ट तैयार करने, उपयुक्त मार्गों की पहचान करने और बुनियादी ढांचे के विकास की योजना बनाने में किया जाता है।

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) राष्ट्रीय जलमार्गों पर जल सर्वेक्षण करता है। यह नौवहन और जलयान परिवहन के लिए अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास तथा विनियमन का उत्तरदायी वैधानिक संगठन है। इन सर्वेक्षणों में थालवेग सर्वेक्षण शामिल हैं, जिनके माध्यम से नदी के किसी हिस्से में सबसे गहरे जलमार्ग की पहचान और निगरानी की जाती है। इसके अतिरिक्त, टर्मिनल और जेट्टी सर्वेक्षणों के माध्यम से माल प्रबंधन सुविधाओं के आसपास पानी की गहराई और जलयानों के पहुंचने की परिस्थितियों का आकलन किया जाता है।

इस अंक में 1,134+ रिक्तियां

इन सर्वेक्षणों का एक महत्वपूर्ण परिणाम न्यूनतम उपलब्ध गहराई (लीस्ट अवेलेबल डेप्थ-एलएडी) का आकलन है। इसका अर्थ किसी निर्धारित अवधि के दौरान नौवहन के लिए निर्दिष्ट मार्ग में उपलब्ध पानी की न्यूनतम गहराई से है। इससे यह निर्धारित करने में मदद मिलती है कि कोई जलयान पानी में कितनी गहराई तक डूबकर चल सकता है, सुरक्षित रूप से कितना माल ले जा सकता है और कोई विशेष मार्ग नौवहन के लिए उपयुक्त है या नहीं।

जहां तलछट जमा होने के कारण नौवहन योग्य गहराई कम हो जाती है, वहां जमा सामग्री को हटाने और जलमार्ग की गहराई बनाए रखने के लिए ड्रेजिंग की जा सकती है। नियमित सर्वेक्षणों के साथ यह प्रक्रिया जलमार्गों को जलयानों की आवाजाही के लिए उपयुक्त बनाए रखने में मदद करती है। सितंबर 2026 तक स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार 22 राष्ट्रीय जलमार्गों पर साप्ताहिक, पाक्षिक या मासिक अंतराल पर नियमित थालवेग सर्वेक्षण किए जा रहे थे। निगरानी के दायरे में भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग का भारतीय हिस्सा भी शामिल था। यह मार्ग निर्धारित नदी गलियारों के माध्यम से दोनों देशों के बीच माल परिवहन की सुविधा प्रदान करता है।

सुरक्षित नौवहन के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण

नदियों की परिस्थितियों से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी के साथ विश्वसनीय बुनियादी ढांचे की भी आवश्यकता होती है, जो जलयानों को सुरक्षित मार्गों पर चलने में सहायता प्रदान करे। इन सुविधाओं को सामूहिक रूप से नौवहन सहायक उपकरण (एड्स टू नेविगेशन-एटीओएन) कहा जाता है। ये जलयान संचालकों को जलमार्गों की पहचान करने, खतरों को समझने और दृश्यता की अलग-अलग परिस्थितियों में सुरक्षित नौवहन करने में सहायता करते हैं।

नौवहन सहायक उपकरणों में पानी पर तैरने वाले बॉय, जलमार्ग संकेतक, प्रकाशयुक्त बीकन, रडार बीकन और प्रकाशस्तंभ शामिल हैं। उदाहरण के लिए, कोई बॉय नौवहन योग्य मार्ग की सीमा दर्शा सकता है या जलयानों को पानी में डूबी किसी बाधा के प्रति सचेत कर सकता है। प्रकाशयुक्त बीकन विशेष रूप से रात्रिकालीन परिचालन के दौरान दिखाई देने वाला संदर्भ बिंदु प्रदान करता है।

समुद्री नौवहन सहायता अधिनियम, 2021 इन प्रणालियों के लिए वैधानिक ढांचा प्रदान करता है। दीपस्तम्भ और दीपपोत महानिदेशालय (डीजीएलएल), भारत के समुद्र तट के साथ सामान्य नौवहन सहायक उपकरणों के लिए उत्तरदायी है, जबकि आईडब्ल्यूएआई राष्ट्रीय जलमार्गों पर नौवहन सहायक उपकरणों का रखरखाव करता है।

इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण केरल का राष्ट्रीय जलमार्ग-3 है। इसमें कोट्टापुरम और कोल्लम के बीच पश्चिमी तट नहर प्रणाली के साथ चंपक्करा और उद्योगमंडल नहरें शामिल हैं। इस नौवहन योग्य हिस्से में चौबीसों घंटे जलयानों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए सौर ऊर्जा से संचालित, प्रकाशयुक्त फाइबर-प्रबलित प्लास्टिक के 312 बॉय और 17 बीकन लैंप पोस्ट लगाए गए हैं। सौर ऊर्जा से संचालित उपकरणों का उपयोग यह भी दर्शाता है कि आधुनिक नौवहन बुनियादी ढांचा परिचालन दक्षता के साथ स्वच्छ ऊर्जा को किस प्रकार जोड़ सकता है।

ब्रह्मपुत्र नदी पर प्रकाशस्तंभः एक नए अध्याय की शुरुआत

ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर भारत के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन गलियारा है। इस क्षेत्र में दुर्गम भूभाग और लंबी दूरियों के कारण सड़क एवं अन्य स्थलीय परिवहन संपर्क चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। राष्ट्रीय जलमार्ग-2 असम में धुबरी से सादिया तक 891 किलोमीटर की नौवहन योग्य लंबाई में फैला है। यह माल परिवहन, यात्री सेवाओं और पर्यटन गतिविधियों को सहायता प्रदान करता है तथा चाय, कोयला और उर्वरक जैसी वस्तुओं से संबंधित आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए महत्वपूर्ण है। मार्च 2026 में भारत ने ब्रह्मपुत्र पर देश के पहले चार नदी प्रकाशस्तंभ स्थापित करने की घोषणा की। इन्हें पांडु, बोगीबील, सिलघाट और विश्वनाथ घाट पर स्थापित किया जाना है।

शेष पृष्ठ 2 पर

अस्वीकरण

'रोज़गार समाचार', सोशल मीडिया अथवा किसी अन्य अनधिकृत मंच पर प्रसारित भर्ती विज्ञापनों की प्रामाणिकता के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती संबंधी प्रामाणिक जानकारी के लिए केवल एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार के आधिकारिक मुद्रित संस्करण, www.eneversion.nic.in पर उपलब्ध आधिकारिक ई-संस्करण तथा संबंधित भर्ती संस्थानों की आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करें। - संपादक

Follow us @Employ_News
Follow us @EmploymentNews

पृष्ठ 1 का शेष

भारत के अंतर्देशीय जलमार्ग, आर्थिक विकास की नई राह



74 करोड़ रुपये की यह परियोजना चौबीसों घंटे अंतर्देशीय नौवहन को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रत्येक प्रकाशस्तंभ को जमीन से 20 मीटर ऊंचा बनाने की योजना है। इनकी भौगोलिक दृश्यता सीमा 14 समुद्री मील तक और प्रकाश दृश्यता सीमा 8 से 10 समुद्री मील होगी। इनके संचालन में सौर ऊर्जा और मौसम संबंधी अवलोकन सेंसरों का उपयोग किया जाएगा।

इस परियोजना में संग्रहालय, मुक्ताकाशी रंगमंच (एम्फीथिएटर), कैफेटेरिया और सुव्यवस्थित सार्वजनिक हरित स्थल जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं। इस प्रकार नौवहन बुनियादी ढांचे को पर्यटन और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों के अवसरों से जोड़ा जा रहा है। बढ़ते यातायात के संदर्भ में इन निवेशों का महत्व और स्पष्ट हो जाता है। राष्ट्रीय जलमार्ग-2 पर माल ढुलाई वर्ष 2024-25 के 9 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 2025-26 में 12.9 लाख मीट्रिक टन हो गई। बेहतर नौवहन मार्गदर्शन बढ़ते यातायात के साथ परिवहन सेवाओं की विश्वसनीयता सुधारने में मदद कर सकता है।

डिजिटल नौवहन : जलमार्गों को अधिक स्मार्ट बनाना

आधुनिक अंतर्देशीय नौवहन केवल भौतिक बुनियादी ढांचे पर निर्भर नहीं करता, बल्कि सटीक जानकारी की समय पर उपलब्धता भी उतनी ही आवश्यक है। जलयान संचालकों को पानी की उपलब्ध गहराई, अन्य जलयानों की स्थिति, मौजूदा मौसम की परिस्थितियों और मार्ग में संभावित बाधाओं की जानकारी होना जरूरी है। डिजिटल प्रौद्योगिकियां इस जानकारी को एकीकृत करने में मदद कर रही हैं, जिससे नदी परिवहन अधिक सुरक्षित और पूर्वानुमान योग्य बन रहा है। इलेक्ट्रॉनिक नौवहन चार्ट (ईएनसी) जल सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी को डिजिटल मानचित्रों में बदलते हैं, जिनका उपयोग जलयान संचालक मार्ग की योजना बनाने के लिए कर सकते हैं। सितंबर 2026 तक 18 परिचालनरत और ज्वारीय जलमार्गों के लिए इलेक्ट्रॉनिक नौवहन चार्ट तैयार किए जा चुके थे। इसके विपरीत, वर्ष 2014 से पहले ये केवल राष्ट्रीय जलमार्ग-1 पर उपलब्ध थे।

परिसंपत्ति एवं नौवहन सूचना पोर्टल, राष्ट्रीय जलमार्गों, नौवहन मार्गों, टर्मिनलों, जेट्टियों, नदी पार स्थित संरचनाओं और आपातकालीन सेवाओं की जानकारी प्रदान करता है। आईडब्ल्यूएआई वेसल ट्रैकर के साथ मिलकर यह अद्यतन नौवहन मार्गों, पानी की गहराई और जलयानों की स्थिति संबंधी जानकारी तक पहुंच सुनिश्चित करने में मदद करता है। वर्ष 2025 में शुरू की गई एक अन्य पहल नौदर्शिका है, जिसे राष्ट्रीय नदी यातायात एवं नौवहन प्रणाली के रूप में तैयार किया गया है। इसमें न्यूनतम उपलब्ध गहराई की वास्तविक समय की जानकारी शामिल की गई है, ताकि जलयान संचालक नौवहन से संबंधित बेहतर निर्णय ले सकें।

नदी सूचना सेवाएं (आरआईएस) जलयान ट्रैकिंग, संचार प्रणालियों और मौसम संबंधी जानकारी को एकीकृत करके इस डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत बनाती हैं। राष्ट्रीय जलमार्ग-1 पर हल्दिया–फरक्का, फरक्का–पटना और पटना–वाराणसी खंडों में आरआईएस लागू की गई है। इस नेटवर्क में चार नियंत्रण केंद्र और 13 बेस स्टेशन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, स्वचालित पहचान प्रणाली (एआईएस) उपकरण, अति उच्च आवृत्ति (वीएचएफ) संचार सुविधाएं और मौसम सेंसर भी उपलब्ध हैं।

ये प्रणालियां सामूहिक रूप से नदी नौवहन को मुख्यतः अनुभव पर आधारित गतिविधि से अधिक सूचना-आधारित परिवहन सेवा में बदल रही हैं। बेहतर जानकारी परिचालन संबंधी अनिश्चितताओं को कम कर सकती है, समय पर निर्णय लेने में सहायता प्रदान कर सकती है और व्यावसायिक संचालकों के लिए जलमार्गों को अधिक आकर्षक बना सकती है।

जलमार्गों को व्यापक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क से जोड़ना

अंतर्देशीय जलमार्गों का आर्थिक महत्व तब बढ़ जाता है, जब उन्हें सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और औद्योगिक केंद्रों से प्रभावी ढंग से जोड़ा जाता है। कोई मालवाहक जलयान नदी के लंबे हिस्से में माल का परिवहन कर सकता है, लेकिन अंततः उस माल को किसी कारखाने, गोदाम, बाजार या उपभोक्ता तक पहुंचना होता है। इसलिए बहुविध परिवहन बुनियादी ढांचा आवश्यक है। गंगा–भागीरथी–हुगली नदी प्रणाली पर राष्ट्रीय जलमार्ग-1 के अंतर्गत कार्यान्वित जल मार्ग विकास परियोजना इस दृष्टिकोण का उदाहरण है। इसका उद्देश्य नौवहन क्षमता को मजबूत करने के साथ ऐसा बुनियादी ढांचा विकसित करना है, जिससे विभिन्न परिवहन माध्यमों के बीच माल की आवाजाही संभव हो सके।

इस परियोजना के अंतर्गत वाराणसी, साहिबगंज और हल्दिया में मल्टीमॉडल टर्मिनल विकसित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कालूघाट में एक इंटरमॉडल टर्मिनल और फरक्का में नया नौवहन लॉक विकसित किया गया है। नदी किनारे स्थित बस्तियों की पहुंच बेहतर बनाने के लिए सामुदायिक जेट्टियां भी विकसित की गई हैं। इन सुविधाओं का व्यापक आर्थिक महत्व है। कोयला, खनिज, निर्माण सामग्री और उर्वरक जैसी वस्तुओं का परिवहन करने वाले उद्योगों के लिए विश्वसनीय जल परिवहन माल ढुलाई का एक अतिरिक्त विकल्प प्रदान कर सकता है। वहीं, नदी किनारे रहने वाले किसानों, मछुआरा समुदायों और छोटे व्यवसायों के लिए बेहतर जेट्टियां और परिवहन संपर्क बाजारों तक पहुंच आसान बना सकते हैं।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने अंतर्देशीय जलमार्गों से परिवहन की जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में कोयला, लौह अयस्क, कंटेनरों में बंद माल और सामान्य माल, खनिज, निर्माण सामग्री, फ्लाई ऐश तथा पेट्रोलियम उत्पादों को शामिल किया है। इस प्रकार एक कुशल अंतर्देशीय जलमार्ग नेटवर्क अधिक संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के साथ औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता में भी योगदान दे सकता है।

जलमार्गों के अधिक उपयोग को प्रोत्साहन

अंतर्देशीय जल परिवहन के विस्तार के लिए बुनियादी ढांचे के विकास के साथ व्यावसायिक भागीदारी भी आवश्यक है। सरकार ने माल के मालिकों, लॉजिस्टिक्स संचालकों और निजी निवेशकों को राष्ट्रीय जलमार्गों के उपयोग तथा विकास के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न उपाय शुरू किए हैं। माल ढुलाई को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई जलवाहक योजना के अंतर्गत जलमार्गों से की जाने वाली यात्राओं पर पात्र परिचालन व्यय का 35 प्रतिशत तक वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। ऐसे प्रोत्साहन व्यवसायों को पारंपरिक माल ढुलाई मार्गों के विकल्प के रूप में अंतर्देशीय जल परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

'राष्ट्रीय जलमार्ग (जेट्टियों/टर्मिनलों का निर्माण) विनियम, 2025' टर्मिनलों के विकास और संचालन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को सुगम बनाते हैं। जल समृद्धि पोर्टल आवश्यक अनुमतियों के लिए आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्रदान करता है, जिससे बुनियादी ढांचे के विकास की प्रक्रिया सरल बनाने में मदद मिलती है। सरकार टर्मिनलों के संचालन और रखरखाव में सार्वजनिक-निजी भागीदारी को भी बढ़ावा दे रही है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए समुद्री अमृत काल विजन 2047 में कुल माल ढुलाई में अंतर्देशीय जल परिवहन की हिस्सेदारी लगभग 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 2047 तक जलमार्गों से माल परिवहन 50 करोड़ मीट्रिक टन से अधिक होने की अपेक्षा है। इसके साथ ही परिचालनरत राष्ट्रीय जलमार्गों की संख्या 50 से अधिक करने का भी लक्ष्य है।

ये लक्ष्य दर्शाते हैं कि अंतर्देशीय जलमार्गों को सड़क और रेल परिवहन के विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि एकीकृत राष्ट्रीय परिवहन प्रणाली के महत्वपूर्ण घटक के रूप में विकसित किया जा रहा है।

रोज़गार और कौशल विकास के अवसर

अंतर्देशीय जलमार्गों के विस्तार का रोजगार के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। आधुनिक जल परिवहन नेटवर्क के विकास और संचालन के लिए इंजीनियरिंग, नौवहन, लॉजिस्टिक्स, प्रौद्योगिकी तथा बुनियादी ढांचा प्रबंधन में दक्ष पेशेवरों की आवश्यकता होती है। जल सर्वेक्षण से सर्वेक्षकों, हाइड्रोग्राफरों, भू-स्थानिक विशेषज्ञों और ऐसे तकनीकी कर्मियों की मांग पैदा होती है, जो नदियों की परिस्थितियों का मापन कर सकें और नौवहन चार्ट तैयार कर सकें। नौवहन मार्गों के विकास और ड्रेजिंग के लिए सिविल तथा समुद्री इंजीनियरों, ड्रेजर संचालकों, तकनीशियनों और रखरखाव कर्मियों की आवश्यकता होती है। टर्मिनलों और जेट्टियों के निर्माण तथा संचालन से माल प्रबंधन, भंडारण, उपकरणों के रखरखाव, परिवहन समन्वय और लॉजिस्टिक्स प्रबंधन में अवसर पैदा हो सकते हैं।



डिजिटल नौवहन के विस्तार के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित मानचित्रण और जलयान यातायात निगरानी के क्षेत्र में भी पेशेवरों के लिए अवसर उभर सकते हैं। नदी क्रूज पर्यटन, यात्री नौका सेवाएं, जलयान निर्माण और पोत मरम्मत कुशल तथा अर्धकुशल श्रमिकों के लिए रोजगार के अतिरिक्त अवसर प्रदान करते हैं।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने विशेष रूप से नदी क्रूज पर्यटन, जलयान डिजाइन एवं संचालन, टर्मिनल निर्माण, रखरखाव संबंधी ड्रेजिंग, नौवहन सहायक उपकरण, नदी इंजीनियरिंग और जल विज्ञान को रोजगार तथा कौशल विकास की संभावनाओं वाले क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किया है।

रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए प्रासंगिक शैक्षणिक विकल्पों में सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और समुद्री इंजीनियरिंग; भूगोल और भू-स्थानिक अध्ययन; लॉजिस्टिक्स तथा आपूर्ति शृंखला प्रबंधन; और जलयान एवं टर्मिनल संचालन से संबंधित व्यावसायिक प्रशिक्षण शामिल हैं। सरकारी कौशल विकास कार्यक्रमों में जलयान संचालकों, बंदरगाह सिग्नल कर्मियों और लॉजिस्टिक्स कर्मियों सहित समुद्री क्षेत्र से संबंधित व्यवसाय भी शामिल हैं।

प्रशिक्षण संस्थानों और विशेष कौशल केंद्रों का प्रस्तावित विकास इस विस्तारित होते क्षेत्र के लिए आवश्यक कार्यबल तैयार करने में मदद कर सकता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन लाभों का दायरा केवल बड़े परिवहन केंद्रों तक सीमित रहना जरूरी नहीं है। बेहतर नदी संपर्क स्थानीय नाव संचालकों, छोटे व्यापारियों, पर्यटन उद्यमों और सेवा प्रदाताओं को भी सहायता प्रदान कर सकता है। इससे राष्ट्रीय जलमार्गों के किनारे स्थित समुदायों में आजीविका के अवसर पैदा हो सकते हैं।

संधारणीय और बेहतर संपर्क वाले भविष्य की ओर

भारत में अंतर्देशीय जलमार्गों का विकास देश की परिवहन योजना संबंधी सोच में व्यापक बदलाव को दर्शाता है। नदियों को अब केवल प्राकृतिक संसाधनों के रूप में नहीं, बल्कि उत्पादन केंद्रों, बाजारों और समुदायों को जोड़ने में सक्षम आर्थिक गलियारों के रूप में भी देखा जा रहा है। इनकी दीर्घकालिक सफलता नौवहन के लिए विश्वसनीय जल गहराई बनाए रखने, अन्य परिवहन माध्यमों के साथ संपर्क मजबूत करने, सुरक्षा सुनिश्चित करने, व्यावसायिक उपयोग को प्रोत्साहित करने और पर्यावरण संबंधी चिंताओं का समाधान करने पर निर्भर करेगी। जल सर्वेक्षण, नौवहन सहायक उपकरणों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और कुशल मानव संसाधन में निरंतर निवेश आवश्यक होगा।

माल ढुलाई बढ़ने और नए बुनियादी ढांचे के विकसित होने के साथ अंतर्देशीय जलमार्ग भारत के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को अधिक कुशल बनाने, सड़कों और रेलवे पर दबाव कम करने, क्षेत्रीय संपर्क मजबूत करने तथा रोजगार को बढ़ावा देने की क्षमता रखते हैं। देश की नदी प्रणालियों को आधुनिक प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे से जोड़कर भारत एक अधिक एकीकृत, सुदृढ़ और टिकाऊ परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रख रहा है।

(पीआईबी से प्राप्त इनपुट के साथ ईएन टीम द्वारा संकलित लेख)

रोज़गार समाचार

अम्बरीष बी. किशोर
मुख्य संपादक

रहीसुद्दीन रिहान
संपादक

अक्षित मलिक
उप-संपादक (विज्ञापन)

मिहिर कुमार बासु
उत्पादन अधिकारी

शशि प्रकाश सिंह
सहायक निदेशक (उत्पादन)

अभिषेक चतुर्वेदी
संपादक (प्रसार)

पता : रोज़गार समाचार, सातवां तल,
सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,
लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
विज्ञापन :
sec-advertise-moib@gov.in
प्रसार और शिकायत
en-support@gov.in
संपादकीय : 011-24369426
विज्ञापन : 011-24369429/30
प्रसार : 011-24044000/24044001
लेखा (विज्ञा.) : 011-24369419

टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान
Tata Institute of Fundamental Research

होमी भाभा रोड, कुलाबा, मुंबई- 400005

Homi Bhabha Road, Colaba, Mumbai-400 005

भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग की स्वायत्त संस्था एवं समविश्वविद्यालय

An Autonomous Institution of the Department of Atomic Energy of Government of India and a Deemed to be University

विज्ञापन संख्या 2026/30

मुंबई में स्थित निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं.

क्र. सं.	पद का नाम	आरक्षण					7वें सीपीसी मैट्रिक्स के अनुसार वेतन स्तर और वेतन चरण	कुल मासिक परिलब्धियां (रु.)
		अ ना	अ जा	अज जा	अपि व	ईडब्ल्यू एस		
1.	वैज्ञानिक अधिकारी (D)	1					पे लेवल 11 स्टेज 1	1,40,150 रुपये
2.	वैज्ञानिक अधिकारी (D)	1					पे लेवल 11 स्टेज 1	1,40,150 रुपये
3.	वैज्ञानिक सहायक (B)					1	पे लेवल 6 स्टेज 1	73,020 रुपये
4.	वैज्ञानिक सहायक (B)	1					पे लेवल 6 स्टेज 1	73,020 रुपये
5.	ट्रेड्समैन (टर्नर)	1	1				पे लेवल 3 स्टेज 1	46,990 रुपये
6.	क्लर्क	1					पे लेवल 3 स्टेज 1	46,990 रुपये
7.	वर्क असिस्टेंट (सहायक)	1					पे लेवल 1 स्टेज 1	36,360 रुपये
8.	वर्क असिस्टेंट (तकनीकी) (फिटर)					1	पे लेवल 1 स्टेज 1	36,360 रुपये

संक्षिप्त रूपः अना - अनारक्षित; अजा - अनुसूचित जाति; **अजजा** - अनुसूचित जनजाति; **अपिव** - अन्य पिछड़ा वर्ग; **ईडब्ल्यूएस** - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; **पीडब्ल्यूबीडी** - बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति.

आवेदन केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे.

अजा / अजजा / अपिव / पीडब्ल्यूबीडी / ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार सामान्य (अनारक्षित) पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं. अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले अजा, अजजा और अपिव उम्मीदवार आयु में छूट के पात्र नहीं हैं और उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना होगा.

ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथिः विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 25 दिन. आयु, योग्यता, अनुभव, सामान्य जानकारी, ऑनलाइन आवेदन जमा करने के विवरण और आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने (यदि कोई हो) के बारे में जानने के लिए, कृपया वेबसाइट **http://www.tifr.res.in/positions** पर जाएं. इस विज्ञापन में कोई सुधार होने पर, और ऊपर बताए गए पदों के परिणाम केवल संस्थान की वेबसाइट **http://www.tifr.res.in/positions** पर ही प्रदर्शित किए जाएंगे.

EN 31/72

रजिस्ट्रार, टीआईएफआर

भारतीय भूचुंबकत्व संस्थान

(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय)

प्लाट नं. 5, सेक्टर-18, कलंबोली हाइवे, न्यू पनवेल, नवी मुंबई-410218

विज्ञापन संख्याः 06/IIG/HRD/2026

भारतीय भूचुम्बकत्व संस्थान, भूचुम्बकत्व एवं इससे संबद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान कार्यक्रम संचालित करने वाला एक अग्रणी अनुसंधान संस्थान है.

संस्थान में निम्नलिखित रिक्त पदों के लिए निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैंः

क्र.	पद का नाम	7वें सीपीसी के अनुसार पे मैट्रिक्स स्तर में पे लेवल	रिक्तियों की संख्या*	श्रेणी
101	सहायक प्रोफेसर ग्रेड-I (भूविज्ञान)	लेवल-11	01	अनारक्षित
102	सहायक प्रोफेसर ग्रेड-II (भूविज्ञान)	लेवल-10	01	अनारक्षित
103	सहायक प्रोफेसर ग्रेड-II (भू-भौतिक विज्ञान)	लेवल-10	01	अनारक्षित - दिव्यांग व्यक्ति
104	कनिष्ठ अधीक्षक	लेवल-06	01	अनारक्षित- दिव्यांग व्यक्ति
105	आशुलिपिक ग्रेड-I (प्रतिनियुक्ति)	लेवल-06	01	अनारक्षित
106	तकनीकी सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स)	लेवल-05	01	अनारक्षित
107	तकनीकी सहायक (पुस्तकालय विज्ञान)	लेवल-05	01	अनुसूचित जाति - दिव्यांग व्यक्ति
108	वरिष्ठ प्रशासनिक सहायक	लेवल-04	01	अन्य पिछड़ा वर्ग-दिव्यांग व्यक्ति

* संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है

ऑनलाइन आवेदन शुरू होने की तिथि 16 अक्टूबर, 2026 है.

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 नवंबर, 2026 है.

ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि **16 नवंबर, 2026 को शाम 5:00 बजे तक** है.

विवरण के लिए संस्थान की वेबसाइट **https://iigm.res.in/careers/positionvacancies** देखें.

EN 31/45

रजिस्ट्रार

सं. ए-35020/04/2024-प्रशा.II

संघ लोक सेवा आयोग

धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069

दिनांकः 19.10.2026

रिक्ति परिपत्र

संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-6 (रु.35400-112400) में ज्येष्ठ स्वागत और नयाचार अधिकारी (साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', अराजपत्रित, अननुसचिवीय) के 02 पदों को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरे जाने के संबंध में.

संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-6 (रु.35400-112400) में ज्येष्ठ स्वागत और नयाचार अधिकारी (साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', अराजपत्रित, अननुसचितीय) के 02 पदों को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरे जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है.

2. विवरण यथा सामान्य शर्तें, पात्रता मानदंड, आयु सीमा, आवेदन पत्र का प्रपत्र आदि संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट अर्थात् **http://www.upsc.gov.in/vacancy-circulars** पर उपलब्ध हैं.

(अपर्णा श्रीवास्तव)
अवर सचिव (प्रशा.II)
संघ लोक सेवा आयोग
दूरभाष संख्या 011-23388476

EN 31/54

संघ लोक सेवा आयोग

सम्मिलित भू-वैज्ञानिक परीक्षा, 2026 के अंतिम परिणाम की घोषणा के संबंध में प्रेस नोट

संघ लोक सेवा आयोग ने **16/10/2026** को सम्मिलित भू-वैज्ञानिक परीक्षा, 2026 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है. प्रेस नोट की प्रति सहित नियुक्ति हेतु अनुशंसित उम्मीदवारों के परिणाम की योग्यताक्रम में सूची आयोग की वेबसाइट **www.upsc.gov.in** पर उपलब्ध है.

संघ लोक सेवा आयोग के परिसर में एक "सुविधा केन्द्र" है. उम्मीदवार इस केन्द्र से अपनी परीक्षा/भर्ती के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी/स्पष्टीकरण कार्य दिवसों में प्रातः **09.00 बजे से सायं 08.00 बजे** तक स्वयं आकर अथवा दूरभाष संख्या 011-40303444/24041001 से प्राप्त कर सकते हैं. उम्मीदवारों के अंक, परिणाम के प्रकाशन की तारीख से पंद्रह दिन के भीतर आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे.

EN 31/40

कृषि अर्थशास्त्र संभाग
Division of Agricultural Economics

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012

ICAR-Indian Agricultural Research Institute, New Delhi-110012

सं. Agri. Eco/2026/ दिनांकः 22/10/2026

ऑनलाइन साक्षात्कार

"फसली पौधों में ट्रांसलेशनल जीनोमिक्स संबंधी भाकृअनुप-नेटवर्क परियोजना (टीजीसीपी) के अंतर्गत लक्षित फसलों में हितधारकों की प्राथमिकताओं का आर्थिक सर्वेक्षण" शीर्षक वाली परियोजना के अंतर्गत एक (01) यंग प्रोफेशनल-II (वाईपी-II) की नियुक्ति के लिए **25.11.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे** से केवल ऑनलाइन माध्यम से आयोजित होने वाले ऑनलाइन साक्षात्कार में भाग लेने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. अपेक्षित योग्यता पूरी करने वाले इच्छुक उम्मीदवार प्रमाण-पत्रों, अंकतालिका तथा अनुभव प्रमाण-पत्र आदि की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ अपना आवेदन एकल फाइल में ई-मेल **agecon81@gmail.com** पर अधिकतम **23.11.2026** तक भेज सकते हैं. पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. साक्षात्कार **25.11.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे** से ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा. पात्रता संबंधी विवरण के लिए भाकृअनुसं की वेबसाइट **https://www.iari.res.in** देखें.

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

EN 31/76

तमिलनाडु राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय

(तमिलनाडु अधिनियम सं. 9, 2012 द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय)

नवलुरकुट्टपट्टू, डिंडीगुल मेन रोड,
तिरुचिरापल्ली - 620 027, तमिलनाडु, भारत
दूरभाष: **91500 20866**
ई-मेल: **noscsc@tnnlu.ac.in**
वेबसाइट: **www.tnnlu.ac.in**

कुलपति के पद के लिए आवेदन/नामांकन आमंत्रित

तमिलनाडु राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय अधिनियम, 2012 के अंतर्गत गठित खोज-सह-चयन समिति, कुलपति के पद पर नियुक्ति के लिए विधि के क्षेत्र के प्रख्यात शिक्षाविदों से आवेदन/नामांकन आमंत्रित करती है. आवेदन/नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि **16.11.2026** है. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया **tnnlu.ac.in** देखें.

दिनांक: 16.10.2026

खोज-सह-चयन समिति
कुलसचिव
तमिलनाडु राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय
तिरुचिरापल्ली - 620 027

EN 31/75

एनएचपीसी NHPC एक नवरत्न कंपनी

एनएचपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
पंजी. कार्या. : एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा)
CIN No.-L40101HR1975GOI032564

Great Place To Work Certified

एनएचपीसी के साथ रोमांचक चुनौतियों को अपनाने के लिए आगे आएं...

एनएचसीपी लिमिटेड को अनुबंध के आधार पर "सलाहकार (सेफ्टी)" के रूप में सेवानिवृत्त अधिकारी की सेवाओं की आवश्यकता है

विज्ञापन सं. :- एनएच/टीए/04/2026



एनएचसीपी लिमिटेड भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम है। यह जलविद्युत विकास के लिए भारत का एक प्रमुख संगठन है, जिसके पास जलविद्युत परियोजनाओं की 'परिकल्पना से लेकर उसे चालू करने' तक की सभी गतिविधियों को पूरा करने की क्षमताएं हैं। एनएचसीपी ने सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में भी अपना विस्तार किया है। यह कंपनी 01.09.2009 से NSE और BSE पर सूचीबद्ध है और इसकी अधिकृत शेयर पूंजी 17,500 करोड़ रुपये है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 3,618 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। एनएचसीपी लिमिटेड की वर्तमान में 31 पावर स्टेशनों से 9332.90 मेगावाट की स्थापित क्षमता है।

एनएचसीपी को एक ऐसे सेवानिवृत्त अधिकारी की सेवाओं की सलाहकार (सेफ्टी) के रूप में आवश्यकता है, जो पावर सेक्टर/माइनिंग सेक्टर/इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स/सरकारी क्षेत्र/राज्य विभाग में सेफ्टी प्रबंधन में अनुभव के साथ वरिष्ठ प्रबंधन के स्तर पर अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त हुआ हो और जिसका पद महाप्रबंधक के स्तर से कम न हो (न्यूनतम E-8 या समकक्ष/वेतन मैट्रिक्स स्तर 14 से कम न हो)।

पूर्ण विवरण के लिए, कृपया एनएचसीपी की वेबसाइट www.nhpcindia.com के 'Career' अनुभाग पर जाएँ।

आवेदन की हार्डकॉपी प्राप्त होने की अंतिम तिथि
23 नवंबर, 2026 (05:00 सायं)

वेबसाइट : http://www.nhpcindia.com/career.htm देखें।
आवेदन का केवल ऑनलाइन मोड स्वीकार्य है।

www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @NHPCLimitedIT NHPC Limited

CBC 34128/15/0004/2627

EN 31/38

भारत सरकार/Government of India
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय/Ministry of Development of NER

उत्तर पूर्वी परिषद् सचिवालय
North Eastern Council Secretariat

प्रशासन अनुभाग/Administration Section
नांग्रिम हिल्स, शिलांग/Nongrim Hills, Shillong-793003
वेबसाइट: https://necouncil.gov.in

कंप्यूटर संख्या: 3964 दिनांक: 12 अक्टूबर, 2026

पूर्वोत्तर परिषद सचिवालय को **'अनुसंधान अधिकारी (उद्योग)' के 01 (एक) पद** को भरने के लिए एक उपयुक्त अधिकारी की आवश्यकता है. यह नियुक्ति (i) प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित); **या** (ii) प्रतिनियुक्ति अथवा पुनर्नियोजन (सशस्त्र बलों के कर्मियों के लिए) के आधार पर, भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी. प्रतिनियुक्ति के वेतन और अन्य नियम व शर्तें, समय-समय पर संशोधित DOPT के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-Estt.(Pay-II) दिनांक 17.06.2010 के अनुसार विनियमित होंगी. कैडर प्राधिकरणों/विभाग प्रमुखों से अनुरोध है कि वे पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन, जिन्हें प्रतिनियुक्ति पर भेजा जा सकता है, 'रोजगार समाचार' में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तिथि से **60 दिनों के भीतर** अग्रेषित करें. पद का विवरण, पात्रता मानदंड, कार्य संबंधी आवश्यकताएं, आयु सीमा, योग्यता और अनुभव संबंधी जानकारी नीचे **'अनुलग्नक-I'** में दी गई है. आवेदन पत्र/बायोडाटा प्रारूप (**अनुलग्नक-II**) और अन्य आवश्यक जानकारी के लिए, उम्मीदवार पूर्वोत्तर परिषद की वेबसाइट **https://necouncil.gov.in** पर जाकर इसे डाउनलोड कर सकते हैं.

आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची:

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन- अनुबंध-II, जिसे पूरी तरह भरा गया हो, उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षरित हो, और कैडर/नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित व मुहरबंद हो.
2. पिछले 5 (पाँच) वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट की सत्यापित प्रतियां; प्रत्येक पृष्ठ पर भारत सरकार के **'अवर सचिव'** या समकक्ष रैंक के अधिकारी की मुहर और हस्ताक्षर होने चाहिए.
3. सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र.
4. सतर्कता समाशोधन.
5. सेवा के पिछले 10 वर्षों के लिए 'बड़े या छोटे दंड' संबंधी प्रमाण पत्र.
6. कैडर समाशोधन प्रमाण पत्र.
7. इस आशय का प्रमाण पत्र कि उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी की जांच कर ली गई है और सेवा रिकॉर्ड के अनुसार सही पाई गई है.
8. शैक्षिक योग्यताओं के प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित प्रति.

(एल. एस. गांगटे) (L. S. Gangte)
निदेशक (प्रशासन) /Director (Admn.)
उत्तर पूर्वी परिषद् सचिवालय /NEC Secretariat,
नांग्रिम हिल्स, शिलांग /Nongrim Hills Shillong: 793003

अनुलग्नक-I

1	(क)	पद का नाम:	अनुसंधान अधिकारी (उद्योग)
	(ख)	पदों की संख्या	1 (एक)
	(ग)	वेतनमान	मैट्रिक्स में स्तर-10 (56100-177500 रुपये)
	(घ)	भर्ती विधि एवं पात्रता मानदंड	**प्रतिनियुक्ति द्वारा (अल्पकालिक अनुबंध सहित):-** (i) केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन, स्वायत्त निकाय, वैधानिक संगठन, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी,-
		(क) (i)	मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर समरूप पद धारण करना; **या**
		(ii)	मूल कैडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (53100-167800 रुपये) के स्तर-9 में या समकक्ष पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में दो वर्ष की सेवा पूरी करना; **या**
		(iii)	मूल कैडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (47600-151100 रुपये) के स्तर-8 में या समकक्ष पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में चार वर्ष की सेवा पूरी करना; **और**
		(b)	**निम्नलिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव होना; अर्थात**
		(i)	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त संस्थान से स्नातक की डिग्री; **और**
		(ii)	उद्योगों के संवर्धन और विकास में पांच वर्ष का अनुभव.
			नोट 1: प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) की अवधि, जिसमें केंद्र सरकार के इसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य गैर-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी. **नोट 2:** प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी. **(ii) प्रतिनियुक्ति या पुनर्नियोजन (सशस्त्र बल कर्मियों के लिए):** लेफ्टिनेंट या समकक्ष रैंक के सशस्त्र बल कर्मी जो एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं या रिजर्व में स्थानांतरित होने वाले हैं और जिनके पास प्रतिनियुक्ति के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव है, उन्हें भी प्रतिनियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा. यदि चयनित होते हैं, तो ऐसे अधिकारियों को सशस्त्र बलों से उनकी मुक्ति की तिथि तक प्रतिनियुक्ति की शर्तें दी जाएंगी और उसके बाद उन्हें पुनर्नियोजन की शर्तों पर जारी रखा जा सकता है. यदि ऐसे पात्र अधिकारी पद के लिए वास्तविक चयन से पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं या आरक्षित क्षेत्र में स्थानांतरित हो चुके हैं, तो उनकी नियुक्ति पुनर्नियोजन शर्तों पर होगी. (नागरिक लागत के संदर्भ में सेवानिवृत्ति की आयु तक पुनर्नियोजन.)
	(ङ)	कार्य विवरण	उत्तर पूर्वी क्षेत्र में उद्योगों के संवर्धन और विकास से संबंधित मामलों को संभालना और उद्योग एवं संबद्ध मामलों में निदेशक (पर्यटन एवं उद्योग) की सहायता करना.

नोट: उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

EN 31/68

राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (दिव्यांगजन)
NATIONAL INSTITUTE FOR THE EMPOWERMENT OF PERSONS WITH INTELLECTUAL DISABILITIES (DIVYANGJAN), SECUNDERABAD
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार
Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan)
Ministry of Social Justice & Empowerment, Govt. of India
मनोविकास नगर, सिकंदराबाद / Manovikas Nagar, Secunderabad - 500 009

रोजगार सूचना सं. 04/2026

एनआईईपीआईडी निम्नलिखित नियमित रिक्तियों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	श्रेणी
01	पुनर्वास मनोविज्ञान में व्याख्याता, स्तर-10	01	ईडब्ल्यूएस-दिव्यांगजन
02	विशेष शिक्षा में व्याख्याता, स्तर-10	01	अनुसूचित जनजाति
03	पुनर्वास अधिकारी, स्तर-6	01	अनारक्षित
04	व्यावसायिक प्रशिक्षक, स्तर-6	01	अनारक्षित

एनआईईपीआईडी, सिकंदराबाद स्थित क्रॉस डिसेबिलिटी प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (सीडीईआईसी) सहित विभिन्न संविदात्मक पदों तथा नोएडा स्थित इसके क्षेत्रीय केंद्र और दावणगेरे-कर्नाटक, नेल्लोर-आंध्र प्रदेश तथा राजनांदगांव-छत्तीसगढ़ स्थित इसके समेकित क्षेत्रीय केंद्रों के लिए भी पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है. पूरे विवरण और आवेदन-पत्र डाउनलोड करने के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट **www.niepid.nic.in** देखें.

नियमित पदों और संविदात्मक पदों (सीडीईआईसी सहित) के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख **07/12/2026** है. उपर्युक्त अधिसूचना में कोई भी संशोधन/शुद्धिपत्र केवल संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा.

EN 31/62 **निदेशक**

पर्यावरण विज्ञान संभाग
Division of Environmental Sciences

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
नई दिल्ली-110012

ICAR-Indian Agricultural Research Institute
New Delhi-110012

प्रोजेक्ट कोड 79-241 के तहत **वाई.पी.-1 (3 no.)**; लैब और **फील्ड अटेंडेंट (4 no.)** को भरने के लिए वॉक्-इन इंटरव्यू पर्यावरण विज्ञान विभाग, आई.सी.ए.आर.-आई.ए.आर.आई., नई दिल्ली-110012 में **14.12.2026** को आयोजित किया जाएगा. पदवार पात्रता, वांछनीय योग्यता/अनुभव और अन्य जानकारी के विवरण के लिए, कृपया संस्थान की वेबसाइट: **www.iari.res.in** पर लेटेस्ट अपडेट टैब, संविदात्मक नौकरी पृष्ठ पर जाएं. इच्छुक पात्र उम्मीदवार **"अनुलग्नक-I"** पर निर्धारित आवेदन को घोषणा पत्र **"अनुलग्नक-II"** के साथ पूरा कर सकते हैं और **14.12.2026** को होने वाले वॉक्-इन इंटरव्यू के समय शैक्षिक योग्यता, प्रशिक्षण, शोध प्रबंध और अनुभव के साथ प्रमाण पत्र/दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से आ सकते हैं.

(ए. ए. ओ., **पर्यावरण विज्ञान विभाग**, भाकृअनुप-आईएआरआई
EN 31/70 नई दिल्ली-110012)


भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान

पूसा, नई दिल्ली-110012

यंग प्रोफेशनल-II पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

जैव रसायन संभाग, भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में मिलेट्स पर जीसीओई परियोजना (कोड 12-258) (पी आई: डॉ. आर.आर. कुमार) के अंतर्गत **यंग प्रोफेशनल-II** के एक अस्थायी पद के लिए **20 नवंबर, 2026** को वॉक्-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की वेबसाइट **www.iari.res.in** देखें.

EN 31/51



सैनिक स्कूल नागरोटा-जम्मू (जम्मू-कश्मीर)-181221

(सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक आवासीय विद्यालय)

भर्ती

1. सैनिक विद्यालय नागरोटा नियमित और अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए पात्र और उपयुक्त उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है, जिनका विवरण प्रत्येक पद के सामने दिया गया है. अनुबंध आधारित पद प्रारंभिक रूप से एक वर्ष की अवधि (11 सेवा माह और 1 माह का अवकाश) के लिए होंगे, जिन्हें संतोषजनक कार्य निष्पादन और संस्थागत आवश्यकताओं के अधीन अधिकतम तीन वर्ष की अवधि तक वार्षिक रूप से बढ़ाया जा सकता है:

क्र.सं.	पद का नाम, आयु सीमा, रिक्तियां और वेतन स्तर	पात्रता
(ए)	**टीजीटी (कंप्यूटर विज्ञान) X 01** (नियमित) **आयु:** आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए. **अना श्रेणी** **वेतन स्तर:** वेतन मैट्रिक्स स्तर-7 (रु. 44,900/- से रु. 1,42,400/-) 7वें सीपीसी के अनुसार + सैनिक स्कूल सोसायटी के नियमों और विनियमों के अनुसार महंगाई भत्ता और अन्य भत्ते, किराए से मुक्त उपयुक्त आवास और कैडेटों के साथ मुफ्त भोजन.	**अनिवार्य:** 1. किसी मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से कम से कम 50% अंकों के साथ कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक की डिग्री (बीसीए). **अथवा** किसी मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान/आईटी में स्नातक की डिग्री, जिसमें संबंधित विषय में कम से कम 50% अंक और कुल मिलाकर भी 50% अंक होने चाहिए, बशर्ते कि कंप्यूटर विज्ञान विषय को सभी वर्षों में मुख्य विषय के रूप में पढ़ा गया हो. **अथवा** मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी में बी.ई./बी.टेक. की डिग्री कम से कम 50% अंकों के साथ. 2. केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित सीबीएसई द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा-II (सीटीई-II) या राज्य सरकार द्वारा आयोजित राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) में एनसीटीई द्वारा इस उद्देश्य के लिए तैयार किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार उत्तीर्ण होना चाहिए. 3. एनसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से शिक्षा में स्नातक की डिग्री, जिसमें कम से कम 50% अंक हों. **अथवा** एनसीटीई से मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से तीन वर्षीय एकीकृत बी.एड.-एम.एड. की डिग्री, जिसमें कम से कम 50% अंक हों. **अथवा** एनसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से कम से कम 50% अंकों के साथ चार वर्षीय एकीकृत डिग्री, जिसमें बी.एड. घटक शामिल हो. **वांछनीय:** 1. स्नातकोत्तर डिग्री या कोई अन्य उच्च योग्यता होना. 2. नेटवर्किंग/आईटी/एआई और मशीन लर्निंग में कंप्यूटर कोर्स में अतिरिक्त योग्यता. 3. अंग्रेजी माध्यम के आवासीय विद्यालय/अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में पढ़ाने का अनुभव. 4. अंग्रेजी भाषा में दक्षता. 5. खेलों/खेलकूद/अन्य बाहरी गतिविधियों में निपुणता. 6. संगीत/सार्वजनिक भाषण/ललित कला आदि में प्रतिभा.
(बी)	**आर्ट मास्टर X 01 (अनुबंधात्मक)** **आयु:** आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए. **अना श्रेणी** **समेकित वेतन:** 35,000/- रुपये प्रति माह (छुट्टी की अवधि को छोड़कर) जिसमें किराया मुक्त उपयुक्त आवास और कैडेटों के साथ मुफ्त भोजन शामिल है.	**अनिवार्य:** ललित कला में स्नातकोत्तर डिग्री (चित्रकला सहित) **अथवा** किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से ललित कला/कला/ड्राइंग और पेंटिंग को एक विषय के रूप में लेकर स्नातक की डिग्री और न्यूनतम 4 वर्ष का विश्वविद्यालय डिप्लोमा प्राप्त किया हो. **अथवा** उच्च माध्यमिक/मध्यवर्ती/वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण होने के साथ-साथ किसी मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से ललित कला चित्रकला/ड्राइंग और पेंटिंग में न्यूनतम 5 वर्ष (पूर्णकालिक)/ 7 वर्ष (अंशकालिक) का डिप्लोमा होना चाहिए. **वांछनीय:** 1. उच्च योग्यता रखने वाले, अंग्रेजी माध्यम के सरकारी स्कूल में अध्यापन का अनुभव रखने वाले, अंग्रेजी में प्रवीणता रखने वाले और सह-पाठ्यक्रम एवं अतिरिक्त पाठ्यचर्या गतिविधियों में उपलब्धि हासिल करने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी. 2. उम्मीदवार शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए.
(सी)	**नर्सिंग सिस्टर (महिला) X 1 (अनुबंधात्मक)** **आयु:** आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 18 से 50 वर्ष के बीच. **अना श्रेणी** **समेकित वेतन:** 25,500/- रुपये प्रति माह (छुट्टी की अवधि को छोड़कर) जिसमें किराया मुक्त उपयुक्त आवास और कैडेटों के साथ मुफ्त भोजन शामिल है.	**अनिवार्य:** 1. मान्यताप्राप्त संस्थान से बीएससी (नर्सिंग) / नर्सिंग डिप्लोमा. 2. भारतीय राज्य नर्सिंग परिषद में पंजीकरण 3. अस्पताल/क्लिनिक में काम करने का न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव. **वांछनीय:** 1. आवासीय विद्यालयों में काम करने का अनुभव. 2. उम्मीदवार शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए.

2. अनुबंध आधारित नियुक्ति किसी भी परिस्थिति में नियुक्ति की तिथि से अधिकतम तीन वर्ष की अवधि से अधिक नहीं होगी. प्रत्येक 11 महीने की सेवा अवधि पूरी होने पर, संतोषजनक प्रदर्शन, संस्थागत आवश्यकताओं और व्यापक मूल्यांकन के अधीन, प्रधानाचार्य द्वारा एक वर्ष के लिए सेवा विस्तार पर विचार किया जा सकता है. प्रत्येक 11 महीने की सेवा के बाद एक महीने का अवकाश लागू होगा, जिसके दौरान कोई पारिश्रमिक देय नहीं होगा. प्रदर्शन का औपचारिक मूल्यांकन उप-प्रधानाचार्य/प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा त्रैमासिक आधार पर किया जाएगा और प्रधानाचार्य द्वारा इसकी समीक्षा की जाएगी, और नवीनीकरण सभी चार त्रैमासिक मूल्यांकनों के आधार पर होगा। सेवा विस्तार की स्थिति में, अवकाश के बाद अगले 11 महीने के चक्र के लिए पारिश्रमिक पुनः प्राप्त होगा. संविदात्मक कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति का कोई दावा या अधिकार नहीं होगा.

3. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एम्प्लॉयमेंट न्यूज में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर है. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे. अधिक जानकारी और आवेदन पत्र आदि के लिए, स्कूल की वेबसाइट **www.sainikschoolnagrota.com** पर "नोटिस" शीर्षक के अंतर्गत देखें.

4. विद्यालय प्रशासन प्रशासनिक/नीतिगत कारणों से रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/घटाने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. आवेदकों को कोई औपचारिक सूचना नहीं दी जाएगी.

प्रधानाचार्य, सैनिक स्कूल नागरोटा

EN 31/61

राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF OCEAN TECHNOLOGY

(पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Earth Sciences, Government of India)
रासप्रौसं परिसर, मेजर मुकुंद वरदराजन सालाई,
चेन्नै- 600100
NIOT Campus, Major Mukund Varadarajan Salai,
Chennai - 600100
Phone: 044-66783300 E-Mail: recruitment.niot@gov.in

विज्ञापन संख्या Advertisement No. NIOT/E&P/08/2026 (Regular)

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय तथा पृथ्वी प्रणाली विज्ञान परिषद (ईएसएससी) के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), निम्नलिखित पद पर सीधी भर्ती के आधार पर नियुक्ति हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। विस्तृत विज्ञापन तथा आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया वेबसाइट लिंक **https://www.niot.res.in/recruitment_details.php** पर अपलोड की गई है।

National Institute of Ocean Technology (NIOT), an institution under the Earth System Sciences Council (ESSC), an autonomous body under the Ministry of Earth Sciences, Government of India invites online applications from eligible Indian Nationals for recruitment to the following post on direct recruitment basis. The detailed advertisement and the procedure for submitting application have been uploaded on website link **https://www.niot.res.in/recruitment_details.php**

पदनाम	वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर (VII सीपीसी के अनुसार)	रिक्तियों की संख्या और श्रेणी
प्रबंधक	वेतन स्तर - 11 (रु. 67700 - 208700) ग्रुप 'ए'	1 पद (अनारक्षित)

Name of the Post	Pay Level in the Pay Matrix (as per VII CPC)	No. of vacancy & Category
Manager	Pay Level-11 (Rs.67700 - 208700) Group 'A'	1 (One) (Unreserved)

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 30.11.2026.
Last date for submission of online application: 30.11.2026.

निदेशक
Director

EN 31/26

File No.- 2-4/2024-CFTI
भारत सरकार/ Government of India
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
Ministry of Agriculture & Farmers Welfare
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
Department of Agriculture & Farmers Welfare

केंद्रीय उर्वरक गुण नियंत्रण एवं प्रशिक्षण संस्थान
Central Fertilizer Quality Control & Training Institute

एन.एच. IV, फरीदाबाद- 121001 (हरियाणा)
N.H.IV., Faridabad -121001 (Haryana)

दिनांक: 16.10.2026

रिक्ति परिपत्र

केंद्रीय उर्वरक गुण नियंत्रण एवं प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद में कार्यालय अधीक्षक (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'बी' अराजपत्रित, लिपिकीय) के एक पद को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) आधार पर भरा जाना है.

केंद्रीय उर्वरक गुण नियंत्रण एवं प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद (कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के तहत एक अधीनस्थ कार्यालय) में **कार्यालय अधीक्षक (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'बी' अराजपत्रित, लिपिकीय)** के एक पद को भरने के लिए पात्र एवं योग्य अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह पद वेतनमान के स्तर-6 (7वें सीपीसी के अनुसार - 35,400-1,12,400 रुपये (संशोधन-पूर्व वेतनमान 9300-34800 रुपये, ग्रेड पे 4200 रुपये सहित, पीबी-2) पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) आधार पर है. पद का विवरण और पात्रता शर्तें सीएफक्यूसीटीआई की वेबसाइट **https://cfqcti.da.gov.in/(Link- Recruitment)** (भर्ती लिंक) और कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग की भर्ती वेबसाइट **https://agriwelfare.gov.in/**(भर्ती लिंक) पर उपलब्ध हैं. ऐसे इच्छुक एवं पात्र अधिकारियों के आवेदनों को रोजगार समाचार (एंप्लॉयमेंट न्यूज) में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **60 दिनों की अवधि के भीतर श्री दिनेश मेघवाल, उप निदेशक, केंद्रीय उर्वरक गुण नियंत्रण एवं प्रशिक्षण संस्थान, एनएच-IV, फरीदाबाद 121001 के पते पर भेजें, जिन्हें चयन होने की स्थिति में तत्काल कार्यमुक्त किया जा सके.**

EN 31/14

प्रशासनिक अधिकारी

ऑयल इंडिया लिमिटेड
Oil India Limited

ऑयल इंडिया OIL INDIA

P.O. Duliajan - 786602, Assam, India. CIN: L11101AS1959GOI001148

विज्ञापन संख्या: HRAQ/REC-EX-B/2026-03 दिनांक 15/10/2026

ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल), एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (पीएसयू), देश की अग्रणी और दूसरी सबसे बड़ी राष्ट्रीय अपस्ट्रीम तेल और गैस कंपनी है. इसकी उपस्थिति पूरे भारत में है और वैश्विक स्तर पर भी इसका विस्तार हो रहा है. ओआईएल सर्वांगीण विकास और उत्कृष्टता के नए आयाम छूने के लिए पूरी तरह तैयार है. यह कंपनी असम के डिब्रूगढ़ जिले के दुलियाजान स्थित अपने फील्ड मुख्यालय से कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की खोज, उत्पादन और परिवहन, तथा एलपीजी के उत्पादन का कार्य करती है. कंपनी का परिचालन असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और राजस्थान राज्यों में फैला हुआ है. इसके अलावा, अंडमान, केरल-कोंकण और कृष्णा-गोदावरी के उथले जल क्षेत्रों (ऑफशोर) में भी कंपनी का कामकाज है. ओआईएल असम के डिगबोई से बिहार के बरौनी तक 1157 किमी लंबी कच्चे तेल की पाइपलाइन और नुमालीगढ़ रिफाइनरी से सिलीगुड़ी तक 660 किमी लंबी उत्पाद पाइपलाइन का संचालन करती है. भारत के अलावा, ओआईएल की आठ अन्य देशों - रूस, अमेरिका, वेनेजुएला, मोज़ाम्बिक, नाइजीरिया, गैबॉन, बांग्लादेश और लीबिया - में भी विभिन्न ब्लॉकों में हिस्सेदारी है. ओआईएल ने 'सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन' परियोजनाओं में भी कदम रखा है. साथ ही, कंपनी ने नवीकरणीय और वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्र (विंड और सोलर) में भी विस्तार किया है, जहाँ इसकी कुल स्थापित क्षमता 188.10 मेगावाट है. ओआईएल ने असम स्थित नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल कर ली है, जिससे ओआईएल अब एनआरएल की प्रमोटर और होल्डिंग कंपनी बन गई है. इसके अतिरिक्त, कंपनी की 'ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड' (बीसीपीएल) में भी हिस्सेदारी है.

ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) भारतीय नागरिकों से नीचे दिए गए ग्रेड ए / बी / सी के पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करती है:

ए. ग्रेड सी में पदों/रिक्तियों/आयु सीमा का विवरण:

पद का नाम और पद कोड	रिक्तियों की संभावित संख्या		ग्रेड और वेतनमान (रु.)	अधिकतम आयु सीमा 14/11/2026 को (वर्षों में)	दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त पद
	पदों की संख्या	विवरण			
सुपरिंटेंडिंग रिसर्च साइंटिस्ट [पद कोड: CH-01]	05	UR: 03 OBC (NCL): 01 SC: 01	ग्रेड: C वेतनमान: 80,000-2,20,000	UR: 37 OBC (NCL): 40 SC: 42	b: HH c: OA, OL, CP, LC, Dw, AAV d: SLD, MI e: MD (जिसमें ऊपर बताए गए b से d तक शामिल हैं)
कुल	05	05			

बी. ग्रेड बी में पदों/रिक्तियों/आयु सीमा का विवरण:

पद का नाम और पद कोड	रिक्तियों की संभावित संख्या		ग्रेड और वेतनमान (रु.)	अधिकतम आयु सीमा 14/11/2026 को (वर्षों में)	दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त पद
	पदों की संख्या	विवरण			
सीनियर ऑफिसर (मैकेनिकल) [पोस्ट कोड: ME-02]	14	UR: 07 OBC (NCL): 03 SC: 02 ST: 01 EWS: 01	ग्रेड: B पे स्केल: 60,000-1,80,000	UR: 27 OBC (NCL): 30 SC: 32 ST: 32 EWS: 27	b: HH c: OA, OL, LC, Dw, AAV d: SLD, ASD (M) e: MD (जिसमें ऊपर बताए गए b से d तक शामिल हैं)
सीनियर ऑफिसर (पेट्रोलियम) [पोस्ट कोड: PE-03]	04	UR: 03 OBC (NCL): 01	ग्रेड: B पे स्केल: 60,000-1,80,000	UR: 29 OBC (NCL): 32	b: HH c: OA, OL, CP, LC, Dw, AAV, d: SLD, MI e: MD (जिसमें ऊपर बताए गए b से d तक शामिल हैं)
सीनियर अकाउंट्स ऑफिसर / सीनियर इंटरनल ऑडिटर [पोस्ट कोड: AC-04]	06	UR: 04 OBC (NCL): 01 SC: 01	ग्रेड: B पे स्केल: 60,000-1,80,000	UR: 29 OBC (NCL): 32 SC: 34	a: LV b: HH c: OA, BL, OL, CP, LC, Dw, AAV, MDy e: MD (जिसमें ऊपर बताए गए a से c तक शामिल हैं)
कुल	24	24			

सी. ग्रेड ए में पदों/रिक्तियों/आयु सीमा का विवरण:

पद का नाम और पद कोड	रिक्तियों की संभावित संख्या		ग्रेड और वेतनमान (रु.)	अधिकतम आयु सीमा 14/11/2026 को (वर्षों में)	दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त पद
	पदों की संख्या	विवरण			
हिंदी अधिकारी (राजभाषा) [पोस्ट कोड: HO-05]	02	UR: 01 OBC (NCL): 01	ग्रेड: A वेतनमान: 50,000-1,60,000	UR: 29 OBC (NCL): 32	a: LV b: HH c: OA, BL, OL, OAL, CP, LC, Dw, AAV, Mdy d: SLD, MI e: MD (ऊपर बताए गए a से d तक शामिल हैं)
गोपनीय सचिव [पोस्ट कोड: CS-06]	01	PwBD-01 (बैकलॉग)	ग्रेड: A वेतनमान: 50,000-1,60,000	GEN/EWS: 37 OBC (NCL): 40 SC/ST: 42	a: LV b: HH c: OA, BL, OL, OAL, CP, LC, Dw, AAV d: ASD, SLD, MI e) MD (ऊपर बताए गए a से d तक शामिल)
कुल	03	03			

अधिक जानकारी के लिए यहां जाएं: **https://www.oil-india.com/advertisement-list**

उपयोग किए गए संक्षिप्त रूप: UR-अनारक्षित, ST-अनुसूचित जनजाति, SC-अनुसूचित जाति, OBC-NCL-अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर), PwBD-दिव्यांग व्यक्ति, EWS-आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, LV-कम दृष्टि, HH-सुनने में कठिनाई, OA-एक हाथ, OL-एक पैर, BA-दोनों हाथ, BL-दोनों पैर, OAL-एक हाथ और एक पैर, CP-सेरेब्रल पाल्सी, LC-कुष्ठ रोग से ठीक हुए, Dw-बौनापन, AAV-एसिड अटैक पीड़ित, ASD-ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (M-हल्का), SLD-विशिष्ट सीखने की अक्षमता, MDy-मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, MI-मानसिक बीमारी, MD-एक से अधिक दिव्यांगताएँ, NA-लागू नहीं.

अधिक जानकारी के लिए यहाँ जाएँ: **https://www.oil-india.com/advertisement-list**

आवेदन प्राप्त होने की शुरुआत की तारीख : 15/10/2026 को 16:00 बजे
आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख : 14/11/2026 को 11:00 बजे

EN 31/44

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जालन्धर

जीटी रोड, बाईपास,
जालन्धर-144008, पंजाब (भारत)
विज्ञापन सं. 53/2026

"संस्थान में विज्ञापन संख्या 53/2026 के माध्यम से प्रतिनियुक्ति आधार पर **कुलसचिव** के पद को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन करने की **अंतिम तिथि 20.11.2026** है. पात्रता, योग्यता आदि के बारे में अन्य पूरी जानकारी के लिए कृपया हमारे संस्थान की वेबसाइट **www.nitj.ac.in** का अवलोकन करें."

कुलसचिव

CBC 21385/11/0004/2627

EN 31/4

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
Inland Waterways Authority of India

(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201301 (उत्तर प्रदेश)
फोन : 0120 - 2474050 एवं 2544036

सूचना

दिनांकः 16.10.2026

संक्षिप्त रोजगार सूचना सं. IWAI-12/4/2022-Admn. Rectt. दिनांक 10.07.2026

उपर्युक्त के संदर्भ में, **उच्च श्रेणी लिपिक (यूडीसी)** के 06 रिक्त पदों को 03 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु आवेदन प्राप्त करने की **अंतिम तारीख 13 नवंबर, 2026 तक** बढ़ा दी गई है.

अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की वेबसाइट **www.iwai.gov.in** देखें.

सचिव

EN 31/24

बाइरैक
जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद्
(भारत सरकार का उपक्रम)
Biotechnology Industry Research Assistance Council
(A Govt. of India Enterprise)

संदर्भ संख्या: BIRAC/VAC/ADV-26/अक्टूबर/01

जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद् (बाइरैक), जो कि जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), भारत सरकार के तहत एक गैर–लाभकारी अनुभाग 8, अनुसूची बी, सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, परिषद की परियोजना प्रबंधन इकाई के अन्तर्गत निम्नलिखित पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :–

पद कोड	पद	रिक्ति की संख्या
एसटीएम–01	वरिष्ठ तकनीकी प्रबंधक	01

अधिक जानकारी हेतु कृपया बाइरैक की वेबसाइट **www.birac.nic.in** देखें।

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 03 नवम्बर, 2026

EN 31/23

टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान

वी. एन. पुरव मार्ग, देवनार, मुंबई – 400 088
मानित विश्वविद्यालय
भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक अनुदान प्राप्त संस्थान

टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS) के विभिन्न परिसरों में **उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, उप पुस्तकालयाध्यक्ष, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, सहायक प्रबंधक (प्रकाशन), सिस्टम विश्लेषक-सह-प्रोग्रामर, स्वास्थ्य अधिकारी, फील्ड वर्क समन्वयक, परामर्शदाता, अनुभाग अधिकारी** तथा **सुरक्षा अधिकारी** के पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित आवेदन प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **"रोजगार समाचार"** में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन है। विस्तृत विज्ञापन के लिए संस्थान की वेबसाइट **https://www.tiss.ac.in/admin-positions/** पर जाएँ।

इस विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार के परिवर्तन/शुद्धिपत्र/संशोधन/अद्यतन/रद्दीकरण सूचना को संस्थान की उपर्युक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

दिनांक: 07.10.2026

कार्यवाहक कुलसचिव

विज्ञापन सं.: TISS/NON-TEACHING POSITIONS/2026/02

EN 31/6

भौतिकी संस्थान भुवनेश्वर / INSTITUTE OF PHYSICS, BHUBANESWAR

(भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग का एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान)
डाक घर, सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर – 751005, ओडिशा , वेबसाइट Website: www.iopb.res.in

RECRUITMENT FOR TRADESMAN

विज्ञापन सं. आईओपी/रिक्रूट/09/2026 **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 10.11.2026**

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर, भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के प्राशासनिक नियंत्रण में काम करने वाला एक स्वायत्त अनुदान प्राप्त शोध संस्थान है। यह सैद्धांतिक और प्रायोगिक भौतिकी के अत्याधुनिक क्षेत्रों में शोध करने वाला एक प्रमुख शोध संस्थान है। संस्थान सीधी भर्ती के माध्यम से ट्रेड्समैन-ए, ग्रुप 'सी' के पांच (05) पदों (अना.-03, अ.जा.-01, अ.ज.जा-01) पर नियुक्ति के लिए योग्य और अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

Name of the Post	No. of Posts	Category			Educational Qualification	Level in the Pay Matrix	Age Limit
		SC	ST	UR			
Tradesman-A (Electrical-02; Electrical/Electronics – 01; Mechanical/ Refrigeration & Air Conditioning – 01; Mason – 01)	5	1	1	3	आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव तथा आवेदन के प्रारूप के लिए हमारी वेबसाइट www.iopb.res.in पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें।	Level 2 Pay Matrix of the 7th CPC; Group C	18-25 years

आवेदन कैसे करें: योग्य उम्मीदवारों को संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित आवेदन फॉर्म में ही अपना आवेदन पत्र जमा करना चाहिए। इसके साथ ही, शैक्षिक योग्यता, आईटीआई/ट्रेड योग्यता, अनुभव, जन्म तिथि, श्रेणी (यहां लागू है) तथा आवेदन में किए गए दावों के समर्थन में संबंधित प्रमाण-पत्रों और दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियाँ भी संलग्न करनी होंगी। अधिक जानकारी के लिए ई-मेल आईडी **recruit@iopb.res.in** पर निसंकोच संपर्क करें। आवेदन पत्र की मूल प्रति **10/11/2026** तक संस्थान में पहुंच जानी चाहिए। निर्धारित समय के भीतर और निर्धारित तरीके से न मिलने वाले आवेदन पत्र को अस्वीकार किया जा सकता है। अधिक जानकारी एवं आवेदन हेतु कृपया हमारी आधिकारिक वेबसाइट **https://www.iopb.res.in/job_opening/ recruitment-for-the-posts-of-tradesman-a/** पर जाएँ।

EN 31/18

निदेशक

ब्रीक - जीव विज्ञान संस्थान
BRIC - INSTITUTE OF LIFE SCIENCES

(भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग का एक स्वायत्त संस्थान)

जेआरएफ (पीएच.डी. कार्यक्रम) पद के लिए विज्ञापन

विज्ञापन क्रमांक 38/2026

बीआरआईसी-जीव विज्ञान संस्थान (बीआरआईसी-आईएलएस), भुवनेश्वर में पीएच.डी. प्रवेश

बीआरआईसी-आईएलएस, भुवनेश्वर जनवरी 2027 सत्र के लिए अपने पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है (आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि **09 नवंबर, 2026** है).

पात्रता मानदंडः (ए) जीवन विज्ञान या संबद्ध विषयों की किसी भी शाखा में स्नातकोत्तर डिग्री (एम.एससी./एम.टेक./ एम.फार्मा/एम.वी.एससी. में कम से कम 55% अंक (या समकक्ष सीजीपीए) प्राप्त किए हों. **(बी)** सीएसआईआर-यूजीसी नेट, डीबीटी-जेआरएफ, यूजीसी-आरजीएनएफ या आईसीएमआर-जेआरएफ जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना चाहिए और 5 वर्षीय वैध फैलोशिप प्राप्त की हो.

आवेदन कैसे करें: विस्तृत आवेदन प्रक्रिया के लिए बीआरआईसी-आईएलएस की वेबसाइट **www.ils.res.in** पर जाएं.

संपर्क सूत्रः बीआरआईसी-जीव विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर -751023, ओडिशा, ईमेलः academic@ils.res.in

EN 31/11

निदेशक

दक्षिण पूर्व रेलवे

प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी,
गार्डनरीच, कोलकाता-700043

दक्षिण पूर्व रेलवे में वर्ष 2026-27 के लिए खेलकूद कोटा (खुली विज्ञप्ति) के तहत खिलाड़ियों की भर्ती हेतु अधिसूचना

रोजगार सूचना सं. एसईआर/पीईआरएस/स्पोर्ट्स कोटा/ओए/2026-27

दक्षिण पूर्व रेलवे में वर्ष 2026-27 के लिए खेलकूद कोटा (खुली विज्ञप्ति) के तहत भर्ती के लिए पात्र खिलाड़ियों, जो भारतीय नागरिक हैं, से **ऑनलाइन** आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विवरण नीचे उल्लेखित हैं:

(i)	वेबसाइट पर अधिसूचना प्रकाशन की तारीख:	26/10/2026
(ii)	ऑनलाइन आवेदन खुलने की तारीख एवं समय:	31/10/2026
(iii)	ऑनलाइन आवेदन बंद होने की तारीख एवं समय:	30/11/2026 (23.59 बजे)
(iv)	भर्ती की प्रक्रिया के खेलकूद परीक्षण की तारीख की सूचना समय-समय पर वेबसाइट (www.rreser.co.in) के माध्यम से प्रदान की जाएगी।	

1. पदों का विवरण:

श्रेणी सं.	7वें सीपीसी में पद	पदों की सं.	पदों का विवरण
1.	ग्रुप 'सी' लेवल-4/लेवल-5	05 (पांच)	दक्षिण पूर्व रेलवे की किसी भी इकाई में कोई भी लेवल-4/5 पद।
2.	ग्रुप 'सी' लेवल-2/लेवल-3	16 (सोलह)	दक्षिण पूर्व रेलवे की किसी भी इकाई में कोई भी लेवल-2/3 पद।
3.	ग्रुप 'डी' लेवल-1	33 (तैंतीस)	सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध आरबीई सं. 79/2026 के परिशिष्ट-ए के मद्देनजर दक्षिण पूर्व रेलवे की किसी भी इकाई में कोई भी लेवल-1 पद

2. वर्ष 2026-27 के लिए रिक्तियों का विवरण:

(i) **लेवल - 4/5 (जीपी-रु. 2400/2800) के लिए रिक्तियां**

क्र. सं.	खेलों के नाम	श्रेणी/खेलने का स्थान	भर्ती किए जाने वाले खिलाड़ियों की सं.
			लेवल-4/5, जीपी-रु. 2400/2800/-
01	एथलेटिक्स (पुरुष)	200 मीटर	01
		हाई जम्प	01
02	शतरंज (पुरुष)	व्यक्तिगत	01
03	हॉकी (महिला)	फॉर्वर्ड	01
04	टेबल टेनिस (महिला)	व्यक्तिगत	01
		कुल	**05**

(ii) **लेवल - 2/3 (जीपी-रु. 1900/2000) के लिए रिक्तियां**

क्र. सं.	खेलों के नाम	श्रेणी/खेलने का स्थान	भर्ती किए जाने वाले खिलाड़ियों की सं.
			लेवल-2/3, जीपी-रु. 1900/2000
01	एथलेटिक्स (पुरुष)	200 मीटर	01
		हाई जम्प	01
		20 किमी रेस वाकिंग	01
		क्रॉस कंट्री	01
02	तीरंदाजी (पुरुष)	कम्पाउंड	02
03	तीरंदाजी (महिला)	कम्पाउंड	01
04	बॉडी बिल्डिंग (पुरुष)	65 किग्रा	01
05	ब्रिज (पुरुष)	व्यक्तिगत	01
06	साइक्लिंग (पुरुष)	व्यक्तिगत रोड रेस	01
		व्यक्तिगत प्रयास	01
		प्वाइंट्स रेस (ट्रैक)	01
07	जिम्नास्टिक्स (महिला)	आर्टिस्ट (डब्ल्यूएजी)	01
08	हॉकी (महिला)	फॉर्वर्ड	01
09	हॉकी (पुरुष)	डिफेंडर	01
10	राइफल शूटिंग (महिला)	3 पोजिशन	01
		कुल	**16**

(iii) **लेवल - 1 (जीपी-रु. 18000) के लिए रिक्तियां**

क्र. सं.	खेलों के नाम	श्रेणी/खेलने का स्थान	भर्ती किए जाने वाले खिलाड़ियों की सं.
			लेवल-1, जीपी-रु. 1800
01	बॉल बैडमिंटन (पुरुष)	बैक	02
		फ्रंट	02
02	क्रिकेट (पुरुष)	बल्लेबाज (मध्यम क्रम)	01
		तेज गेंदबाज	01
03	फुटबॉल (पुरुष)	साइड बैक (लेफ्ट/राइट)	02
		स्टॉपर	01
04	गोल्फ (पुरुष)	व्यक्तिगत	01
05	कब्बडी (महिला)	राइड रेडर	01
		लेफ्ट रेडर	01
		राइट कॉर्नर	01
		लेफ्ट कॉर्नर	01
06	कब्बडी (पुरुष)	राइड रेडर	01
		राइट कॉर्नर	01
		लेफ्ट कॉर्नर	01
		ऑल राउंडर	01
07	खो खो (पुरुष)	ऑल राउंडर	03
		डिफेंडर	03
08	वॉली बॉल (महिला)	सेंटर ब्लॉकर	01
		काउंटर अटैकर	01
09	वॉली बॉल (पुरुष)	सेटर	01
		ऑपोजिट प्लेयर	01
10	वाटर पोलो (पुरुष)	विंगर	02
		सेंटर फॉर्वर्ड	01
11	भारोत्तोलन (पुरुष)	65 किग्रा	01
		71 किग्रा	01
		कुल	**33**

एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस समुदायों के लिए कोई भी पद आरक्षित नहीं है। विशेष खेलकूद परिक्षेत्रों में आवश्यक खेलकूद प्रदर्शन/उपलब्धियां रखने वाले उम्मीदवारों का चयन उनके समुदायों को ध्यान में न रखते हुए सम्पूर्ण रूप से प्रतिभा के आधार पर किया जाएगा। हालांकि, उम्मीदवारगण जिन समुदाय से संबंधित है, उसका विवरण अपलोड कर सकते हैं। पुस्तिका (भारत सरकार/कार्मिक मंत्रालय, पेंशन की सार्वजनिक शिकायत, कार्मिक प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित) के अध्याय 13 के तहत यह सख्ती से आवश्यक है। एससी/एसटी/ओबीसी समुदायों के मामले में जाति प्रमाणपत्र कम से कम तहसीलदार के पद के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए। ओबीसी उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा 01 वर्ष के अंदर केंद्रीय सरकार के प्रारूप में जारी किए गए ओबीसी नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र भी जमा करना होगा।

3. पात्रता के मानदंड :

3.1 उम्र की सीमा - दिनांक 01.01.2027 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 25 वर्ष। उम्र की सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी। मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन अथवा उनसे समतुल्य प्रमाणपत्र की प्रति **अथवा** जन्म की तारीख के लिए साक्ष्य स्वरूप जन्म प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।

(जन्म की तारीख **02.01.2002** से कम नहीं तथा **01.01.2009** से अधिक नहीं होनी चाहिए)

3.2 लेवल-4/5 एवं लेवल 2/3 के लिए खेलकूद के मानदंड :

क्र. सं.	पे बैंड	ग्रेड पे	भर्ती के लिए न्यूनतम खेलकूद के मानदंड
1.	पीबी-1 : रु. 5,200-20,200/- (छठवां पीसी) सातवां पीसी	2,800/- अथवा 2400/- (छठवां पीसी) लेवल 5/ लेवल 4	**(क)** ओलम्पिक गेम्स (सीनियर श्रेणी) में देश का प्रतिनिधित्व किया होना चाहिए **अथवा (ख)** किसी भी विश्व कप (जूनियर/सीनियर श्रेणी)/वर्ल्ड चैम्पियनशिप्स (जूनियर/सीनियर श्रेणी)/ एशियन गेम्स (सीनियर श्रेणी)/कॉमनवेल्थ गेम्स (सीनियर श्रेणी) यूथ ओलंपिक, डेविस कप (टेनिस), चैम्पियन ट्रॉफी (हॉकी), थॉमस/उबर कप (बैडमिंटन) में कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया होना चाहिए।
2.	पीबी-1 : रु. 5,200-20,200/- सातवां पीसी	2,000/- अथवा 1900/- लेवल 3/ लेवल 2	**क)** किसी भी विश्व कप (जूनियर/सीनियर श्रेणी)/वर्ल्ड चैम्पियनशिप्स (जूनियर/सीनियर श्रेणी)/ एशियन गेम्स (सीनियर श्रेणी)/कॉमनवेल्थ गेम्स (सीनियर श्रेणी) चैम्पियनशिप्स/प्रतिस्पर्धाओं में देश का प्रतिनिधित्व किया होना चाहिए **अथवा ख)** किसी भी कॉमनवेल्थ चैम्पियनशिप्स (जूनियर/सीनियर श्रेणी)/एशियन चैम्पियनशिप्स/एशिया कप (जूनियर/सीनियर श्रेणी)/साऊथ एशियन फेडरेशन्स (एसएएफ) गेम्स (सीनियर श्रेणी)/यूएसआईसी (वर्ल्ड रेलवे) चैम्पियनशिप्स (सीनियर श्रेणी) में कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया होना चाहिए **अथवा ग)** सीनियर/यूथ/जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप्स में कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया होना चाहिए अथवा घ) इंडियन ओलम्पिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित नेशनल गेम्स में कम से कम **तीसरा स्थान** प्राप्त किया होना चाहिए **अथवा ङ)** एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैम्प में कम से कम तीसरा स्थान **अथवा च)** फेडरेशन कप चैम्पियनशिप्स (सीनियर श्रेणी) में प्रथम स्थान।

निम्न उल्लेखानुसार कुछ खास खेलकूद परिक्षेत्र के लिए अतिरिक्त स्वीकार्ययोग्य खेलकूद उपलब्धि संबंधी पात्रता की शर्त (पैरा 3 के साथ पढ़ें):

क) एथलेटिक्स (पुरुष) में, पे लेवल 4/5 (सातवें सीपीसी के अनुसार) में भर्ती के लिए ओपन नेशनल चैम्पियनशिप (सीनियर), इंटर स्टेट एथलेटिक्स चैम्पियनशिपों (सीनियर) तथा एशियन चैम्पियनशिप (सीनियर) में स्वर्ण पदक पर विचार किया जा सकता है।

ख) शतरंज (पुरुष) में, भर्ती के लिए नीचे उल्लेखित खेलकूद की उपलब्धियों पर विचार किया जा सकता है:

ग्रेड पे (रु.)	लेवल	भर्ती के लिए खेलकूद के न्यूनतम मानदंड
2400/2800	लेवल-4/5	शतरंज में ग्रांड मॉस्टर टाइटल

ग) टेबल टेनिस (महिला) में, खिलाड़ियों पर विभिन्न ग्रेड पे एवं पे बैंड में वर्तमान वार्षिक अखिल भारतीय रैंकिंग के आधार पर नीचे उल्लेखित पात्रता के मानदंड के अनुसार भी भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है:

पे लेवल (सातवें पी.सी के अनुसार)	भर्ती के लिए न्यूनतम खेलकूद के मानदंड		
पे लेवल-4/5 (सातवें पी.सी. के अनुसार)	उम्र की श्रेणी सीनियर	प्रतिस्पर्धा एकल	वर्तमान वार्षिक अखिल भारतीय रैंकिंग 8वें स्थान तक

घ) एथलेटिक्स (पुरुष) में, पे लेवल 2 (सातवें सीपीसी के अनुसार) में भर्ती के लिए नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पदक विजयी प्रदर्शन पर भी विचार किया जा सकता है। **ङ) हॉकी (महिला) में :** पे बैंड रु. 5200-20200/- में ग्रेड पे रु. 1900 या 2000/- वाले पदों के लिए भर्ती के लिए चार या अधिक राष्ट्रों के अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता (सीनियर या जूनियर) में कम से कम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों पर भी विचार किया जा सकता है। **हॉकी (पुरुष) में :** पे बैंड रु. 5200-20200/- में ग्रेड पे रु. 1900 या 2000/- वाले पदों के तहत भर्ती के लिए और चार राष्ट्रों के अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता (सीनियर या जूनियर) में भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों पर विचार किया जा सकता है। इस परिक्षेत्र में भर्ती के उद्देश्य के लिए हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धाओं पर विचार किया जाएगा। **च) तीरंदाजी (पुरुष/महिला) में,** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में पदक जीतने वाला प्रदर्शन (कम से कम तीसरा स्थान) और पैरा 3.2 के अनुसार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हासिल की गई उपलब्धियों पर विचार किया जाएगा। भर्ती के लिए आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा

(शेष पृष्ठ 9 पर)

(पृष्ठ 8 का शेष)

आयोजित प्रतिस्पर्धा में भाग लेने और पदक जीतने वाले प्रदर्शन पर विचार किया जाएगा। **छ) राइफल शूटिंग (महिला):-** नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता (सभी आयु वर्गों के लिए) - भर्ती के उद्देश्य से केवल व्यक्तिगत प्रदर्शन पर ही विचार किया जाएगा।

महत्वपूर्ण जानकारी:

1. आवेदक ने ऊपर बताई गई उपलब्धियाँ 01.04.2024 को या उसके बाद हासिल की हों। **2.** इस उद्देश्य के लिए चैंपियनशिप/प्रतियोगिताओं के आखिरी दिन को ही ध्यान में रखा जाएगा। **3.** ऊपर बताई गई सभी चैंपियनशिप/प्रतियोगिताओं, चैंपियनशिप के समय युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमओवाईएएस) द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त इंटरनेशनल/नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन/एसोसिएशन की देखरेख में आयोजित की गई होनी चाहिए। **4.** ऐसी किसी फेडरेशन द्वारा आयोजित नेशनल चैंपियनशिप के लिए जारी किए गए प्रमाणपत्र के आधार पर कोई भर्ती नहीं की जाएगी, जिसे चैंपियनशिप के समय एमओवाईएएस ने मान्यता नहीं दी थी। **5.** मान्यता प्राप्त एनएसएफ की नवीनतम तालिका समय-समय पर मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाती है।

3.3 लेवल-1 के लिए खेलकूद मानदंड:

क) कॉमनवेल्थ चैम्पियनशिप्स (जूनियर/सीनियर श्रेणी)/एशियन चैम्पियनशिप्स/एशिया कप (जूनियर/सीनियर श्रेणी)/साऊथ एशियन फेडरेशन्स (एसएएफ) गेम्स (सीनियर श्रेणी)/यूएसआईसी (वर्ल्ड रेलवे) चैम्पियनशिप्स (सीनियर श्रेणी)/वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के किसी भी चैम्पियनशिप/प्रतिस्पर्धा में **देश का प्रतिनिधित्व** किया होना चाहिए। **अथवा ख) फेडरेशन कप** चैम्पियनशिप्स (सीनियर श्रेणी) में **कम से कम तीसरा स्थान** प्राप्त किया होना चाहिए। **अथवा ग)** मैराथन एवं क्रॉस कंट्री को छोड़कर **राज्य की समकक्ष यूनिट में प्रतिनिधित्व** किया होना चाहिए साथ में **सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में कम से कम आठवां स्थान** प्राप्त किया होना चाहिए। **घ) क्रिकेट (पुरुष) में :** क्रिकेट में, राष्ट्रीय स्तर पर, बीसीसीआई के तत्वावधान में आयोजित 4 दिवसीय/एक दिवसीय सीमित ओवरों/ट्वेंटी-20 ओवरों के क्रिकेट चैम्पियनशिप्स (विजे ट्रॉफी को छोड़कर) में निम्नोक्त खेलकूद उपलब्धियां प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों पर भी लेवल-1 पदों के तहत भर्ती हेतु विचार किया जा सकता है।

पे लेवल	भर्ती के लिए खेलकूद के न्यूनतम मानदंड
जीपी-1800 (लेवल-1)	मुख्य भारतीय सीनियर टीम में 2 टेस्ट मैच/सीमित ओवर के वनडे इंटरनेशनल मैच/ट्वेंटी-20 मैच में प्रतिनिधित्व करना।
	इंडिया-ए और इंडिया यू-19 टीम की ओर से 2 टेस्ट मैचों/2 सीमित ओवरों के वनडे इंटरनेशनल मैच/2 ट्वेंटी-20 मैच में प्रतिनिधित्व करना।
	(i) सीनियर/यू-23/यू-19 ऑल इंडिया इंटर-स्टेट ग्रुप चैंपियनशिप (प्लेट ग्रुप को छोड़कर) में क्वार्टर फायनलिस्ट बनना अथवा (ii) सीनियर/यू-23/यू-19 ऑल इंडिया इंटर-जोनल चैंपियनशिप में भाग लेना। अथवा (iii) सीनियर/यू-23/यू-19 चैलेंजर ट्रॉफी में भाग लेना।
	सीनियर/यू-23/यू-19 ऑल इंडिया इंटर-स्टेट चैंपियनशिप (प्लेट ग्रुप को छोड़कर) में प्री-क्वार्टर फाइनलिस्ट बनना।

ङ) वॉलीबॉल (पुरुष/महिला) में - दिनांक 28/10/2025 तक की अवधि के दौरान वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया अथवा इसकी अनुमोदित इकाइयों द्वारा संचालित प्रतिस्पर्धाओं में खेलकूद उपलब्धियों का प्रमाणपत्र तथा भर्ती के लिए दिनांक 21/04/2026 के बाद संचालित प्रतिस्पर्धाओं में खेलकूद उपलब्धियों पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, वीएफआई के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप में उस अवधि के दौरान प्राप्त उपलब्धियों के प्रमाण-पत्रों/पदकों को खेल भर्ती के उद्देश्य से वैध माना जाएगा, जब वीएफआई (अंतरिम निकाय) को सरकार की वैध मान्यता प्राप्त थी, अर्थात दिनांक 29.10.2025 से 21.04.2026 तक। वॉलीबॉल खेल में मान्यता प्राप्त खेल उपलब्धियों के लिए भारतीय विश्वविद्यालय संघ तथा अंतरराष्ट्रीय महासंघों द्वारा जारी प्रमाण-पत्र भी भर्ती के लिए मान्य होंगे। **छ) गोल्फ (पुरुष)**- रु. 5,200-20,200 के पे-बैंड में रु. 1,800 ग्रेड पे वाले पदों पर भर्ती के लिए: वे खिलाड़ी जिनकी आई.यू.जी. रैंकिंग 100 तक है और जिनका सिंगल हैंडीकैप 10 से कम है (मेरिट/एमेच्योर मेरिट लिस्ट के क्रमानुसार), वे भी भर्ती के लिए पात्र होंगे। इन उद्देश्यों के लिए केवल वर्तमान वार्षिक ऑल इंडिया रैंकिंग पर विचार किया जाएगा। **ज) बॉडी बिल्डिंग (पुरुष)** - आरबीई सं. 75/2024 दिनांक 08.08.2024 के अनुसार, इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन अथवा उसकी संबद्ध इकाइयों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में प्राप्त खेल उपलब्धियों को भर्ती के लिए मान्य नहीं माना जाएगा। हालांकि, बॉडी बिल्डिंग (पुरुष) खेल में मान्यता प्राप्त खेल उपलब्धियों के लिए भारतीय विश्वविद्यालय संघ तथा अंतरराष्ट्रीय महासंघों द्वारा जारी प्रमाण-पत्र भर्ती के लिए मान्य होंगे। भर्ती के वर्ष में प्राप्त सर्वोच्च रैंकिंग पर इस उद्देश्य हेतु विचार किया जा सकता है।

नोट: जो खिलाड़ी उच्च ग्रेड में भर्ती के लिए न्यूनतम खेल मानक पूरे करते हैं, वे निचले ग्रेड में भर्ती के लिए भी पात्र होंगे। हालाँकि, ऐसे खिलाड़ी उच्च ग्रेड में प्रमोशन/पुनर्नियुक्ति के लिए केवल रेलवे में शामिल होने के बाद हासिल की गई अपनी खेल उपलब्धियों के आधार पर ही पात्र होंगे। (अथॉरिटी आरबीआई: 189/2010, 128/2019, 03/2023 और 26/2023)

3.4. आरएसपीबी द्वारा मान्यता प्राप्त जूनियर नेशनल चैंपियनशिप की सूची -

योग्यता तय करने के लिए ऊपर बताए गए पैरा 3.2 के उद्देश्य से, संबंधित खेलों में निम्नलिखित जूनियर नेशनल चैंपियनशिप को आरएसपीबी द्वारा मान्यता दी गई है।

क्र. सं.	खेल का नाम एवं श्रेणी	उम्र समूह	अनुमोदित चैम्पियनशिप का नाम
1.	एथलेटिक्स (पुरुष)	अंडर-20	जूनियर नेशनल एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप
2.	तीरंदाजी (पुरुष)	अंडर-19	जूनियर नेशनल आर्चरी चैम्पियनशिप
3.	बॉल बैडमिंटन (पुरुष)	अंडर-20	जूनियर नेशनल बॉल बैडमिंटन चैम्पियनशिप
4.	बॉडी बिल्डिंग (पुरुष)	अंडर-21	जूनियर नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप
5.	ब्रिज (पुरुष)	अंडर-26	जूनियर नेशनल ब्रिज चैम्पियनशिप
6.	शतरंज (पुरुष)	अंडर-19	जूनियन नेशनल शतरंज चैम्पियनशिप
7.	साइक्लिंग (पुरुष)	अंडर-19	नेशनल ट्रैक/रोड साइक्लिंग चैम्पियनशिप (सभी उम्र समूह के लिए)
8.	क्रिकेट (पुरुष)	अंडर-23	कॉल. सी.के. नायडू ट्राफी (इंटर स्टेट चैम्पियनशिप)
		अंडर-19	कोच बिहार ट्रॉफी (इंटर स्टेट चैम्पियनशिप)
			वीनू मानकड़ ट्रॉफी (एक दिवसीय लिमिटेड ओवर इंटर स्टेट चैम्पियनशिप)
9.	फुटबॉल (पुरुष)	अंडर-19	जूनियर नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप फॉर बी. सी. रॉय ट्रॉफी
10.	गोल्फ (पुरुष)	अंडर-18	जूनियर एवं सब-जूनियर नेशनल गोल्फ चैम्पियनशिप
11.	जिम्नास्टिक्स (महिला)	अंडर-15	जूनियर नेशनल जिम्नास्टिक्स चैम्पियनशिप
12.	हॉकी (पुरुष/महिला)	अंडर-21	हॉकी इंडिया जूनियन पुरुष एवं महिला नेशनल चैम्पियनशिप
13.	कब्बडी (पुरुष/महिला)	अंडर-20	जूनियर नेशनल कब्बडी चैम्पियनशिप
14.	खो-खो (पुरुष)	अंडर-18	जूनियर नेशनल खो-खो चैम्पियनशिप
15.	राइफल शूटिंग (पुरुष)	अंडर-21	नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता (सभी उम्र समूहों के लिए)
16.	टेबल टेनिस (महिला)	अंडर-17	जूनियर नेशनल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप
		अंडर-19	यूथ नेशनल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप
17.	वॉली बॉल (पुरुष/महिला)	अंडर-19	जूनियर नेशनल वॉली बॉल चैम्पियनशिप
18.	वाटर पोलो (पुरुष)	अंडर-18	जूनियर नेशनल एक्वाटिक्स चैम्पियनशिप
13	भारोत्तोलन (पुरुष)	अंडर-20	जूनियर नेशनल वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप

3.5 शैक्षणिक योग्यता - अधिसूचना की अनुक्रिया में आवेदन करते समय उम्मीदवारों के पास नीचे उल्लेखानुसार वांछित अकादमी योग्यता होनी चाहिए। अंतिम परीक्षा दे रहे हैं तथा/अथवा अंतिम परीक्षा के परिणाम की प्रतीक्षा करने वाले व्यक्ति पात्र नहीं हैं। शैक्षणिक योग्यताएं मान्यताप्राप्त संस्थानों से होनी चाहिए।

पदस्थापन पे मैट्रिक्स (7वां सीपीसी)	न्यूनतम निर्धारित शैक्षणिक योग्यता
लेवल-4/लेवल-5	विश्वविद्यालय की डिग्री अथवा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से इसकी समकक्ष डिग्री।
लेवल-2/लेवल-3	12वीं (10+ 2 स्टेज) या उसके बराबर की परीक्षा पास की हो। शैक्षणिक योग्यता किसी सरकारी मान्यता प्राप्त बोर्ड/काउंसिल/संस्थान इत्यादि से होनी चाहिए अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन पास किया होना चाहिए साथ में एक्ट अप्रेंटिसशिप का पाठ्यक्रम पूरा किया होना चाहिए किसी सरकारी मान्यता प्राप्त बोर्ड/काउंसिल/संस्थान इत्यादि से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण किया होना चाहिए साथ में आईटीआई अथवा इसके समकक्ष परीक्षा अथवा एनसीवीटी द्वारा स्वीकृत नेशनल अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट (एनएसी) पास किया होना चाहिए [न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता प्रस्तावित पद के लिए लागू योग्यता के अनुसार होनी चाहिए]
लेवल-1	10वीं पास या आईटीआई या उसके बराबर या एनसीवीटी द्वारा स्वीकृत नेशनल अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट (एनएसी)।

टिप्पणी: (i) टेक्नीशियन-III में खेलकूद कोटे के तहत ग्रुप-सी में नियुक्ति के लिए कम से कम 10वीं पास होना जरूरी है। हालाँकि, ऐसे खेल कोटे के अंतर्गत नियुक्त अभ्यर्थियों की प्रशिक्षण अवधि, चयनित अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता के अनुसार, आरबीई संख्या 92/2024 के प्रावधानों के अधीन विनियमित की जाएगी (ii) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में कोई छूट नहीं दी जाएगी। **(iii)** उम्मीदवारों को आवेदन प्रपत्र भरते समय अपनी शैक्षणिक योग्यता के समर्थन में प्रासंगिक दस्तावेज की छाया प्रतिलिपियां जमा करना अनिवार्य है तथा परीक्षण के दिन मूल शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

4. आवेदन कैसे करें :

i) उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनका नाम/वर्तनी, पिता का नाम/वर्तनी, समुदाय की जानकारी, शैक्षणिक योग्यता और जन्म तिथि मैट्रिकुलेशन या उसके बराबर के प्रमाणपत्र में दर्ज जानकारी से मेल खाती हो। **अगर उम्मीदवार के दस्तावेजों में नाम/वर्तनी/तारीख आदि में कोई बड़ा अंतर या गड़बड़ी पाई जाती है, तो जिस दिन यह गड़बड़ी पता चलेगी, उसी दिन से उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। इस मामले में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने दस्तावेजों को अच्छी तरह से जांच लें। ii)** योग्य उम्मीदवारों को आरआरसी/एसईआर की वेबसाइट **(www.rreser.co.in)** पर जाकर ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिए गए लिंक का इस्तेमाल करना होगा और अपनी व्यक्तिगत जानकारी/बायो-डेटा ध्यान से भरना होगा। **iii)** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर और व्यक्तिगत वैध ई-मेल आईडी दें और पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान उनसे बातचीत के लिए इन्हें सक्रिय रखें।

4.1 परीक्षा शुल्क -

(i) नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा:

(क) यूआर/ओबीसी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए	रु. 500/- (रुपये पांच सौ मात्र)
(ख) एससी/एसटी/भूतपूर्व सैनिक/दिव्यांगजन, महिला, अल्पसंख्यक तथा आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए	रु 250/- (रुपये दो सौ पचास मात्र)

ii) परीक्षा शुल्क इंटरनेट बैंकिंग के जरिए ऑनलाइन अथवा डेबिट अथवा क्रेडिट कार्डों के लिए भुगतान करना होगा (उम्मीदवारों को शुल्कों के भुगतान के लिए सेवा प्रभार का वहन करना होगा)। **iii)** परीक्षा शुल्क नकदी/चेक/मनी आर्डर/सेंट्रल रिक्रूटमेंट फीस स्टैम्प/डिमांड ड्राफ्ट में स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा फलस्वरूप आवेदन रद्द कर दिया जाएगा)। **iv)** उम्मीदवारों को यह बताना होगा कि क्या वे परीक्षण में शामिल होने पर परीक्षा शुल्क का वापसयोग्य हिस्सा (लागू होने के अनुसार रु. 400/- या रु. 250/-) उसी खाते में वापस पाना चाहते हैं जिससे उन्होंने भुगतान किया था, या फिर वे कोई दूसरा खाता (लाभार्थी खाता) देना चाहते हैं जिसमें वे रिफंड पाना चाहते हैं (जैसे लाभार्थी का नाम, खाता नंबर, बैंक का नाम और उसका आईएफएससी कोड)। परीक्षा शुल्क का वापस योग्य हिस्सा लागू बैंक शुल्क काटकर वापस किया जाएगा। **v)** जो योग्य उम्मीदवार असल में परीक्षण में शामिल होंगे, उन्हें परीक्षा शुल्क का वापस योग्य हिस्सा वापस किया जाएगा: यूआर/ओबीसी के लिए रु. 400/- और एससी/एसटी/पूर्व सैनिक/दिव्यांग/महिलाएं/अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए रु. 250/-।

4.2 अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज:-

फोटोग्राफ:

क) यह सफेद/हल्के रंग के बैकग्राउंड वाली रंगीन पासपोर्ट-साइज़ फोटो होनी चाहिए। इसका आकार 3.5 सेमी x 3.5 सेमी होना चाहिए (आवेदन की तारीख से तीन महीने से ज्यादा पुरानी नहीं)। यह जेपीजी/जेपीईजी प्रारूप में और 100 डीपीआई रिजॉल्यूशन पर स्कैन की हुई होनी चाहिए। फोटो का साइज 70 केबी तक होना चाहिए। **ख)** फोटो उम्मीदवार के उस रूप से मेल खानी चाहिए जो परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा जांच के दिनों में होगा। **ग)** फोटो में उम्मीदवार का चेहरा सामने से साफ दिखना चाहिए और उसने टोपी या धूप का चश्मा नहीं पहना होना चाहिए। **घ)** अगर उम्मीदवार चश्मा पहनता है, तो फोटो में चश्मे पर कोई चमक/रिफ्लेक्शन नहीं होना चाहिए और आँखें साफ दिखनी चाहिए। **ङ)** भर्ती प्रक्रिया के सभी चरणों में सभी दस्तावेजों पर उम्मीदवार की फोटो एक जैसी होनी चाहिए। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे उसी फोटो की कम से कम 06 (छह) प्रतियाँ आगे इस्तेमाल के लिए रखें, जिनकी भर्ती प्रक्रिया के दौरान जरूरत पड़ सकती है।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

(पृष्ठ 9 का शेष)

हस्ताक्षर एवं एलटीआई:

क) आवेदक को सफेद कागज पर काले रंग की स्याही से 50 मिमी x 20 मिमी या 140x60 पिक्सल के बॉक्स के अंदर हस्ताक्षर करने होंगे और बाएं हाथ के अंगूठे का निशान (एलटीआई) लगाना होगा। इमेज जेपीजी/जेपीईजी प्रारूप में और 100 डीपीआई रिज़ॉल्यूशन पर स्कैन की हुई होनी चाहिए। फाइल का साइज 10-40 केवी के बीच होना चाहिए। **ख)** हस्ताक्षर और एलटीआई आवेदक के ही होने चाहिए, किसी और व्यक्ति के नहीं; अन्यथा इसे प्रतिरूपण/धोखाधड़ी माना जाएगा। इसके बाद उम्मीदवार को स्कैन की हुई फोटो, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और हस्ताक्षर नीचे बताए गए तरीके से अपलोड करने होंगे। **ग)** भर्ती प्रक्रिया के सभी चरणों में सभी दस्तावेजों पर उम्मीदवार के हस्ताक्षर एक जैसे होने चाहिए। परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन, चिकित्सा जांच आदि के समय अलग-अलग तरीके में हस्ताक्षर करने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। **घ)** हस्ताक्षर हिंदी या अंग्रेजी में होने चाहिए और कैपिटल या अलग-अलग अक्षरों में नहीं होने चाहिए।

अन्य दस्तावेज (सिर्फ पीडीएफ प्रारूप में):

क) आवेदन प्रपत्र के साथ किसी सरकारी संस्था/अथॉरिटी द्वारा जारी वैध फोटो पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आईडी कार्ड) की स्व-प्रमाणित कॉपी अपलोड की जानी चाहिए। उम्मीदवार को भर्ती प्रक्रिया के सभी चरणों में ई-कॉल लेटर के साथ यह पहचान पत्र साथ रखना चाहिए ताकि ऑनलाइन आवेदन में दी गई व्यक्तिगत जानकारी (जैसे नाम/वर्तनी, जन्म तिथि आदि) की पुष्टि की जा सके। **ख)** पैरा 3.5 के अनुसार बोर्ड/काउंसिल/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण के तौर पर स्व-प्रमाणित प्रमाणपत्र आवेदन प्रपत्र के साथ अपलोड किया जाना चाहिए। **ग) केवल मान्यता प्राप्त स्पोर्ट्स एसोसिएशन या इंडियन यूनिवर्सिटी से दिनांक 01.04.2024 को या उसके बाद से अब तक आयोजित चैंपियनशिप के लिए खेलकूद उपलब्धियों के प्रमाणपत्र ही अपलोड किए जाने चाहिए।** **घ)** पैरा 3.1 के अनुसार आयु के प्रमाण के तौर पर स्व-प्रमाणित प्रमाणपत्र (मैट्रिकुलेशन/10वीं का प्रमाणपत्र)। **ङ)** पैरा 3.2, 3.3 और 3.4 के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त खेलकूद उपलब्धियों के प्रमाण के तौर पर स्व-प्रमाणित प्रमाणपत्र। **च)** एससी और एसटी समुदायों से होने का दावा करने वाले उम्मीदवार - परिशिष्ट-I के अनुसार सक्षम अधिकारी से प्राप्त स्व-प्रमाणित समुदाय प्रमाणपत्र ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड करें। **छ) ओबीसी-एनसीएल उम्मीदवार:** इन्हें परिशिष्ट-II के अनुसार सक्षम अधिकारी से प्राप्त स्व-प्रमाणित समुदाय प्रमाणपत्र ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड करना होगा। उन्हें परिशिष्ट-IIए के अनुसार स्व-घोषणा पत्र भी जमा करना होगा जिसमें यह बताया गया हो कि उम्मीदवार क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है। **ईबीसी उम्मीदवार:** ईबीसी से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों को इस अधिसूचना के निर्धारित प्रारूप परिशिष्ट-III में सक्षम अधिकारी से प्राप्त स्व-प्रमाणित आय प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। **ज) ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार:** ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को परिशिष्ट -IV के अनुसार सक्षम अधिकारी से प्राप्त स्व-प्रमाणित ईडब्ल्यूएस प्रमामपत्र ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड करना होगा। **ज) अल्पसंख्यक उम्मीदवार:** अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क में छूट के लिए घोषणा पत्र अपलोड करना होगा। (इस अधिसूचना के परिशिष्ट-V के अनुसार)। **झ) भूतपूर्व-सैनिक** - डिस्चार्ज प्रमाणपत्र और पेंशन से संबंधित दस्तावेज (पीपीओ की कॉपी)। **ञ)** अंग्रेजी या हिंदी के अलावा अन्य भाषाओं के प्रमाणपत्र के साथ अंग्रेज़ी/हिंदी में प्रमाणित अनुवाद भी होना चाहिए।

4.3. ऑनलाइन आवेदन जमा करने का तरीका:

i) आरआरसी-एसईआर की वेबसाइट **www.rrecer.co.in** पर जाएं और **"Online/E-Application for Sports Quota(OA)/2026-27"** लिंक पर क्लिक करें। **"New Registration"** लिंक पर क्लिक करें। **ii)** व्यक्तिगत जानकारी अर्थात् नाम, पिता का नाम, जन्म की तारीख, समुदाय, ई-मेल एड्रेस तथा मोबाइल नम्बर भरें। आवश्यक विवरण भरे जाने पर पंजीकृत ई-मेल आईडी/मोबाइल नम्बर पर एक ई-मेल/एसएमएस प्राप्त होंगे। अपने पंजीकृत ई-मेल/एसएमएस का इनबॉक्स खोलें तथा उसमें दिए गए पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड नोट करें। **iii) लॉगिन**- ई-मेल/एसएमएस में भेजे गए पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का इस्तेमाल करके लॉग-इन करें।

क)	निर्देशों का पालन करें और पंजीकरण की प्रक्रिया को कदम-दर-कदम पूरा करें।
ख)	रिफंड के लिए बैंक खाता चयन की प्रक्रिया में शामिल होने वाले उम्मीदवार पैरा 4.1 में दिए गए विवरण के अनुसार परीक्षा शुल्क रिफंड पाने के पात्र हैं। उम्मीदवारों को यह बताना होगा कि क्या वे उसी बैंक खाते में रिफंड पाना चाहते हैं जिसका इस्तेमाल पेमेंट के लिए किया गया था अथवा वे किसी दूसरे लाभार्थी खाते में रिफंड पाना चाहते हैं। अगर वे दूसरे खाते में रिफंड चाहते हैं, तो उन्हें ऑनलाइन आवेदन में लाभार्थी का नाम, खाता सं., बैंक का नाम और आईएफएससी कोड जैसी जानकारी देनी होगी। जिन उम्मीदवारों ने उसी खाते में रिफंड पाने की पुष्टि की है जिससे उन्होंने आवेदन शुल्क का भुगतान किया था, उन्हें ये जानकारी भरने की जरूरत नहीं है; इसलिए, उन्हें यह विकल्प दिखाई नहीं देगा। यह विकल्प केवल उन उम्मीदवारों के लिए है जो उस खाते में रिफंड नहीं पाना चाहते जिससे उन्होंने परीक्षा शुल्क का भुगतान किया था।
ग)	एक वैध फोटो पहचान पत्र की जानकारी दें और उसे अपलोड करें।
घ)	फोटो, हस्ताक्षर और एलटीआई, जन्म तिथि, जरूरी शिक्षा/तकनीकी योग्यता और जाति अर्थात् एससी/एसटी/ओबीसी/ईबीसी/ईडब्ल्यूएस के प्रमाण के तौर पर स्व-प्रमाणित प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों के लिए स्व-घोषणा पत्र और खेल-कूद से जुड़ी उपलब्धियों के प्रमाण पत्र स्कैन की गई कॉपी अपलोड करें।
ङ)	क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल करके जरूरी भुगतान करें।
च)	ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय, हर उम्मीदवार के लिए एक यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर जनरेट और जारी किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया के अगले चरणों या बातचीत के लिए अपना रजिस्ट्रेशन नंबर संभालकर रखें या नोट कर लें।
छ)	ऑनलाइन आवेदन अंतिम रूप से जमा करने के बाद किसी भी तरह के बदलाव पर विचार नहीं किया जाएगा और हार्ड कॉपी वैसी ही होनी चाहिए जैसी ऑनलाइन जमा की गई थी। ठीक से भरा हुआ आवेदन प्रपत्र जमा करें और भरे हुए आवेदन प्रपत्र के प्रिंट आउट की (02) दो प्रतियां लें।
ज)	उम्मीदवारों के पास अपना मोबाइल नंबर और वैध एवं सक्रिय पर्सनल ईमेल-आईडी होनी चाहिए और उन्हें भर्ती प्रक्रिया के पूरे समय के दौरान इन्हें चालू रखना चाहिए, क्योंकि आरआरसी भर्ती से जुड़ी सभी जानकारी केवल एसएमएस और ईमेल के जरिए भेजेगा।
झ)	आरआरसी किसी भी चरण में मोबाइल और ईमेल एड्रेस बदलने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगा।
ञ)	आखिरी समय की हड़बड़ी से बचने के लिए, उम्मीदवारों को अपनी भलाई हेतु सलाह दी जाती है कि वे आखिरी तारीख से काफी पहले पंजीकरण करें और ऑनलाइन आवेदन जमा करें। ऐसा इसलिए है क्योंकि ऑनलाइन पंजीकरण के आखिरी दिनों में इंटरनेट या वेबसाइट पर ज्यादा लोड होने के कारण संबंधित आरआरसी की वेबसाइट पर लॉग-इन करने में दिक्कत या विफलता हो सकती है।
ट)	ऊपर बताई गई वजहों या किसी और वजह से अगर उम्मीदवार आखिरी दिन तक अपना पंजीकरण नहीं करवा पाते हैं या आवेदन जमा नहीं कर पाते हैं, तो आरआरसी इसके लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा।
थ)	ऑनलाइन आवेदन भरने में कोई भी दिक्कत आने पर, कृपया आरआरसी/एसईआर की वेबसाइट पर दिए गए हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी पर संपर्क करें।
द)	उम्मीदवार ध्यान दें कि आरआरसी को सीधे भेजे गए आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

4.4 अवैध आवेदन:

नीचे दी गई कमियों, विसंगतियों या अनियमितताओं वाले आवेदनों को तुरंत निरस्त कर दिया जाएगा:

i)	मैन्युअल रूप से भेजे गए और ऑनलाइन पंजीकरण न किए गए आवेदन।
ii)	एक ही उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक आवेदन का पंजीकरण।
iii)	अनुसूची के अनुसार अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन।
iv)	इस अधिसूचना में बताई गई परीक्षा शुल्क का भुगतान किए बिना या कम भुगतान करके किया गया आवेदन।
v)	ऐसे आवेदन जो किसी भी तरह से अधूरे, गलत या अयोग्य हों।
vi)	बिना तारीख, बिना हस्ताक्षर या बड़े/अलग-अलग अक्षरों में हस्ताक्षर किए गए आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं।
vii)	बिना सही स्कैन की गई फोटो, हस्ताक्षर और एलटीआई या अन्य जरूरी दस्तावेजों के आवेदन।
viii)	फोटो पहचान पत्र और जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, मान्यता प्राप्त खेल उपलब्धि, जाति/समुदाय आदि से संबंधित सही प्रमाणपत्र अपलोड किए बिना आवेदन जैसा कि इस अधिसूचना में बताया गया है। सही प्राधिकारी से प्राप्त न किए गए प्रमाणपत्र निरस्त किए जा सकते हैं।
ix)	आवेदन जमा करते समय उम्मीदवार के पास जरूरी शैक्षणिक योग्यता और न्यूनतम खेल उपलब्धियां न होना।
x)	उम्र की सीमा से अधिक होना या जन्म तिथि न भरना या गलत भरना।
xi)	फोटो अपलोड न करना, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो, टोपी या धूप का चश्मा पहने हुए फोटो, खराब फोटो, छोटे आकार की फोटो, पूरी बॉडी की फोटो, चेहरे का केवल एक तरफ का दृश्य या ऐसी फोटो जिसे पहचाना न जा सके आदि।
xii)	कोई अन्य अनियमितता जिसे आरआरसी/एसईआर द्वारा अमान्य माना जाए।
xiii)	अगर आवेदन के प्रारूप में बताए गए जरूरी दस्तावेज में से कोई भी दस्तावेज साथ नहीं लगाया गया है, या आवेदन में कोई कमी पाई जाती है, तो आवेदन निरस्त हो सकता है।
xiv)	कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए; ऐसा करने पर आवेदन निरस्त हो सकता है।
xv)	आवेदन में विषय/क्षेत्र का जिक्र होना चाहिए। ऐसा न करने पर आवेदन निरस्त हो सकता है।

नोट: यह तालिका सिर्फ उदाहरण के लिए है, पूरी नहीं है। आरआरसी को किसी भी स्टेज पर कोई भी गड़बड़ी या कमी दिखने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

4.5. ध्यान देने योग्य जरूरी बातें:

(i) चुने गए उम्मीदवारों को प्रशिक्षण, जहाँ जरूरी हो, सहित नियुक्ति से पहले की सभी जरूरी प्रक्रियाएँ पूरी होने के बाद दक्षिण पूर्व रेलवे में कहीं भी पदस्थापित किया जा सकता है। **(ii)** किसी पद के लिए आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह पक्का कर लेना चाहिए कि वह उस पद के लिए तय योग्यता और अन्य शर्तों को पूरा करता है। भर्ती के किसी भी चरण पर जरूरी शर्तों को पूरा न करने वाले किसी भी आवेदन को निरस्त करने के लिए रेलवे प्रशासन स्वतंत्र होगा, और अगर गलती से नियुक्ति हो जाती है, तो ऐसे उम्मीदवार को नियुक्ति के बाद भी नौकरी से तुरंत हटाया जा सकता है। **(iii)** नौकरी कर रहे उम्मीदवारों के मामले में, नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र साथ लगाना होगा। **(iv)** जो उम्मीदवार किसी भी आरआरबी/आरआरसी परीक्षा में बैठने से रोके गए हैं, उन्हें तब तक आवेदन नहीं करना चाहिए जब तक कि इस रोजगार अधिसूचना की आखिरी तारीख तक उनकी रोक की अवधि खत्म न हो जाए। ऐसा न करने पर उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। **(v)** आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों से होने के कारण शुल्क में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को परिशिष्ट-III भरना होगा और उसमें बताए गए सही प्राधिकारी से प्रमाणित करवाना होगा। अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क में छूट का दावा करने के लिए परिशिष्ट-V में दिए गए प्रारूप में स्वयं घोषणा देना होगा। और ऐसे उम्मीदवारों को अल्पसंख्यक उम्मीदवार से संबंधित होने की पुष्टि करते हुए एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के सामने शपथ लेकर 10 रुपये के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अल्पसंख्यक समुदाय के होने का घोषणा संबंधी हलफनामा देना होगा। **(vi)** सक्षम अधिकारी द्वारा सफल घोषित किए गए उम्मीदवार के नाम अलग से प्रकाशित किए जाएँगे। उनकी उम्मीदवारी तब तक अस्थायी रहेगी जब तक कि योग्यता, प्रमाणपत्र आदि का विभागीय सत्यापन पूरा न हो जाए और वे सही न पाए जाएँ, साथ ही मौजूदा नियमों के अनुसार अन्य प्रक्रियाएँ पूरी न हो जाएँ। नियुक्ति के लिए प्रमाणपत्र का सत्यापन भी एक जरूरी शर्त होगी। **(vii)** योग्य/अयोग्य उम्मीदवारों की सूची और तारीखें आरआरसी/एसईआर की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएंगी। **(viii)** योग्य उम्मीदवारों के लिए, ई-कॉल लेटर/एडमिट कार्ड डाउनलोड करने का लिंक भी सही समय पर आरआरसी की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के सभी चरणों, जैसे परीक्षण, दस्तावेजों का सत्यापन आदि में ऑनलाइन आवेदन और ई-कॉल लेटर के साथ मूल फोटो पहचान पत्र लाना होगा। **(ix)** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे चयन के चरणों से जुड़ी अलग-अलग जानकारी के लिए आरआरसी/एसईआर की वेबसाइट को नियमित रूप से देखा करें। अगर उम्मीदवार आरआरसी/एसईआर की वेबसाइट पर सूचना नहीं देखते हैं, तो इसके लिए रेलवे प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा। **(x)** परीक्षण में शामिल होने के लिए योग्य पाए गए उम्मीदवारों की सूची, परीक्षण की तारीखें और जगह, और इस भर्ती से जुड़ी दूसरी जरूरी जानकारी आरआरसी/एसईआर की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। **(xi)** एससी/एसटी उम्मीदवार खेलकूद परीक्षण में शामिल होने के लिए द्वितीय श्रेणी में मुफ्त रेल यात्रा के हकदार होंगे। **(xii)** चुने गए उम्मीदवारों को नियुक्ति से पहले जरूरी चिकित्सकीय फिटनेस मानकों को पूरा करना होगा। **(xiii)** चुने गए उम्मीदवारों को 'सर्विस बॉन्ड' जमा करना होगा, जिसके तहत उन्हें रेलवे के साथ 5 साल तक काम करना होगा। **(xiv)** ग्रुप-सी रेलवे सेवा में क्लर्क-कम-टाइपिस्ट के पद पर नियुक्ति होने पर, उम्मीदवारों को नियुक्ति की तारीख से चार साल के अंदर अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 25 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग स्पीड हासिल करनी होगी, और तब तक नियुक्ति अस्थायी रहेगा। **(xv)** इस भर्ती से जुड़े सभी मामलों में दक्षिण पूर्व रेलवे का निर्णय अंतिम होगा। **(xvi)** अयोग्य उम्मीदवारों को अस्वीकृति की कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी, सिवाय ऊपर बताई गई वेबसाइट पर सूची अपलोड करने के। **(xvii)** उम्मीदवार रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, दक्षिण पूर्व रेलवे की वेबसाइट **www.rreser.co.in** पर उपलब्ध भर्ती सूचना डाउनलोड कर सकते हैं।

4.6 किसी भी कानूनी विवाद के मामले में, अधिकार क्षेत्र सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल, कलकत्ता होगा।

नोट: कृपया परीक्षण के दिन जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, खेल उपलब्धियों और पहचान प्रमाण के मूल दस्तावेज साथ लाएं; इनके बिना आपको चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। चयन परीक्षण में शामिल होने के लिए कोई टीए/डीए/आवास नहीं दिया जाएगा। आपको अपनी किट खुद लानी होगी। चयन प्रक्रिया के दौरान आपको 2-3 दिन तक रुकना पड़ सकता है, जिसके लिए आपको खुद व्यवस्था करनी होगी। **आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों की 02 प्रतियां स्वयं सत्यापित होनी चाहिए।**

(शेष पृष्ठ 11 पर)

(पृष्ठ 10 का शेष)

5. चयन प्रक्रिया:

चयन खेल प्रदर्शन में प्रदर्शन और उसके बाद इस रेलवे की विधिवत गठित भर्ती समिति द्वारा प्रमाण पत्र (खेल और शैक्षणिक) सत्यापन के आधार पर किया जाएगा। परीक्षण और प्रमाण पत्र सत्यापन के स्थान और तिथि की सूचना योग्य उम्मीदवारों को उचित समय पर दी जाएगी।

5.1 अंकों का वितरण:

परीक्षण के दौरान प्रदर्शन के लिए परीक्षण समिति और प्रमाण पत्र सत्यापन चरण के दौरान भर्ती समिति द्वारा दिए जा सकने वाले अधिकतम अंक इस प्रकार होंगे:-

क्र.सं.	विशेषताएँ	अधिकतम अंक
1	नियमों के अनुसार मान्यता प्राप्त खेल उपलब्धि	50
2	खेल कौशल, शारीरिक फिटनेस और परीक्षण के दौरान कोच का अवलोकन	40 (योग्यता का न्यूनतम अंक-25)
3	शैक्षणिक योग्यता	10
	कुल	100

5.2 योग्यता के न्यूनतम अंक:

क्र सं.	पे बैंड	ग्रेड पे (रु. में)	योग्यता के न्यूनतम अंक (100 में से)
1	पीबी-1	2400/2800	70
2	पीबी-1	1900/2000	65
3	पीबी-1	1800	60

5.3 (i) भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से किसी खास क्षेत्र में रिक्तियों के लिए उम्मीदवारों की प्रतिभा पर आधारित है। किसी भी तरह की पैरवी करने पर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। अगर किसी खास क्षेत्र में एक से ज्यादा खिलाड़ियों के अंक बराबर होते हैं, तो प्रतिभा तय करने के लिए कम उम्र वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। **(ii)** रेलवे प्रशासन के पास अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षण की तारीख तय करने, जगह बदलने या उसे टालने का पूरा अधिकार है। इसे अचानक आई किसी ज़रूरत की वजह से रद्द भी किया जा सकता है, जिसके लिए कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सावधानी: भर्ती पूरी तरह से प्रतिभा पर आधारित है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने इस भर्ती के लिए अपनी ओर से काम करने के लिए किसी एजेंट या कोचिंग सेंटर को नियुक्त नहीं किया है। उम्मीदवारों को सावधान किया जाता है कि वे गलत तरीके से या गैर-कानूनी ढंग से इस भर्ती में चुने जाने का दावा करने वाले किसी भी बेईमान व्यक्ति या एजेंसी के झांसे में न आएं। अगर उन्हें ऐसे किसी व्यक्ति या एजेंसी के बारे में पता चलता है, तो कृपया अध्यक्ष, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 को सूचित करें। वे वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 को भी सूचित कर सकते हैं।

अध्यक्ष, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
दक्षिण पूर्व रेलवे

(PR-900)

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

EN 31/43

आनुवंशिकी विभाग

आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
नई दिल्ली-110012

क्रमांक. आनुवंशिकी/कॉर्पस/2026-27/

साक्षात्कार हेतु आमंत्रण

आईसीएआर - आईएआरआई के आनुवंशिकी विभाग के प्रमुख, केंद्रीय कोष द्वारा वित्त पोषित परियोजना के अंतर्गत अनुबंध आधार पर 42000/- रुपये प्रति माह के समेकित वेतनमान पर **वाईपी-II** के एक पद को भरना चाहते हैं. इच्छुक उम्मीदवार **13 नवंबर 2026 को सुबह 10:00 बजे** आनुवंशिकी विभाग में अपने बायोडाटा की प्रति और मूल दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार में शामिल होने के लिए उपस्थित हों. पद का विवरण, आवश्यक योग्यताएं, बायोडाटा का प्रारूप आदि वेबसाइट **http://www.iari.res.in** पर उपलब्ध हैं.

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

EN 31/15



नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर

तकनीकी सहयोग संस्थान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएच एंड एफडब्ल्यू) की ओर से नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतः संविदा के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

क्र. सं.	पद	रिक्तियों की संख्या	आयु सीमा	मुआवजा
1	फाइनेंस कंट्रोलर (पीएम–एबीएचआईएम), एमओएच एंड एफडब्ल्यू	01	60 वर्ष तक	रु. 90,000/– से रु. 1,50,000/– प्रति माह के बीच

योग्यता और अनुभव : आवश्यक योग्यता और अनुभव के विवरण के साथ टर्म्स ऑफ रेफरेन्स (टीओआर) **www.nhsrcindia.org, www.mohfw.gov.in** और **www.devnetjobsindia.org** पर उपलब्ध हैं। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही जमा किए जाने चाहिए (जैसा कि वेबसाइट पर बताया गया है)। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **10 नवंबर 2026** है।

EN 31/20

कृते प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, एनएचएसआरसी

राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड
National Fisheries Development Board
मत्स्यपालन विभाग/Department of Fisheries
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय / Ministry of Fisheries, Animal Husbandry & Dairying
भारत सरकार /Government of India
स्तम्भ संख्या-235, पी.वी.एन.आर एक्सप्रेस वे, डाक-एस.वी.पी.एन.पी. ए. हैदराबाद- 500052
Pillar No: 235, PVNR Expressway, SVPNPA Post, Hyderabad-500 052
फ़ोन/ Phone No. 040- 24000201; फैक्स/ Fax No: 040-2401 5568; मेल/ Mail: info.nfdb@nic.in

संख्याः A-12.0015.0/1/2024-Budg_acc

वॉक्-इन इंटरव्यू (साक्षात्कार) की अधिसूचना

दिनांकः 31.10.2026

नीचे बताए गए पदों पर सलाहकारों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त करने के लिए, 13 नवंबर 2026 को सुबह 10:30 बजे राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, हैदराबाद, तेलंगाना-500052 में एक वॉक्-इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा:

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	पोस्टिंग का स्थान
1	एफ़आईडीएफ़-निगरानी और मूल्यांकन विशेषज्ञ (मत्स्यपालन)	01	मत्स्यपालन विभाग, नई दिल्ली
2	एफ़आईडीएफ़-निगरानी सहायक	01	
3	सलाहकार ग्रेड-I (तकनीकी)	01	एनएफडीबी- क्षेत्रीय केंद्र, पटना, बिहार
4	सलाहकार ग्रेड-II (तकनीकी)	01	एनएफडीबी- क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर

पद के लिए विवरण/योग्यता मानदंड और आवेदन प्रपत्र देखने के लिए, कृपया विस्तृत अधिसूचना के लिए स्कैन करें:

EN 31/21

कार्यकारी निदेशक (F&A) प्रभारी

संयुक्त विद्युत नियामक आयोग

(गोवा राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए)
तीसरी और चौथी मंजिल, प्लॉट नंबर 55-56, उद्योग विहार, चरण-IV, सेक्टर-18, गुरुग्राम, हरियाणा-122015
फ़ोन नंबर : 0124-4684705 ई-मेल : secy.jercuts@gov.in, वेबसाइट : www.jercuts.gov.in

संदर्भ सं. ई-10VI/1/2020-ई-पार्ट (2)

दिनांकः 16/10/2026

रिक्ति परिपत्र

संयुक्त विद्युत नियामक आयोग (गोवा राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए), विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत गठित एक वैधानिक निकाय, केंद्र सरकार/राज्य सरकार/केंद्र शासित प्रदेशों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों के अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति पर विदेशी सेवा शर्तों के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है, जिसमें 7वें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स के स्तर 11 में **प्रधान निजी सचिव** के एक (01) पद को भरना शामिल है.

पद का विवरण, जैसे वेतनमान, आवश्यक योग्यताएं/पात्रता सेवा और अनुभव आदि, जेईआरसी की वेबसाइट **www.jercuts.gov.in** पर "रिक्तियां" उपशीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध है. इस आयोग में आवेदन प्राप्त करने की **अंतिम तिथि** 04.01.2027 है.

EN 31/13

राजेश डांगी, सचिव (प्रभारी)

रिक्ति परिपत्र
फा. सं 5(5)/2026-एबीसीडी
भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन,
6-सीजीओ कॉम्प्लेक्स
नई दिल्ली-110003

महानिदेशक, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योनिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी), एमईआईटी-वाई के अंतर्गत स्वायत्त सोसायटी, के पद को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करना.

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), महानिदेशक, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योनिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी), एमईआईटीवाई के अधीन एक स्वायत्त निकाय, के पद को लेवल 15 के वेतन मैट्रिक्स (1,82,200 - 2,24,100 रुपये) के वेतनमान में सीधी भर्ती /प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) प्रणाली से भरने का प्रस्ताव किया है. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन के बाद पड़ने वाला दिन होगा.

2. इसके अलावा, विवरण और आवेदन प्रपत्र एमईआईटीवाई **(www.meity.gov.in); एनआईईएलआईटी (www.nielit.gov.in); डीओपीटी (www.persmin.gov.in)** और **नेशनल करियर सर्विस पोर्टल (www.ncs.gov.in)** की वेबसाइटों से प्राप्त किए जा सकते हैं.

CBC 06101/11/0017/2627

EN 31/32

बीआरआईसी
बायोटेक्नोलॉजी विभाग का संगठन
BRIC
a DBT Organization

सी डी एफ डी
CDFD
Innovating to benefit society

डी एन ए फिंगरप्रिंटिंग एवं निदान केन्द्र (बी आर आई सी - सी डी एफ डी)
CENTRE FOR DNA FINGERPRINTING AND DIAGNOSTICS (B R I C - C D F D)

जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान और नवाचार परिषद, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन अनुसंधान संस्थान
A Research Institute under Biotechnology Research and Innovation Council Department of Biotechnology, Ministry of Science & Technology, Government of India इनर रिंग रोड, उप्पल, हैदराबाद, तेलंगाना, भारत / Inner Ring Road, Uppal, Hyderabad – 500039, Telangana, India दूरभाष / Tel : +91-40-2721 6090 / 6086, फैक्स / Fax: +91-40-2721 6006 वेबसाइट / Website: http://www.cdfd.org.in

विज्ञापन सं.: 04/2026

डी एन ए फिंगरप्रिंटिंग एवं निदान केंद्र (सी डी एफ डी), हैदराबाद, जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान और नवाचार परिषद (बी आर आई सी), जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय का एक अनुसंधान संस्थान है, जिसे भारत सरकार द्वारा स्थापित और पूरी तरह से वित्त पोषित किया गया है, जिसे डी एन ए फिंगरप्रिंटिंग और आनुवंशिक विकारों के निदान में सेवाएं प्रदान करने और आधुनिक जीव विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी अनुसंधान करने के लिए स्थापित किया गया है। **बीआरआईसी – सीडीएफडी वैज्ञानिक संवर्ग में विभिन्न स्तरों पर निम्नलिखित संकाय पदों पर भर्ती करना चाहता है।**

(1) वैज्ञानिक - V (पे मैट्रिक्स लेवल - 13) मूल वेतन ₹ 1,23, 100/-, कुल मासिक परिलब्धियां: ₹ 2,45,410/- पदों की संख्या: 02 (अनारक्षित)

(2) वैज्ञानिक - IV (पे मैट्रिक्स लेवल - 12) मूल वेतन ₹ 78,800/-, कुल मासिक परिलब्धियां: ₹ 1,61,240/- पदों की संख्या: 02 (01 ई डब्ल्यू एस और 01 ओ बी सी – एन सी एल)

(3) वैज्ञानिक - III (पे मैट्रिक्स लेवल - 11) मूल वेतन ₹ 67,700/-, कुल मासिक परिलब्धियां: ₹ 1,40,150/- पदों की संख्या: 02 (01 ई डब्ल्यू एस और 01 ओ बी सी – एन सी एल)

इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए बी आर आई सी – सी डी एफ डी की वेबसाइट **http://www.cdfd.org.in** पर जाएँ।

EN 31/47

हस्ता./-
प्रमुख - प्रशासन

मुंबई पत्तन प्राधिकरण

विज्ञापन संख्या DR-21, दिनांक: 14.10.2026

सीधी भर्ती के माध्यम से नियमित आधार पर भरे जाने वाले वर्ग-1 के निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र. सं.	पद का नाम		पदांची संख्या व आरक्षण
i	खानपान अधिकारी	:	01 – अनारक्षित (UR)
ii	वरिष्ठ कल्याण अधिकारी	:	02 – अनारक्षित (UR)
iii	उप प्रबंधक (कल्याण)	:	02 – अनारक्षित (UR)
iv	उप निदेशक	:	01 – अनारक्षित (UR)

शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, अनुभव, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि आदि के विवरण के लिए मुंबई पोर्ट प्राधिकरण की वेबसाइट **www.mumbaiport.gov.in** (People & Career / Jobs / Advertisements) पर जाएँ। आवेदन का निर्धारित प्रारूप वेबसाइट से डाउनलोड करके उसमें आवेदन भरें और जमा करें।

EN 31/41

प्रबंधक (मानव संसाधन)

होटल प्रबन्ध और खानपान प्रौद्योगिकी संस्थान

(पर्यटन मंत्रालय के अधीन का स्वायत्त निकाय, भारत सरकार)
कोवलम, तिरूवनन्तपूरम
केरलम् - 695527

Institute of Hotel Management and Catering Technology

(An autonomous body under Ministry of Tourism Government of India)
Kovalam,
Thiruvananthapuram,
Keralam-695 527
PH: 0471-2480283
www.ihmctkovalam.ac.in

सीधी भर्ती

अवर श्रेणी लिपिक

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया **www.cmd.kerala.gov.in** देखें. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन है.

EN 31/12

प्रधानाचार्य

मध्य रेल

रेल्वे भर्ती सेल

रेल्वे भर्ती सेल, पी.डी मेलो' रोड, मुंबई - 400 010

सांकेतिक अधिसूचना

रोजगार सूचना संख्या आरआरसी/सीआर/सांस्कृतिक/03/2026 **दिनांक 05.11.2026**

मध्य रेल वर्ष 2026-27 के लिए सांस्कृतिक कोटा के तहत निम्नलिखित सांस्कृतिक विषयों के पदों को भरने के लिए योग्य सांस्कृतिक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदन खुलने का दिनांक और समय	05/11/2026 सुबह10:00 बजे
आवेदन बंद होने का दिनांक और समय	04/12/2026 शाम 18:00 बजे

अ.क्र	लेवल	(पे बैंड)	सांस्कृतिक विषयों के नाम	पद संख्या
1	लेवल-2	5200-20200	थिएटर अभिनेता (पुरुष)	01
2			हारमोनियम वादक	01

इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत अधिसूचना के लिए कृपया आरआरसी/सीआर की वेबसाइट **www.rrccr.com**, देखें, जो **05/11/2026** से उपलब्ध होगी, **तद्नुसार ऑनलाइन आवेदन करे।**

दिनांक : 16/10/2026

अध्यक्ष आरआरसी/मध्य रेल

EN 31/42

670

---

ncrtc

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड

(भारत सरकार और सहभागी राज्य सरकारों का संयुक्त उद्यम)
गति शक्ति भवन, आईएनए, नई दिल्ली-110023

रिक्ति सूचना

(सं. 38/2026)

एनसीआरटीसी निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	पद एवं वेतनमान	रिक्तियों की संख्या एवं श्रेणी	अधिकतम आयु (वर्ष)	योग्यता	भर्ती का तरीका
1.	महाप्रबंधक/अधिप्राप्ति रु. 1,00,000-2,60,000 (ई7)	01	50	अनिवार्यः सिविल इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक. अथवा इसके समकक्ष योग्यता (पूर्णकालिक).	तत्काल आमेलन

- आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख एनसीआरटीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत रिक्ति सूचना के अनुसार होगी.

- यह एक सांकेतिक विज्ञापन है. अनुभव, पात्रता मानदंड, आवेदन-पत्र, पदों/विषयों को जोड़ने या हटाने संबंधी सूचना, संशोधन तथा शुद्धिपत्र आदि के बारे में अधिक जानकारी के लिए एनसीआरटीसी की वेबसाइट **www.ncrtc.in** के 'Career' अनुभाग में उपलब्ध रिक्ति सूचना सं. 38/2026 देखें.

EN 31/48

कोल इण्डिया लिमिटेड

(एक महारत्न कंपनी)
(भारत सरकार का एक उद्यम)

विज्ञापन संख्याः 08/2026

पार्श्व प्रवेश के जरिए ई-8 स्तर में अनुभवी पेशेवरों की भर्ती

कोल इण्डिया लिमिटेड (सीआईएल), भारत सरकार, कोयला मंत्रालय के अंतर्गत एक अनुसूची 'ए' महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम अपने नवीकरणीय ऊर्जा एवं ताप विद्युत क्षेत्रों में पार्श्व प्रवेश के ज़रिए अनुभवी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करती है। भर्ती का उद्देश्य तेजी से बढ़ रहे ऊर्जा के क्षेत्र में सीआईएल की संस्थागत, प्रबंधकीय एवं तकनीकी क्षमता को मजबूत करना तथा पारम्परिक कोयला खनन के परिचालन से आगे इसके विविधिकरण में सहायता प्रदान करना है।

कंपनी के नवीकरणीय ऊर्जा एवं ताप विद्युत क्षेत्रों में रणनीतिक विस्तार के हिस्से के रूप में, सीआईएल अपने नेतृत्व दल में शामिल होने के लिए प्रतिभाशाली एवं गतिशील पेशेवरों की तलाश कर रही है।

नवीकरणीय ऊर्जा एवं ताप विद्युत क्षेत्रों में **ई-8** स्तर पर पार्श्विक भर्ती के जरिए कुल **03 (तीन)** पदों को भरने का प्रस्ताव है, जिसका विवरण नीचे उल्लेखित हैः

क्र. सं.	पद / स्तर	पदों की संख्या
1.	**महाप्रबंधक (ई-8) - नवीकरणीय**	**01**
2.	**महाप्रबंधक (ई-8) - सिविल (ताप विद्युत परियोजनाएं)**	**01**
3.	**महाप्रबंधक (ई-8) - यांत्रिक (ताप विद्युत परियोजनाएं)**	**01**
	कुल	**03**

महत्वपूर्ण तिथियों, ऑनलाइन आवेदन तथा पात्रता के मानदंड, रिक्तियों की संख्या, ऊपरी आयु की सीमा, आवेदन करने का तरीका, चयन की पद्धति इत्यादि के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें, जिसे जल्द ही सीआईएल की वेबसाइट **www.coalindia.in** के अधीन लिंक **"Career with CIL"** पर प्रकाशित किया जाएगा। इस भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/सुधार सिर्फ सीआईएल की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। कानूनी अधिकार का क्षेत्र सिर्फ कोलकाता होगा। किसी भी तरह की जिज्ञासा के लिए कृपया **lateral-recruitment.cil@coalindia.in** पर लिखें।

महाप्रबंधक (मानव संसाधन/भर्ती)
कोल इण्डिया लिमिटेड, कोलकाता

EN 31/17

ग्रिड कंट्रोलर ऑफ़ इंडिया लिमिटेड

ग्रिड-इंडिया GRID-INDIA
(भारत सरकार का एक उद्यम)
पंजीकृत कार्यालयः बी-9, पहली मंजिल, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016

ग्रिड-इंडिया में इंटर्नशिप के अवसर

ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड (ग्रिड-इंडिया), एक मिनीरत्न-I और अनुसूची 'ए' का विद्युत उद्यम है, जो विद्युत मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का पूर्ण स्वामित्व वाला उद्यम है. यह सुरक्षा, मितव्ययिता और विश्वसनीयता को ध्यान में रखते हुए विद्युत प्रणाली संचालन के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है, जो एक महत्वपूर्ण मिशन संबंधी गतिविधि है.

ग्रिड-इंडिया ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर के समान उपयोग को सुनिश्चित करता है और अत्याधुनिक तकनीक के साथ बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने मानव संसाधन और संपूर्ण विद्युत प्रणाली संकाय को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निवेश किया है. यह राष्ट्रीय लोड डिस्पैच केंद्र और पांच क्षेत्रीय लोड डिस्पैच केंद्रों का संचालन करता है. वर्तमान में, ग्रिड-इंडिया दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, गुवाहाटी और शिलांग में स्थित है.

ग्रिड-इंडिया की ओर से **"विद्युत प्रज्ञा - ग्रिड-इंडिया की विद्युत प्रणाली सिमुलेशन अध्ययन में कौशल निर्माण हेतु इंटर्नशिप योजना"** के तहत इंटर्नशिप के लिए आवेदन आमंत्रित हैं.

विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया ग्रिड-इंडिया की वेबसाइट https://grid-india.in के "करियर" सेक्शन पर जाएं.

उम्मीदवारों को केवल ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से ही आवेदन करना होगा.

महत्वपूर्ण तिथियां

ऑनलाइन आवेदन शुरू होने की तिथि : 22.10.2026
ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि : 06.11.2026

EN 31/8

स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़

विज्ञापन सं. पीजीआई./आरसी./056/2026/2690 **दिनांकः 16.10.2026**

भर्ती सूचना

स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़ यानी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआई-एमईआर), चंडीगढ़ की ओर से भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं, जिनकी अधिकतम अवधि 3 वर्ष है. ये पद नीचे दिए गए विवरण के अनुसार हैंः

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की सं.	संस्थान का नाम
1.	**विभिन्न विभागों के सीनियर रेजिडेंट**	122	**पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़**
2.	**विभिन्न विशेषज्ञताओं के जूनियर/ सीनियर डेमोंस्ट्रेटर**	7	
3.	**विभिन्न विभागों के सीनियर डेमोंस्ट्रेटर**	6	
4.	**विभिन्न विभागों के जूनियर डेमोंस्ट्रेटर**	3	
5.	**वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी**	1	
6.	**विभिन्न विभागों के सीनियर रेजिडेंट**	21	**गी सेटेलाइट सेंटर संगरूर, पंजाब**
7.	**वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी**	2	

महत्वपूर्ण समय-सीमाएं निम्नानुसार हैंः-

मद	समय-सीमाएं/टिप्पणियां
रिक्तियों का विवरण और पालन किए जाने वाले अन्य नियम/निर्देश	www.pgimer.edu.in में इस विज्ञापन के विस्तृत मार्गनिर्देश के अनुसार
पीजीआईएमईआर की वेबसाइट **www.pgimer.edu.in** (होम पेज पर भर्ती लिंक) पर ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने की तिथि	16.10.2026
ऑनलाइन पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	13.11.2026
75 अंकों की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की तिथि	05.12.2026
जिन शहरों में परीक्षा आयोजित की जाएगी	भारत के चार शहर (चंडीगढ़-ट्राईसिटी, दिल्ली/ एनसीआर, हैदराबाद और कोलकाता)

वेबसाइट पर केवल पात्र उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड ही अपलोड किए जाएंगे.

आवेदन शुल्क

- मानक दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) को शुल्क भुगतान से छूट दी गई है.
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्गः रु. 800 रुपये के साथ लागू लेनदेन शुल्क अतिरिक्त.
- सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस सहित अन्य सभी के लिएः रु. 1500/- और लागू लेनदेन शुल्क.

उम्मीदवार उपरोक्त आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से 16.10.2026 से 13.11.2026 तक डेबिट/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग का उपयोग करके कर सकते हैं.

महत्वपूर्णः आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत दिशा-निर्देश, पदों की संख्या, पात्रता मानदंड आदि की जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट www.pgimer.edu.in (होम पेज पर भर्ती लिंक) पर देख सकते हैं. सभी आवेदकों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर नियमित रूप से देखें क्योंकि सभी संशोधन/अपडेट केवल संस्थान की वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे.

EN 31/22 **निदेशक**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Education, Govt. of India
बहादुरशाह जफ़र मार्ग, नई दिल्ली- 110002/Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110 002
Phone:011-23604181,011 -23604203

विज्ञापन संख्या-46/2026

संविदा आधार पर विभिन्न पदों की नियुक्ति

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), नई दिल्ली द्वारा निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैंः

पद का नाम	पदों की संख्या	मासिक पारिश्रमिक*
डोमेन प्रोफेशनल (आयोग के विभिन्न कार्यों हेतु)	03	रु. 60,000-70,000/- प्रति माह
वरिष्ठ हिंदी अनुवादक	01	रु. 50,000-70,000/- प्रति माह
कनिष्ठ हिंदी अनुवादक	01	रु. 30,000-50,000/- प्रति माह
सिस्टम अधिकारी (नेटवर्किंग)	01	रु. 35,000-45,000/- प्रति माह

अंतिम निर्णय चयन के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया जाएगा.

पात्रता मानदंड, शैक्षणिक योग्यता ऑनलाइन आवेदन और अन्य विवरण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है.

सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

CBC 21205/11/0005/2627 **EN 31/3**

महत्वपूर्ण सूचना

हम सं.लो.से.आ., क.च.आ., रेलवे भर्ती बोर्ड आदि द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम प्रकाशित करते समय पूरी सावधानी रखते हैं। यद्यपि, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक अधिसूचना/गजट की जांच कर लें। अनजाने में हुई मुद्रण त्रुटि के लिए रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं होगा।

सं. HSM-12/114/2025-HSM/E-269221
भारत सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
एचएसएम प्रभाग

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के परिसंकटमय पदार्थ प्रबंधन प्रभाग में संविदा आधार पर परामर्शी की नियुक्ति हेतु विज्ञापन.

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अंतर्गत परिसंकटमय पदार्थ प्रबंधन (एचएसएम) प्रभाग में संविदा आधार पर **वैज्ञानिक परामर्शी ग्रेड-I (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन)** तथा **वैज्ञानिक परामर्शी ग्रेड-II (चक्रीय अर्थव्यवस्था)** के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. उक्त पदों के लिए क्रमशः 90,000/- तथा 1,20,000/- प्रतिमाह की समेकित राशि देय होगी. रिक्ति परिपत्र का पूर्ण विवरण पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाइट www.moef.nic.in पर **'भर्ती' (Recruitment)** लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है.

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन है.

CBC 13101/11/0014/2627 **EN 31/5**

नारियल विकास बोर्ड

(कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)

केरा भवन, कोची-682011, भारत

Coconut Development Board

(Ministry of Agriculture & Farmers Welfare, Government of India)

Kera Bhavan, SRV Road, Kochi-682011, India, E-mail: kochi.cdb@gov.in, Website : https://coconutboard.gov.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Azadi Ka Amrit Mahotsav

पत्र संख्या / F.No. : I/18864/2026

रिक्ति परिपत्र

नारियल विकास बोर्ड में **'स्टाफ कार ड्राइवर'** के निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र. सं.	पद का नाम	पे मैट्रिक्स में स्तर	रिक्तियों की संख्या
1.	**ड्राइवर ग्रेड I**	पे मैट्रिक्स में स्तर 5 (29,200-92,300)	7 (1.11.2026 को एक और रिक्ति आने की संभावना है.)
2.	**ड्राइवर ग्रेड II**	पे मैट्रिक्स में स्तर 4 (25,500-81,100)	4

1. ड्राइवर ग्रेड I (पे मैट्रिक्स में लेवल 5)

केंद्र या राज्य सरकार, विश्वविद्यालयों, मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, अर्ध-सरकारी, वैधानिक या स्वायत्त संगठनों में कार्यरत स्टाफ कार ड्राइवर:

a. (i) जो अपने मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर इसी तरह के पद पर कार्यरत हों; **या**
(ii) जो अपने मूल कैडर या विभाग में पे मैट्रिक्स के लेवल 4 (रु. 25,500 - 81,100) या इसके समकक्ष पद पर नियमित आधार पर 6 वर्षों से कार्यरत हों; **और**

b. केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित उपयुक्त स्तर का ट्रेड टेस्ट पास करना अनिवार्य है.

2. ड्राइवर ग्रेड II (पे मैट्रिक्स में लेवल 4)

केंद्र या राज्य सरकार, विश्वविद्यालयों, मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, अर्ध-सरकारी, वैधानिक या स्वायत्त संगठनों में कार्यरत स्टाफ कार ड्राइवर:

a. (i) अपने मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर समान पद पर कार्यरत हों; **या**
(ii) अपने मूल कैडर या विभाग में पे मैट्रिक्स के लेवल 2 (रु. 19,900 - 63,200) या इसके समकक्ष पद पर 9 वर्षों की नियमित सेवा पूरी कर चुके हों; **और**

b. केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित उपयुक्त स्तर का ट्रेड टेस्ट पास करना अनिवार्य है.

प्रतिनियुक्ति पर चुने गए अधिकारी के पास यह विकल्प होगा कि वह अपना वर्तमान मूल वेतन और साथ में प्रतिनियुक्ति (डूयूटी) भत्ता ले, या फिर DoPT OM संख्या 6/8/2009-Estt. (Pay-II), दिनांक 17.06.2010 (समय-समय पर संशोधित) के अनुसार, उस पद के वेतनमान में अपना वेतन तय करवा ले.

प्रतिनियुक्ति की अवधि (जिसमें केंद्र सरकार के किसी अन्य संगठन या विभाग में, इस नियुक्ति से ठीक पहले किसी अन्य 'एक्स-कैडर' पद पर बिताई गई प्रतिनियुक्ति अवधि भी शामिल है) सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 (छप्पन) वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

पात्र और इच्छुक अधिकारियों के आवेदन (निर्धारित प्रपत्र - अनुबंध I में, तीन प्रतियों में) - जिन्हें चुने जाने की स्थिति में तुरंत कार्यमुक्त किया जा सके - निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ, उचित माध्यम से **'मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नारियल विकास बोर्ड, केरा भवन, एसआरवी रोड, कोच्चि - 682 011'** को भेजे जा सकते हैं:

1. पिछले 5 वर्षों की पूर्ण और अद्यतन APAR की सत्यापित प्रतियां;
2. सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र; **और**
3. सतर्कता समाशोधन प्रमाणपत्र.

पूरी तरह से भरा हुआ आवेदन, **'रोज़गार समाचार' में इस विज्ञापन के छपने की तारीख से 60 दिनों के भीतर ऊपर दिए गए पते पर पहुंच जाना चाहिए.** साथ ही, ऊपर बताई गई रिक्तियों में बदलाव किया जा सकता है.

आवेदन भेजते समय, यह सत्यापित और प्रमाणित किया जाना चाहिए कि अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी सही है, उनके खिलाफ कोई विजिलेंस/अनुशासनात्मक मामला लंबित नहीं है या विचाराधीन नहीं है, और पिछले 10 वर्षों की सेवा के दौरान उन पर कोई बड़ा या छोटा दंड नहीं लगाया गया है. तय तारीख के बाद मिलने वाले आवेदन, या APAR की सत्यापित प्रतियों, विजिलेंस क्लीयरेंस और सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्रों के बिना प्राप्त आवेदन, अथवा किसी अन्य कारण से अधूरे पाए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.

प्रमोद पी. कुरियन
सचिव
अनुबंध - I

..... **पद के लिए आवेदन (प्रतिनियुक्ति पर)**

बायो-डेटा/(CV) प्रपत्र

	पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो लगाएं
1. नाम और पता (बड़े अक्षरों में), संपर्क नंबर और ई-मेल आईडी	
2. जन्म तिथि (ईस्वी सन के अनुसार)	
3. (i) सेवा में प्रवेश की तिथि	
(ii) केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तिथि	
4. शैक्षिक योग्यताएं	
5. क्या पद के लिए आवश्यक शैक्षिक और अन्य योग्यताएं पूरी होती हैं? (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है, तो ऐसा करने वाले प्राधिकार का उल्लेख करें)	

विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित आवश्यक योग्यता/अनुभव	**अधिकारी के पास मौजूद योग्यता/अनुभव**
अनिवार्य	अनिवार्य
A) योग्यता	A) योग्यता
B) अनुभव	B) अनुभव
वांछनीय	वांछनीय
A) योग्यता	A) योग्यता
B) अनुभव	B) अनुभव

6. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि ऊपर आपके द्वारा दी गई जानकारियों के आधार पर, क्या आप इस पद के लिए जरूरी अनिवार्य योग्यताओं और कार्य अनुभव को पूरा करते हैं?	

7. रोज़गार का विवरण कालक्रमानुसार (समय के क्रम में) दें. यदि नीचे दी गई जगह कम पड़ जाए, तो एक अलग शीट संलग्न करें जिस पर आपके हस्ताक्षर हों.

कार्यालय/संस्थान	नियमित आधार पर धारित पद	से	तक	*नियमित आधार पर धारित पद का वेतन मैट्रिक्स/ वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/ वेतनमान में स्तर	किए गए कार्यों का स्वरूप (विस्तार से), आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव पर प्रकाश डालते हुए

* ACP/MACP योजना के तहत मिला पे मैट्रिक्स/पे-बैंड और ग्रेड पे, संबंधित अधिकारी का व्यक्तिगत लाभ होता है, इसलिए इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए. केवल उस पद का पे लेवल/पे-बैंड और ग्रेड पे/पे-स्केल बताएं जिस पर आप नियमित रूप से कार्यरत हैं. यदि उम्मीदवार को ACP/MACP का लाभ मिला है, तो उसका विवरण वर्तमान पे लेवल/पे-बैंड और ग्रेड पे के साथ नीचे दिए गए तरीके से दर्शाया जा सकता है:-

कार्यालय/संस्थान	ACP/MACP योजना के अंतर्गत प्राप्त वेतन, वेतन मैट्रिक्स/वेतन बैंड में स्तर और ग्रेड पे	से	तक

8. वर्तमान रोजगार का प्रकार, यानी तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी

9. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति (deputation) या अनुबंध (contract) के आधार पर है, तो कृपया निम्नलिखित जानकारी दें-:-

(a) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख	(b) प्रतिनियुक्ति/ अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि	(c) मूल कार्यालय/ संगठन का नाम, जिससे आवेदक संबंधित है.	(d) मूल संगठन में स्थायी रूप से धारित पद का नाम और उस पद का वेतन

9.1 **नोट:** जो अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर हैं, उनके आवेदन उनके मूल कैडर/विभाग द्वारा भेजे जाने चाहिए. इसके साथ कैडर क्लीयरेंस, विजिलेंस क्लीयरेंस और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र भी संलग्न होना चाहिए.

9.2 **नोट:** कॉलम 9 (c) और (d) के अंतर्गत जानकारी उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए, जहाँ कोई व्यक्ति अपने कैडर/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद संभाल रहा है, लेकिन उसका अपने मूल कैडर/संगठन में भी अधिकार (lien) बना हुआ है.

10. यदि आवेदक ने पहले कभी प्रतिनियुक्ति पर कोई पद संभाला है, तो पिछली प्रतिनियुक्ति से लौटने की तारीख और अन्य विवरण दें.	
11. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण: कृपया बताएं कि आप किसके अधीन काम कर रहे हैं (संबंधित कॉलम में अपने नियोक्ता का नाम लिखें): a) केंद्र सरकार b) राज्य सरकार c) स्वायत्त संगठन d) सरकारी उपक्रम e) विश्वविद्यालय f) अन्य	
12. कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में काम कर रहे हैं और 'फीडर ग्रेड' या 'फीडर टू फीडर ग्रेड' में हैं.	
13. क्या आप संशोधित वेतनमान के अंतर्गत हैं? यदि हाँ, तो वह तारीख बताएं जब से यह संशोधन लागू हुआ और पूर्व-संशोधित वेतनमान का भी उल्लेख करें.	
14. वर्तमान में प्रति माह प्राप्त होने वाली कुल परिलब्धियां	

पे मैट्रिक्स में स्तर	मूल वेतन	कुल परिलब्धियां

15. यदि आवेदक किसी ऐसे संगठन से है जो केंद्र सरकार के वेतनमानों का पालन नहीं करता है, तो उस संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न की जा सकती है, जिसमें निम्नलिखित विवरण दिए गए हों:

वेतनमान और वेतन वृद्धि की दर के साथ मूल वेतन	महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि (विस्तृत विवरण के साथ)	कुल परिलब्धियां

(शेष पृष्ठ 15 पर)

(पृष्ठ 14 का शेष)

16. उस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में, जिसके लिए आपने आवेदन किया है, कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी दें. (इसमें अन्य बातों के अलावा, निम्नलिखित के बारे में जानकारी दी जा सकती है: (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यताएं (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में बताई गई आवश्यकताओं के अलावा अन्य कार्य अनुभव.) **(नोटः यदि जगह कम पड़ जाए, तो एक अलग शीट संलग्न करें.)**	
17. कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (ISTC)/समावेशन/पुनः रोजगार के आधार पर आवेदन कर रहे हैं. # (केवल केंद्र/राज्य सरकारों के अधिकारी ही 'समावेशन' के लिए पात्र हैं. गैर-सरकारी संगठनों के उम्मीदवार केवल अल्पकालिक अनुबंध के लिए पात्र हैं.) # (STC'/'समावेशन'/'पुनः रोजगार' के विकल्प तभी उपलब्ध हैं, जब रिक्ति परिपत्र में विशेष रूप से 'STC', 'समावेशन' या 'पुनः रोजगार' के माध्यम से भर्ती का उल्लेख किया गया हो.)	
18. क्या आप SC/ST वर्ग से संबंधित हैं?	

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मुझे अच्छी तरह पता है कि मेरे बायोडाटा में दी गई जानकारी, और उसके समर्थन में आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव से संबंधित जो दस्तावेज मैंने जमा किए हैं, उनका चयन समिति द्वारा पद के लिए चयन के समय मूल्यांकन किया जाएगा. मेरे द्वारा दी गई जानकारी/विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही और सत्य हैं, और मेरे चयन पर प्रभाव डालने वाली कोई भी महत्वपूर्ण बात छिपाई नहीं गई है.

दिनांक : .....

पता .....

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

नियोक्ता/कैडर नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा प्रमाणन

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं. उनके पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव हैं. यदि उनका चयन हो जाता है, तो उन्हें तुरंत कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:

i) श्री/श्रीमती ..... के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित नहीं है और न ही ऐसा कोई मामला विचाराधीन है.

ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है.

iii) उनका मूल CR डोजियर संलग्न है / पिछले 5 वर्षों के ACR/APAR की फोटोकॉपी संलग्न हैं, जिनके प्रत्येक पृष्ठ को भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया है.

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ा/छोटा दंड नहीं लगाया गया है, या पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाए गए बड़े/छोटे दंडों की सूची संलग्न है. (जो भी लागू हो)

स्थान : .....

दिनांकः .....

प्रति-हस्ताक्षरित

(नियोक्ता/कैडर नियंत्रण प्राधिकरण, मुहर सहित)

EN 31/16

हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड

(एनटीपीसी, सीआईएल, आईओसीएल, एफसीआईएल और एचएफसीएल का एक संयुक्त उद्यम)

कोर–4, नौवीं मंजिल, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर, जिला केंद्र, नई दिल्ली–110092

विज्ञापन संदर्भ संख्या: E-05-2026

हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड में नियमित आधार एवं निश्चित अवधि अनुबंध के आधार पर कार्यपालकों की भर्ती

क. नियमित

क्र. सं.	पद	अनुशासन	अधिकतम आयु सीमा (वर्षों में)	रिक्तियों की संख्या	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	पद-योग्यता के बाद आवश्यक न्यूनतम कार्य अनुभव (वर्षों में)
1	अतिरिक्त मुख्य प्रबंधक	अमोनिया	44	1	रसायन अभियांत्रिकी / रासायनिक प्रौद्योगिकी में पूर्णकालिक नियमित इंजीनियरिंग डिग्री, न्यूनतम 60% अंकों के साथ।	16
	वरिष्ठ प्रबंधक		42			14
	प्रबंधक		40			12
2	वरिष्ठ प्रबंधक	अनुबंध एवं सामग्री	42	1	न्यूनतम 60% अंकों के साथ पूर्णकालिक नियमित इंजीनियरिंग डिग्री (किसी भी विशेषज्ञता में) अथवा सामग्री प्रबंधन में न्यूनतम 60% अंकों के साथ पूर्णकालिक नियमित एमबीए अथवा सामग्री प्रबंधन में न्यूनतम 60% अंकों के साथ पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिप्लोमा (2 वर्ष का नियमित पाठ्यक्रम), जिसे यूजीसी /एआईसीटीई द्वारा एमबीए के समकक्ष मान्यता प्राप्त हो।	14
	प्रबंधक		40			12
3	उप प्रबंधक	अनुबंध एवं सामग्री	37	2	न्यूनतम 60% अंकों के साथ पूर्णकालिक नियमित इंजीनियरिंग डिग्री (किसी भी विशेषज्ञता में) अथवा सामग्री प्रबंधन में न्यूनतम 60% अंकों के साथ पूर्णकालिक नियमित एमबीए अथवा सामग्री प्रबंधन में न्यूनतम 60% अंकों के साथ पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिप्लोमा (2 वर्ष का नियमित पाठ्यक्रम), जिसे यूजीसी /एआईसीटीई द्वारा एमबीए के समकक्ष मान्यता प्राप्त हो।	9
	सहायक प्रबंधक		35			7
4	सहायक प्रबंधक	यांत्रिक	35	2	मैकेनिकल में पूर्णकालिक नियमित इंजीनियरिंग डिग्री, न्यूनतम 60% अंकों के साथ।	7
	वरिष्ठ इंजीनियर		32			4
5	उप प्रबंधक	यूरिया	37	1	रसायन अभियांत्रिकी / रासायनिक प्रौद्योगिकी में पूर्णकालिक नियमित इंजीनियरिंग डिग्री, न्यूनतम 60% अंकों के साथ।	9
	सहायक प्रबंधक		35			7
6	अतिरिक्त मुख्य प्रबंधक	यूरिया	44	1	रसायन अभियांत्रिकी/रासायनिक प्रौद्योगिकी में पूर्णकालिक नियमित इंजीनियरिंग डिग्री, न्यूनतम 60% अंकों के साथ।	16
	वरिष्ठ प्रबंधक		42			14
	प्रबंधक		40			12

ख. निश्चित अवधि अनुबंध के आधार पर

क्र. सं.	पद	अनुशासन	अधिकतम आयु सीमा (वर्षों में)	रिक्तियों की संख्या	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	पद-योग्यता के बाद आवश्यक न्यूनतम कार्य अनुभव (वर्षों में)
1	प्रबंधक	सुरक्षा	50	1	पूर्णकालिक स्नातक, जिसने सशस्त्र बलों/अर्धसैनिक बलों/पुलिस में कमीशंड अधिकारी के रूप में कम से कम 5 वर्षों के अनुभव के साथ/ CAPF में प्रथम श्रेणी अधिकारी के रूप में कार्य किया हो।	12
	वरिष्ठ प्रबंधक		55			14
2	उप प्रबंधक	चिकित्सा	47	2	चिकित्सा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त एमबीबीएस डिग्री के साथ औद्योगिक स्वास्थ्य में न्यूनतम 3 माह का प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र, जो दिशा-निर्देशों के अनुसार डीजी एफएएसएलआई द्वारा अनुमोदित हो; या चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त एमबीबीएस डिग्री के साथ औद्योगिक स्वास्थ्य में न्यूनतम 3 माह की अवधि का प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र, जो राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हो; या चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त एमबीबीएस डिग्री के साथ औद्योगिक स्वास्थ्य में डिप्लोमा।	9
	सहायक प्रबंधक		45			7
	अधिकारी		35			5

पारिश्रमिक

एचयूआरएल अपने कर्मचारियों को आकर्षक और उद्योग में सर्वोत्तम पारिश्रमिक पैकेज, वेतन एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान करता है। देय औसत वेतन का संकेतात्मक विवरण निम्नानुसार है:

क. नियमित

क्र. सं.	ग्रेड	पदनाम	वेतनमान	अनुमानित सीटीसी (रुपये में)
1	ई-6	अतिरिक्त मुख्य प्रबंधक	90000 - 240000	35.30 LPA
2	ई-5	वरिष्ठ प्रबंधक	80000 - 220000	31.40 LPA
3	ई-4	प्रबंधक	70000 - 200000	27.50 LPA
4	ई-3	उप प्रबंधक	60000 - 180000	22.10 LPA
5	ई-2	सहायक प्रबंधक	50000 - 160000	18.40 LPA
6	ई-1ए	वरिष्ठ इंजीनियर	45000 - 150000	16.50 LPA

ख. निश्चित अवधि अनुबंध (एफटीसी) के आधार पर

क्र. सं.	पदनाम	वेतनमान	अनुमानित सीटीसी (रुपये में)
1	अधिकारी	40000-140000	12.80 LPA
2	सहायक प्रबंधक	50000-160000	16.04 LPA
3	उप प्रबंधक	60000-180000	19.20 LPA
4	प्रबंधक	70000-200000	22.40 LPA
5	वरिष्ठ प्रबंधक	80000-220000	25.60 LPA

महत्वपूर्ण तिथियां

क्र. सं.	विवरण	दिनांक
1	आवेदन जमा करने की प्रारंभ तिथि	16/10/2026
2	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	06/11/2026
3	आयु एवं अनुभव की गणना हेतु कट-ऑफ तिथि	30/09/2026

EN 31/49

No. 13-5/47-A(ii)
भारत सरकार

रेल संरक्षा आयुक्त

(नागर विमानन मंत्रालय)
पश्चिम परिमंडल, मुंबई
चर्चगेट स्टेशन भवन एनेक्सी,
एम.के. रोड, मुंबई-400020
विज्ञापन परिपत्र संख्या :
01/2026

रेल संरक्षा आयुक्त, जो नागर विमानन मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण का एक सांविधिक निकाय है, रेल संरक्षा **आयुक्त, पश्चिम परिमंडल, मुंबई** के कार्यालय में वेतन **मैट्रिक्स स्तर-7** में **वरिष्ठ निरीक्षक (तकनीकी)** के **प्रतिनियुक्ति के आधार पर एक रिक्त पद** के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है.

आवेदन करने हेतु पात्रता मानदंड, नियम और शर्तें तथा अन्य विवरण नागर विमानन मंत्रालय की वेबसाइट **https://crs.gov.in/** पर उपलब्ध हैं.

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस परिपत्र के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन है.

CBC 03113/11/0002/2627

EN 31/2

नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर

तकनीकी सहयोग संस्थान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएच एंड एफडब्ल्यू) की ओर से नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतः संविदा के आधार पर निम्नलिखित पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

क्र. सं.	पद	रिक्तियों की संख्या	आयु सीमा	मुआवजा
1	कंसलटेंट, बीओपी डिवीजन, एमओएच एंड एफडब्ल्यू	01	40 वर्ष तक	रु. 60,000/– से रु. 1,20,000/– प्रति माह के बीच

योग्यता और अनुभव : आवश्यक योग्यता और अनुभव के विवरण के साथ टर्म्स ऑफ रेफरेन्स (टीओआर) **www.nhsrcindia.org, www.mohfw.gov.in** और **www.devnetjobsindia.org** पर उपलब्ध हैं। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही जमा किए जाने चाहिए (जैसा कि वेबसाइट पर बताया गया है)। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **11 नवंबर 2026** है।

EN 31/19

कृते प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, एनएचएसआरसी

भा.कृ.अनु.प.–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान

ICAR-INDIAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE
कार्मिक–5 अनुभाग, निदेशालय, नई दिल्ली–110012
PERSONNEL-V SECTION, DIRECTORATE, NEW DELHI-110012
Email/ ईमेल - aao_p5@iari.res.in

यंग प्रोफेशनल-I (F&A) और यंग प्रोफेशनल-II (F&A) के पद के लिए आवेदन

ICAR-IARI, नई दिल्ली के डायरेक्टरेट के ऑडिट विंग में 'Young Professional-I (F&A)' के एक अस्थायी पद और 'Young Professional-II (F&A)' के एक अस्थायी पद के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। वॉक-इन-इंटरव्यू, ICAR-IARI, पूसा कैंपस, नई दिल्ली-110 012 में डायरेक्टर के ऑफिस के कमिटी रूम में नीचे दी गई जानकारी के अनुसार आयोजित किया जाएगा:

क्र. सं.	पदनाम	पदों की सख्या	तिथि एवं समय
1	Young Professional-I (F&A)	01	25.11.2026 को सुबह 10:00 बजे
2	Young Professional-II (F&A)	01	25.11.2026 को दोपहर 02:30 बजे

उम्मीदवार योग्यता, अनुभव, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि, नियम और शर्तों तथा अपडेट आदि जैसी अन्य जानकारी के लिए IARI की वेबसाइट www.iari.res.in - 'Latest Jobs' (नवीनतम नौकरियां) देख सकते हैं।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

EN 31/28

एफ. सं. 228/2022/डीआरएटी/एएलएलडी
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवा विभाग

ऋण वसूली अपीलीय अधिकरण, इलाहाबाद

दूरभाषः 2467670, ई-मेल : dratallahabad-dfs@nic.in
पहली मंजिल, ई-10 बी, बीएसएनएल परिसर, पत्रिका मार्ग, सिविल लाइंस,
प्रयागराज -211001, (उत्तर प्रदेश)

दिनांकः 19 अक्टूबर 2026

रिक्ति परिपत्र

इलाहाबाद ऋण वसूली अपीलीय अधिकरण (डीआरएटी)/डीआरएटी, इलाहाबाद के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी) में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार/राज्य सरकार/न्यायालयों/न्यायाधीशों के योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. आवेदन की अंतिम तिथि को आवेदक की अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

1. **अनुभाग अधिकारी** (पे मैट्रिक्स में लेवल-7) लखनऊ में कुल 01 पद,
2. **निजी सचिव** (वेतन मैट्रिक्स में लेवल-7) देहरादून और जबलपुर में कुल 02 पद.
3. **सहायक** (वेतन मैट्रिक्स में लेवल-6) लखनऊ, इलाहाबाद, जबलपुर और देहरादून में कुल 07 पद.
4. **लेखा सहायक** (वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6) इलाहाबाद, लखनऊ, देहरादून, जबलपुर, पटना और रांची में कुल 06 पद.
5. **स्टेनोग्राफर ग्रेड I** (पे मैट्रिक्स में लेवल-6) इलाहाबाद, लखनऊ, देहरादून, जबलपुर, पटना और रांची में कुल 13 पद.
6. **उच्च श्रेणी क्लर्क** (वेतन मैट्रिक्स में स्तर-4) इलाहाबाद, लखनऊ, देहरादून, जबलपुर, पटना और रांची में कुल 8 पद.

राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम) CIN: L24110MH1978GOI020185
प्रशासनिक भवन, चेंबूर, मुंबई 400 074
विज्ञापन संख्या. 09092026

ट्रॉम्बे/थल/क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए पूरे भारत में भर्ती।

राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ लिमिटेड) उर्वरकों और औद्योगिक रसायनों के निर्माण एवं विपणन के व्यापार में लाभ अर्जित करने वाली अग्रणी "नवरत्न" कंपनी है, जिसका कुल व्यापार लगभग रु. 18690.90 करोड़ है। राष्ट्रीय स्तर के विपणन नेटवर्क के साथ इसकी निर्माण इकाइयां महाराष्ट्र (ट्रॉम्बे चेंबूर, मुंबई तथा थल, जिला-रायगड) में स्थित है। कंपनी उत्कृष्ट करियर विकास के अवसर प्रदान करती है। कंपनी निम्नलिखित पद की भर्ती करना चाहती है।

पद का विवरण	अधिकतम आयु	योग्यता	अनुभव	प्रतिशत
सहायक अधिकारी (IPD) E0 श्रेणी पोस्ट कोड संख्या: E0ASSTIPD/092026 पद की संख्या: कुल 01 पद आरक्षण: यूआर -01	01.08.2026 को ऊपरी आयु सीमा अनारक्षित वर्ग के लिए 46 वर्ष, 1984 के दंगों के पीड़ितों के बच्चों/परिवार के सदस्यों के लिए अतिरिक्त रियायत - 5 वर्ष।	**योग्यता:** किसी भी विषय में यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से तीन वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक स्नातक डिग्री।	**स्नातकोत्तर योग्यता के बाद संबंधित कार्य अनुभव, दिनांक 01.08.2026 तक:** अभ्यर्थी के पास निर्धारित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के पश्चात संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 15 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। विस्फोटक उद्योग तथा अमोनियम नाइट्रेट संबंधी अनुपालन (Compliance) के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। दिनांक 01.08.2026 को निर्धारित आवश्यक अनुभव अवधि की गणना करते समय प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं अप्रेंटिसशिप की अवधि को शामिल नहीं किया जाएगा।	**न्यूनतम प्रतिशत:** उम्मीदवारों को स्नातक के अंतिम वर्ष में न्यूनतम 55% कुल अंक प्राप्त होने चाहिए।

इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट www.rcfltd.com के 'भर्ती' अनुभाग को देख सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि अनुवाद पर विवाद कि स्थिति में, अंग्रेजी अनुवाद अंतिम होगा।

कार्यपालक निदेशक (मा.सं.)

साथ बढ़ें समृद्धि की ओर

EN 31/55

नोटः पदस्थापन का स्थान और रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है.

पात्रता शर्तें, आवेदन का प्रारूप आदि सहित संपूर्ण रिक्ति परिपत्र ई-डीआरटी पोर्टल पर उपलब्ध है और इसे **drt.gov.in -> सूचनाएं-> सार्वजनिक सूचना -> डीआरएटी**, इलाहाबाद के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है.

इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार, जिन्हें तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता है, उनके आवेदन **अनुलग्नक-I और II** में दिए गए निर्धारित प्रारूप में पिछले पांच वर्षों के एपीएआर की सत्यापित फोटोकॉपी सहित इस अधिकरण को उचित माध्यम से **28.12.2026 को शाम 5:30 बजे तक** या उससे पहले भेज दिए जाएं.

(ए.पी. सिंह)
सचिव/रजिस्ट्रार

EN 31/46

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
GOVERNMENT OF INDIA, DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
यू.आर. राव उपग्रह केंद्र,
U R RAO SATELLITE CENTRE,
बेंगलूरू BENGALURU – 560 017

विज्ञापन संख्या: यूआरएससी : 04: 2026 24.10.2026

यू. आर. राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी) / इसरो, बेंगलुरु, निम्नलिखित योग्यता और अन्य मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों से तकनीशियन - बी, भारी वाहन चालक - ए, हल्के वाहन चालक - ए, और स्टाफ कार चालक - ए के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

तकनीशियन-बी

क्र. सं.	विषय / क्षेत्र	पद कोड	रिक्त पदों की संख्या	आवश्यक शैक्षणिक अर्हता	आयु सीमा	कुल वेतन
1	इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक/ तकनीशियन पॉवर इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली/ मैकनिक उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक उपकरण/ इंस्ट्रुमेंट मैकेनिक/ मैकेनिक औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स	01	24 (अना.-16, अ.ज.जा-01, अ.पि.व.-02, ई.डब्ल्यू.एस.-05) कुल 24 रिक्त पदों में से, 02 पद दिव्यांग व्यक्तियों (दृष्टि बाधित) के लिए आरक्षित हैं, जिनमें से एक पद बैकलॉग रिक्ति है। 01 पद दिव्यांग व्यक्तियों (अस्थि-बाधित) के लिए आरक्षित है, और 01 पद बैकलॉग रिक्ति दिव्यांग व्यक्तियों (ऑटिज़म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर) के लिए आरक्षित है।	एसएसएलसी/एसएससी/ मैट्रिकुलेशन परीक्षा उत्तीर्ण + एनसीवीटी से इलेक्ट्रॉनिक्स- मैकेनिक/ मैकेनिक उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक उपकरण/ तकनीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली /इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक/ मैकेनिक औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी	अधिकतम आयु सीमा: 18-35 वर्ष, 13.11.2026 को।	21,700 रुपये प्रति माह + लागू भत्ते
2	फिटर	02	08 (अना.-04, अ.ज.जा-01, अ.पि.व.-01, ई.डब्ल्यू.एस.-02) 8 रिक्त पदों में से, 01 पद दिव्यांगों (एचएच) के लिए आरक्षित है।	एसएसएलसी/एसएससी/ मैट्रिकुलेशन परीक्षा उत्तीर्ण + एनसीवीटी से फिटर ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी		
3	इलेक्ट्रिशियन	03	4 (2+2) (अना.-03, अ.जा.-01) (04 रिक्त पदों में से, 01 अनारक्षित पद और 01 अनुसूचित जाति का पद जो एमसीएफ, हासन के लिए अंकित है) यूआरएससी के ०२ रिक्त पदों में से, 01 बैकलॉग पद दिव्यांगजनों (ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर) के लिए आरक्षित है।	एसएसएलसी/एसएससी/ मैट्रिकुलेशन परीक्षा उत्तीर्ण + एनसीवीटी से इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी		
4	शीतलन और वातानुकूलन (आर एंड ए/सी)	04	05 (04+01) (अना.-03, अ.जा.-01, ईडब्ल्यूएस-01) (05 रिक्त पदों में से, 01 अनारक्षित पद एमसीएफ, हासन के लिए अंकित है)। यूआरएससी के 04 रिक्त पदों में से, 01 बैकलॉग रिक्त पद दिव्यांगजनों (एचएच) के लिए आरक्षित है।	एसएसएलसी/एसएससी/ मैट्रिकुलेशन परीक्षा उत्तीर्ण + एनसीवीटी से रेफ्रिजरेशन और वातानुकूलन (आर एंड ए/सी) ट्रेड में आईटीआई/ एनटीसी/ एनएसी		
5	टर्नर	05	01 (अना.-01)	एसएसएलसी/एसएससी/ मैट्रिकुलेशन परीक्षा उत्तीर्ण + एनसीवीटी से टर्नर ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी		
6	मशीनिस्ट	06	02 (अना.-01, ईडब्ल्यूएस-01)	एसएसएलसी/एसएससी/ मैट्रिकुलेशन परीक्षा उत्तीर्ण + एनसीवीटी से मशीनिस्ट ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी		
7	मोटर वाहन मैकेनिक	07	01 (अना.-01)	एसएसएलसी/एसएससी/ मैट्रिकुलेशन परीक्षा उत्तीर्ण + एनसीवीटी से मोटर वाहन मैकेनिक ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी		
8	इलेक्ट्रोप्लैटर	08	01 (अना.-01)	एसएसएलसी/एसएससी/ मैट्रिकुलेशन परीक्षा उत्तीर्ण + एनसीवीटी से इलेक्ट्रोप्लैटर ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी		

नोट : तकनीशियन-बी के कुल रिक्त पदों में से, यूआरएससी के 21 पद पूर्व सैनिक वर्ग के लिए आरक्षित हैं

हल्के वाहन चालक ए / स्टाफ कार चालक ए / भारी वाहन चालक ए

क्र. सं.	विषय / क्षेत्र	पद कोड	रिक्त पदों की संख्या	आवश्यक शैक्षणिक अर्हता	आयु सीमा	कुल वेतन
1	हल्के वाहन चालक - ए	9	03 (अना.-02, अ.जा-01)	1. मैट्रिकुलेशन/ एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी. अथवा इसके समतुल्य परीक्षा में उत्तीर्ण। 2. हल्के वाहन चालक के रूप में 03 वर्षों का अनुभव। 3. वैध एल.वी.डी. लाइसेंस होना चाहिए। 4. पद पर शामिल होने की तारीख से 3 महीने के भीतर कर्नाटक राज्य के मोटर वाहन अधिनियम की कोई भी अन्य आवश्यकताओं को पूरी की जानी चाहिए। 5. निर्धारित कुल अनुभव, वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के बाद का होना चाहिए। 6. अनुभव प्रमाण पत्र केवल सरकारी/अर्ध-सरकारी एजेंसियों/पंजीकृत कंपनियों/संगठनों/ट्रस्टों आदि से ही जारी किया जाना चाहिए। व्यक्तियों द्वारा जारी किए गए अनुभव प्रमाण पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।। व्यक्तियों द्वारा जारी किए गए अनुभव प्रमाण पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। 7. अंशकालिक कार्य अनुभव को अनुभव के वर्षों की संख्या की गणना में शामिल नहीं किया जाएगा। 8. उम्मीदवार के पास ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक आवश्यक अर्हता, अनुभव और सार्वजनिक सेवा बैज की होनी चाहिए।	अधिकतम आयु सीमा: 18-35 वर्ष, 13.11.2026 को।	19,900 रुपये प्रति माह + लागू भत्ते
2	स्टाफ कार ड्राइवर - ए	10	02 (यूआर-02) (ये रिक्तियां विभाग के अधिकारियों के लिए निर्धारित हैं)।			
3	भारी वाहन चालक - ए	11	10 (8+2) (अना.- 06, अ.जा- 01, अ.पि.व - 02, ई डब्ल्यू एस -01) कुल 10 रिक्त पदों में से, (एमसीएफ, हसन के लिए 02 अनारक्षित पद निर्धारित किए गए हैं, और उनमें से एक पद पूर्व सैनिक के लिए आरक्षित है)।	1. एसएसएलसी/एसएससी या समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण 2. पांच वर्ष का अनुभव, जिसमें से कम से कम तीन वर्ष भारी वाहन चालक के रूप में और शेष अवधि लघु मोटर वाहन चालक के रूप में होना है। 3. उम्मीदवार के पास वैध एचवीडी (HVD) लाइसेंस और सार्वजनिक सेवा बैज होना अनिवार्य है, यदि यह कानूनी रूप से आवश्यक है। (यदि किसी भी राज्य में सार्वजनिक सेवा बैज अनिवार्य नहीं है, तो ऐसे राज्य/राज्यों के उम्मीदवारों को कर्नाटक में पदभार संभालने के 3 महीने के भीतर इस आवश्यकता को पूरा करना होगा) 4. आवश्यक कुल अनुभव, वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के बाद का होना चाहिए 5. अनुभव प्रमाण पत्र केवल सरकारी/अर्ध-सरकारी एजेंसियों/पंजीकृत कंपनियों/संगठनों/ट्रस्टों आदि से ही जारी किए गए होना चाहिए। व्यक्तियों द्वारा जारी किए गए अनुभव प्रमाण पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा 6. अंशकालिक कार्य अनुभव को अनुभव के वर्षों की संख्या की गणना में शामिल नहीं किया जाएगा 7. उम्मीदवार के पास ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक आवश्यक अर्हता, अनुभव और सार्वजनिक सेवा बैज होनी चाहिए		

नोट : हल्के वाहन चालक- ए और भारी वाहन चालक- ए की कुल रिक्तियों में से, यूआरएससी (URSC) के 08 पद पूर्व सैनिक वर्ग के लिए आरक्षित हैं (हल्के वाहन चालक- ए में 02, और भारी वाहन चालक-ए में 06)।

विस्तृत विज्ञापन और आवेदन जमा करने के लिए, कृपया इसरो की वेबसाइट https://www.isro.gov.in पर "करियर" अनुभाग पर जाएँ।

ऑनलाइन आवेदन की शुरूआत की तिथि	24.10.2026
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	13.11.2026

क्रमांक ए-12031/1/2023-पर्स-बीसीएएस-भाग 2 (ई-298440)
भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय

नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो

दूसरी मंजिल, 'ए' ब्लॉक, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003

परिपत्र

भारत सरकार के नागर विमानन मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) में अनुबंध आधार पर एक वर्ष की प्रारंभिक अवधि के लिए **साइबर सुरक्षा कंसल्टेंट** के पद के लिए भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है.

क्र.सं.	पद का नाम	समेकित पारिश्रमिक	पद की सं.
(i)	कंसल्टेंट (साइबर सुरक्षा)	2,00,000/- रुपये (दो लाख रुपये) प्रति माह	01

2. सामान्य शर्तें, पात्रता मानदंड, आयु सीमा, बायोडेटा प्रोफ़ार्मा आदि जैसी जानकारी बीसीएएस की वेबसाइट (अर्थात **https://bcasindia.gov.in/#/pages/vacancy**) पर उपलब्ध है.

3. इच्छुक और पात्र नागरिक रोजगार समाचार में इस परिपत्र के विज्ञापन की तिथि से 30 दिनों के भीतर निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी को भेज सकते हैं.

उप निदेशक (कार्मिक)
दूरभाष क्रमांक : 011-24618561, ईमेल : ddpers.bcas@gov.in

CBC 03105/11/0003/2627 EN 31/39

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान

Dr. Syama Prasad Mookerjee National Institute of Water and Sanitation

(पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
ई-मेलः spm.niwas@gov.in, वेबसाइटः www.spmniwas.in

रिक्ति अधिसूचना

(A-12013/1/2024-SPM-NIWAS-DDWS)

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान (एसपीएम-निवास), कोलकाता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है. संस्थान निम्नलिखित पदों के लिए संविदात्मक आधार पर आवेदन आमंत्रित करता हैः

1. वरिष्ठ परामर्शदाता (स्वच्छता एवं एसबीएम)- 1 (एक) पद
2. वरिष्ठ परामर्शदाता (एसबीसीसी एवं सामुदायिक सहभागिता) - 1 (एक) पद

पात्रता संबंधी शर्तों का विवरण वेबसाइट **www.spmniwas.in** पर उपलब्ध है.

विवरण के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें.

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीखः प्रकाशन की तारीख से 30 दिन.

CBC 45128/11/0007/2627 EN 31/58

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण

चतुर्थ तल, बंगला साहिब रोड, काली मंदिर के पीछे
गोल मार्केट, नई दिल्ली - 110 001

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, मुम्बई में निदेशक के पद को प्रतिनियुक्ति (वाह्य सेवा शर्तों) के आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करने विषयक.

यूआईडीएआई एतद्द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, मुम्बई में निदेशक के 1 पद को बाह्य सेवा शर्तों पर, प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित करता है.

सभी तरह से पूर्ण आवेदन, सभी निर्दिष्ट दस्तावेजों सहित निदेशक (मानव संसाधन), भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, बंगला साहिब रोड, काली मंदिर के पीछे, गोल मार्केट, नई दिल्ली 110 001 को अग्रेषित किए जाएं. इसके अतिरिक्त, सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अग्रेषण पत्र/कैडर अनापत्ति प्रमाणपत्र को **deputation@uidai.net.in** पर ईमेल के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं. सभी तरह से पूर्ण आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **16.11.2026** है. अंतिम तिथि के बाद या अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुए या अपूर्ण पाए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा. विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वेबसाइट **https://career.uidai.gov.in/opportunities/director--19947** पर उपलब्ध है.

निदेशक (मा.सं)

आधार नामांकन और अपडेट सेवा अब आधार सेवा केंद्रों पर भी उपलब्ध है. नजदीकी केंद्रों की जानकारी के लिए uidai.gov.in पर जाएं या 1947 पर कॉल करें.

CBC 54103/11/0099/2627 EN 31/34



सं / No. 02/05/2014-Adm.I
भारत सरकार/Government of India
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय / Ministry of Agriculture & Farmers' Welfare
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग / Department of Agriculture & Farmers Welfare

वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय

DIRECTORATE OF PLANT PROTECTION, QUARANTINE AND STORAGE
एन. एच-4, फरीदाबाद, हरियाणा / N.H. IV. FARIDABAD (HARYANA)

रिक्ति परिपत्र

वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय, फरीदाबाद (भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय) निम्नलिखित पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है। यह अनुबंध 06 महीने की अवधि के लिए, या प्रतिनियुक्ति पर किसी उम्मीदवार की नियुक्ति होने तक — जो भी पहले हो — के लिए होगाः

क्र. सं.	पद का नाम	कुल रिक्तियां	पारिश्रमिक
01.	सलाहकार (विधि)	01	60,000/- रुपये प्रति माह (सभी शामिल), या DoE के 09.12.2020 के कार्यालय ज्ञापन (OM) संख्या 3-25/2020E-III AD के प्रावधानों के अनुसार तय की गई राशि - इनमें से जो भी कम हो।

2. कार्यस्थल मुख्यालय (फरीदाबाद) : वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय, एनएच-IV, फरीदाबाद (हरियाणा)-121001 होगा. नियुक्ति की शर्तें, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी **https://ppqs.gov.in** पर और '**अनुबंध-I**' में उपलब्ध है. आवेदन प्रपत्र '**अनुबंध-II**' में दिया गया है. इच्छुक उम्मीदवार अपना भरा हुआ आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों (शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र आदि) के साथ, '**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय, ब्लॉक-III, पुराना सीजीओ कॉम्प्लेक्स, एनएच-IV, फरीदाबाद (हरियाणा)-121001**' के पते पर हार्ड कॉपी के रूप में या **cao-ppqs@gov.in** पर ईमेल के माध्यम से भेज सकते हैं. यह आवेदन '**रोजगार समाचार**' में इस रिक्ति सूचना के जारी/प्रकाशित होने की तारीख से **10 दिनों के भीतर** भेजा जाना चाहिए.

3. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा. उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा तय की गई तारीख, समय और स्थान पर साक्षात्कार के लिए अपने मूल दस्तावेज साथ लाने होंगे.

(जे.पी.एन. सिंह)
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

EN 31/52

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कुरुक्षेत्र

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत)
कुरुक्षेत्र-136119
शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के ईवन सेमेस्टर में पीएचडी प्रोग्राम में प्रवेश

विज्ञापन संख्या 33/2026 **दिनांकः 19.10.2026**

शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए 'डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी' (पीएचडी) डिग्री प्रोग्राम में प्रवेश हेतु भारतीय और विदेशी नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. आवेदन गूगल फॉर्म के माध्यम से किए जा सकते हैं (इसका लिंक संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा)। प्रवेश के लिए उपलब्ध श्रेणियों में फुल-टाइम (संस्थान/CSIR-UGC-NET-JRF, प्रोजेक्ट), विश्वेश्वरैया फेलोशिप योजना, फुल-टाइम (स्व-वित्तपोषित) और पार्ट-टाइम सीटें शामिल हैं. सीटों की संख्या, ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का लिंक, अन्य संबंधित विवरण, तथा पीएचडी से जुड़े नियम और विनियम संस्थान की वेबसाइट **www.nitkkr.ac.in** पर '**Admission 2026**' -> '**Ph.D.**' टैब के अंतर्गत उपलब्ध हैं. सभी इच्छुक उम्मीदवार **08.11.2026 (रात 11:59 बजे) तक** गूगल फॉर्म भर सकते हैं. यदि आवेदन अधूरा पाया जाता है, या प्रवेश प्रक्रिया के दौरान या बाद में कोई भी जानकारी भ्रामक/गलत पाई जाती है, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी/प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा और किसी भी स्थिति में आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा.

इस संबंध में किसी भी घोषणा या अपडेट के लिए कृपया नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट देखते रहें.

EN 31/50 रजिस्ट्रार (प्रभारी)

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) का महानिदेशालय, भारत सरकार

सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003

फाइल सं. I-21018/01/2025/स्था

रिक्ति परिपत्र

इंस्पेक्टर (लेखाकार) के पद पर प्रतिनियुक्ति/अवशोषण पर भर्ती

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल में निम्नलिखित समूह 'बी' पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. पद/रिक्ति का विवरण और पात्रता शर्तें नीचे दी गई हैं:-

क्रम संख्या	पद का नाम	रिक्तियों की संख्या	वेतनमान	भर्ती विधि
1	इंस्पेक्टर (लेखाकार)	07 (सात)*	वेतन मैट्रिक्स स्तर-7 (44900 142400) 7वें सीपीसी के अनुसार	प्रतिनियुक्ति/ समायोजन

* रिक्तियों में किसी भी स्तर पर परिवर्तन (कमी या वृद्धि) हो सकता है.

प्रतिनियुक्ति/समायोजन पर इंस्पेक्टर (लेखाकार) के पद पर नियुक्ति के लिए पात्रता और अन्य शर्तें निम्नलिखित हैं:-

प्रतिनियुक्ति:

(ए) (i) भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के पे मैट्रिक्स के लेवल-7 में कार्यरत इंस्पेक्टर (कॉम्बैटेंट मिनिस्टीरियल) में से, या फिर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के पे मैट्रिक्स के लेवल-6 (35,400 - 1,12,400 रुपये) में कार्यरत सब-इंस्पेक्टर (कॉम्बैटेंट मिनिस्टीरियल) में से, जिन्होंने पांच साल की नियमित सेवा पूरी कर ली हो.

(ii) केंद्र सरकार के मंत्रालयों या विभागों के ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर समकक्ष पदों पर कार्यरत हैं; या केंद्र सरकार के ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स के लेवल-6 (35400-112400 रुपये) में पांच साल की नियमित सेवा पूरी कर ली है.

(iii) विभागीय सहायक जिन्होंने पे मैट्रिक्स के लेवल-6 (35400-112400 रुपये) में पांच साल की नियमित सेवा पूरी कर ली है. और

(बी) 'इंस्टीट्यूट ऑफ सेक्रेटेरियट ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट' द्वारा आयोजित 'कैश एंड अकाउंट्स' कोर्स सफलतापूर्वक पास किया हो, और नकद, लेखा तथा बजट के काम में कम से कम तीन साल का अनुभव हो.

(सी) उपरोक्त पद के लिए मेडिकल श्रेणी 'SHAPE 1' है.

(ए) शर्तें:

नोट 1- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें इस नियुक्ति से ठीक पहले उसी या केंद्र सरकार के किसी अन्य संगठन या विभाग में किसी अन्य 'एक्स-कैडर' पद पर बिताई गई प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः पांच वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

नोट 2- भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के वे इंस्पेक्टर (कॉम्बैटेंट मिनिस्टीरियल) जिन्हें प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त किया गया है, उन्हें ही (मूल विभाग में) स्थायी रूप से समायोजित करने पर विचार किया जा सकता है.

(बी) वेतन और भत्ते:

प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त होने वाले अधिकारी का वेतन और भत्ते, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009/Estt. Pay-II दिनांक 17-06-2010 के अनुसार निर्धारित किए जाएंगे.

(सी) समावेशन:

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के इंस्पेक्टर (कॉम्बैटेंट मिनिस्टीरियल) जिन्हें प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त किया गया है, उन्हें केवल इंस्पेक्टर (लेखाकार) के पद पर समावेशन के लिए विचार किया जा सकता है. इंस्पेक्टर (कॉम्बैटेंट मिनिस्टीरियल) से इंस्पेक्टर (लेखाकार) के पद पर समावेशन के लिए पात्रता मानदंड इस प्रकार हैं:

(i) आईटीबीपी में प्रतिनियुक्ति के आधार पर इंस्पेक्टर (लेखाकार) के रूप में एक वर्ष की नियमित सेवा.

(ii) संबंधित व्यक्ति की इंस्पेक्टर (लेखाकार) के पद पर समावेशन के लिए सहमति, साथ ही संबंधित कार्यालय प्रमुख की सिफारिश.

(iii) मेडिकल श्रेणी - SHAPE 1

(iv) कार्यालय प्रमुख द्वारा यह प्रमाण पत्र कि संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कोई विभागीय जांच या सतर्कता मामला लंबित नहीं है और न ही ऐसा कोई मामला शुरू करने पर विचार किया जा रहा है.

(v) उसकी सत्यनिष्ठा पर कोई संदेह नहीं होना चाहिए.

(vi) पिछले 5 वर्षों की वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट में कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं होनी चाहिए.

(vii) पिछले 5 (पाँच) वर्षों के दौरान कोई बड़ा दंड न मिला हो, और पिछले 01 (एक) वर्ष के दौरान कोई छोटा दंड न दिया गया हो.

(डी) अयोग्यता:

(i) यदि ITBP का कोई इंस्पेक्टर (कॉम्बैटेंट मिनिस्टीरियल), जिसे प्रतिनियुक्ति के आधार पर इंस्पेक्टर (लेखाकार) के पद के लिए चुना गया है, वह इस पद पर स्थायी रूप से शामिल होने के लिए अपनी अनिच्छा जताता है, तो उसे भविष्य में इंस्पेक्टर (लेखाकार) के पद पर स्थायी रूप से शामिल होने के लिए अयोग्य माना जाएगा.

(ii) ITBP का कोई इंस्पेक्टर (कॉम्बैटेंट मिनिस्टीरियल) जिसे पहले अपनी अनिच्छा के कारण इंस्पेक्टर (लेखाकार) के पद पर प्रतिनियुक्ति/स्थायी रूप से शामिल होने के लिए अयोग्य घोषित किया जा चुका है, उसे इंस्पेक्टर (लेखाकार) के पद पर नियुक्ति के लिए विचार में नहीं लिया जाएगा.

(ई) अन्य शर्तें:

(i) चयनित व्यक्तियों को भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है.

(ii) ITBP में इंस्पेक्टर (लेखाकार) का पद 'कॉम्बैटाइज्ड' (सशस्त्र बल प्रकृति का) है. प्रतिनियुक्ति या समावेशन के लिए चुने गए व्यक्तियों पर आईटीबीपीएफ अधिनियम-1992 और आईटीबीपीएफ नियम-1994 लागू होंगे.

(iii) चयनित व्यक्तियों को नियमों के अनुसार वर्दी रखरखाव भत्ता पाने की अनुमति होगी. वेतन से सामान्य आयकर की कटौती की जाएगी, जो सिविल अधिकारियों पर लागू होती है.

(iv) अधिकारी 'अवकाश यात्रा रियायत' (एलटीसी) के हकदार होंगे, जो समय-समय पर संशोधित सीसीएस (एलटीसी) नियम, 1988 के अनुसार देय होगा.

3. इच्छुक और उपयुक्त व्यक्तियों के आवेदन, उचित माध्यम से, निर्धारित प्रपत्र (संलग्नक-II) में उनके बायोडाटा के साथ भेजे जाने चाहिए. इसके साथ पिछले 05 वर्षों (यानी 2019 से 2023 तक) के अद्यतन ACR/APAR डोजियर (प्रत्येक पृष्ठ की सत्यापित प्रतियां), DE/सतर्कता क्लीयरेंस प्रमाणपत्र और पहचान प्रमाणपत्र भी संलग्न होने चाहिए. ये सभी दस्तावेज इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के 06 सप्ताह के भीतर 'वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (स्थापना), महानिदेशालय, आईटीबीपी, गृह मंत्रालय/भारत सरकार, ब्लॉक-2, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003' के पते पर पहुंच जाने चाहिए. आवेदन पत्र, पद का विवरण, योग्यता, पात्रता मानदंड आदि की जानकारी आईटीबीपी की आधिकारिक वेबसाइट www.itbpolice.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है. एक बार नामित किए जाने के बाद, किसी भी व्यक्ति को अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

4. अधूरे आवेदन, आवेदन की अग्रिम प्रति और निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें तुरंत खारिज कर दिया जाएगा.

उप महानिरीक्षक (स्थापना)
अनुबंध-II

आईटीबीपीएफ में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ..... के पद के लिए आवेदन

उम्मीदवार की हाल ही की पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएं

1.	नाम (बड़े अक्षरों में)	
2.	फोर्स नंबर (यदि कोई हो)	
3.	कार्यालय/विभाग/मंत्रालय का नाम	
4.	वर्तमान पद और उस पर कार्यभार संभालने की तिथि	
5.	वर्तमान वेतनमान	
6.	जाति श्रेणी (GEN/OBC/SC/ST)	
7.	शैक्षिक योग्यता	
8.	मेडिकल श्रेणी का विवरण	
9.	जन्म तिथि	
10.	ISTM से किए गए कैश और अकाउंटेंट कोर्स की अवधि	
11.	कैश, अकाउंट्स और बजट के काम में अनुभव का विवरण	
12.	पद से संबंधित कोई अन्य जानकारी जो ऊपर दिए गए कॉलम में शामिल नहीं है	

स्थान : ..... आवेदक के हस्ताक्षर
दिनांक:..... नाम:.....
पदः .....

आवेदक के कार्यालय/विभाग प्रमुख द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण-पत्र

1. प्रमाणित किया जाता है कि ..... द्वारा दी गई जानकारी सही है और उनके पास विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव मौजूद हैं.
2. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता मामला लंबित नहीं है और न ही ऐसा कोई मामला विचाराधीन है; सतर्कता के दृष्टिकोण से वे पूरी तरह स्पष्ट हैं.
3. पिछले 5 वर्षों (2019 से 2023) के उनके पूर्ण CR डोजियर/APAR (सत्यापित प्रतियां) संलग्न हैं.
4. उनकी सत्यनिष्ठा पर कोई संदेह नहीं है, यह प्रमाणित किया जाता है.
5. पिछले 5 (पांच)/1 (एक) वर्ष के दौरान उन पर कोई बड़ा या छोटा दंड नहीं लगाया गया है.
6. उनकी वर्तमान मेडिकल श्रेणी ..... है (हेल्थ कार्ड की प्रति संलग्न है).
7. इंस्पेक्टर (लेखाकार) के पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए चुने जाने की स्थिति में, उन्हें आईटीबीपीएफ में कार्यभार संभालने हेतु उनके वर्तमान कर्तव्यों से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

स्थान : ..... हस्ताक्षरः.....
दिनांकः ..... नाम:.....
पद और आधिकारिक मुहर
टेलीफोन नंबर : .....

CBC 19143/11/0017/2627 EN 31/35

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग

Competition Commission of India

9वां तल, ऑफिस टॉवर-1, किदवई नगर (पूर्व)
नई दिल्ली

Fair Competition For Greater Good

NOTICE

महानिदेशक कार्यालय, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर पद भरना.

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, जो कारपोरेट कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक विनियामक निकाय है, का.ज्ञा. संख्या ए-12011/2/2026-मासं दिनांक 12.10.2026 के माध्यम से निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु केंद्र/राज्य सरकारों/केंद्र या राज्य सरकारों के स्वायत्त निकायों आदि के पात्र एवं इच्छुक अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित करता है:-

क्र.सं.	पद का नाम	पदों की संख्या @	वेतन स्तर (7वां सीपीसी)
क	प्रोफेशनल स्टाफ:		
1.	अपर महानिदेशक	02	स्तर 13A (131100-216600 रुपये)
2.	संयुक्त महानिदेशक	07	स्तर 13 (123100-215900 रुपये)
3.	उप महानिदेशक	12	स्तर 12 (78800-209200 रुपये)
ख	प्रशासनिक स्टाफ:		
1.	उप महानिदेशक (कारपोरेट सेवा)	01	स्तर 12 (78800-209200 रुपये)
2.	सहायक महानिदेशक (कारपोरेट सेवा)	03	स्तर 11 (67700-208700 रुपये)
3.	कार्यालय प्रबंधक (कारपोरेट सेवा)	04	स्तर 09 (53100-167800 रुपये)

@ इन रिक्तियों में बिना कोई सूचना दिए परिवर्तन किया जा सकता है.

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में उचित माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि 21.12.2026 (सांय 5:00 बजे तक) है. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.cci.gov.in पर जाएं या कार्य दिवसों में टेलीफोन नंबर 011-24664100 पर संपर्क करें.

CBC 07112/11/0003/2627 EN 31/31

भारत का सर्वोच्च न्यायालय

संख्याः F.3/2026-SC (RC)
दिनांकः 15 अक्टूबर, 2026

भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो **1 अक्टूबर, 2026** तक निम्नलिखित योग्यताओं और अन्य पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं. यह भर्ती **'जूनियर कोर्ट अटेंडेंट'** (ग्रुप 'C' नॉन-क्लेरिकल पद) के 130 संभावित रिक्त पदों को सीधी भर्ती के माध्यम से भरने के लिए एक पैनल तैयार करने हेतु की जा रही है. यह पद पे-मैट्रिक्स के लेवल 3 (अर्थात 21,700 - 69,100 रुपये) में आता है, जिसमें शुरुआती मूल वेतन 21,700 रुपये और साथ में अन्य भत्ते दिए जाएंगे.

प्रशासनिक आवश्यकताओं और/या रजिस्ट्री की जरूरतों के कारण 'जूनियर कोर्ट अटेंडेंट' के पदों की संख्या में बदलाव हो सकता है. सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी से रजिस्ट्री को ऐसे बदलाव करने का अधिकार है. यदि आवश्यकता होती है, तो रजिस्ट्री के पास बिना कोई नोटिस दिए चयन प्रक्रिया को रद्द करने, सीमित करने, बढ़ाने, संशोधित करने या बदलने का अधिकार भी सुरक्षित है. चयन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकार सक्षम प्राधिकारी के पास सुरक्षित हैं.

योग्यताः-

1. सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त किसी बोर्ड/संस्थान से कम से कम 10वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है.
2. सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त किसी बोर्ड/संस्थान से अधिकतम 12वीं कक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है.

आयु सीमाः-

1 अक्टूबर, 2026 तक, उम्मीदवारों की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए. उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा 27 वर्ष है. हालाँकि, भारत सरकार के नियमों के अनुसार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर), दिव्यांग व्यक्तियों और पूर्व सैनिकों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जाएगी. स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को निर्धारित आयु सीमा के अतिरिक्त अधिकतम 5 वर्ष तक की छूट दी जाएगी. विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और अपने पतियों से कानूनी रूप से अलग हो चुकीं (जिन्होंने दोबारा शादी नहीं की है) महिलाओं के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट 35 वर्ष तक है [अपिव (नॉन-क्रीमी लेयर) के लिए 38 वर्ष और अजा/अजजा के लिए 40 वर्ष]. भारत के सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री के विभागीय उम्मीदवारों के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं होगी. अन्य सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/वैधानिक निकायों/राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि में कार्यरत उम्मीदवारों को आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी.

आरक्षणः-

आरक्षण का लाभ 'सुप्रीम कोर्ट ऑफिसर्स एंड सर्वेंट्स (कंडीशन्स ऑफ सर्विस एंड कंडक्ट) रूल्स, 1961' के नियम 4A के अनुसार दिया जाएगा.

जूनियर कोर्ट अटेंडेंट के पद के लिए परीक्षा योजना और सामान्य निर्देशों की विस्तृत जानकारी, भारत के सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट **www.sci.gov.in** पर अपलोड किए गए विस्तृत विज्ञापन में देखी जा सकती है.

ऑनलाइन आवेदन शुरू होने/समाप्त होने की तारीखः

ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण शुरू होने और अंतिम तारीख की जानकारी भारत के सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट **www.sci.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है.

(महाबीर सिंह)
उप रजिस्ट्रार (भर्ती)

EN 31/27

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड / IREL (India) Limited

(भारत सरकार का उपक्रम-परमाणु ऊर्जा विभाग)
(A Government of India Undertaking-Dept. of Atomic Energy)
CIN: U15100MH1950GOI008187

विज्ञापन संख्या. CO/HRM/36/2026

रिक्ति परिपत्र / सूचना

